फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 32, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : कमला हैरिस 16

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा 15

## केजरीवाल ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली, एजेंसी

- धनशोधन करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शनिवार को ही मिली थी जमानत

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति से संबंधित कथित तौर पर धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उन्हें जारी किए गए सभी नौ समन के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मौज जैन की पीठ इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई कर सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बार-बार समन पर उसके समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। इस मामले में शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में वह पेश हुए थे, जहां उन्हें शर्तों के साथ जमानत मिल गई थी।

राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा की अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी केजरीवाल को 15,000 रुपये के जमानत बांड या इतनी ही रुपए की जमानत राशि जमा करने की शर्त पर जमानत अर्जी मंजूर की थी।

## पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा पर सीट बंटवारे में नाइंसाफी करने का आरोप

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है। पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का एलान किया था। पारस ने संवाददाता सम्मेलन में अपने इस्तीफे के बारे में संक्षिप्त बयान दिया, लेकिन अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया। पारस ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी और निष्ठा के साथ राजग की सेवा की लेकिन उनके साथ नाइंसाफी हुई। पारस की पार्टी के प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि पार्टी नेता जल्द मिलकर आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे। उन्होंने साफ किया कि पारस चुनाव लड़ेंगे।

### झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन

रांची/नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने पार्टी को झटका देते हुए मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफे में सीता ने कहा कि उनके पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद पार्टी ने उन्हें तथा उनके परिवार को पर्याप्त सहयोग नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह झामुमो में उपेक्षित महसूस कर रही थीं।

## गोल्फ कोर्स भूमि मामले में यथास्थिति के निर्देश

नैनीताल, एजेंसी

- कोर्ट ने कहा- वैकल्पिक भूमि के बारे में 22 मई तक कराएं अवगत

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार के औद्योगिक आस्थान (सिडकुल) में गोल्फ कोर्स के लिये प्रस्तावित लगभग 78 एकड़ भूमि पर आवासीय कालोनी बनाये जाने के मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश जारी कर दिए।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने हरिद्वार निवासी अरूण कुमार की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किए। अदालत ने सिडकुल को गोल्फ कोर्स के लिए वैकल्पिक भूमि के बारे में भी 22 मई तक जवाब देने को कहा है। सिडकुल की ओर कहा गया कि गोल्फ कोर्स के लिए प्रस्तावित 78 एकड़ भूमि पर आवासीय कालोनी बनाए जाने का प्रस्ताव है। दूसरी याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि औद्योगिक नीति के अनुसार पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिये प्रत्येक सिडकुल में ग्रीन बेल्ट का प्रावधान किया जाना आवश्यक है। पीठ ने अंत में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्यता की ली शपथ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं।

### कार से पांच किग्रा अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

अजमेर। राजस्थान में अजमेर संभाग के केकड़ी जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को कार से पांच किलोग्राम अफीम बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग से एक कार में मादक पदार्थ परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 बांदनवाड़ा सीमा से निकल रही कार को रुकवा कर जब तलाशी ली तो उसमें से मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई।

## सुप्रीम कोर्ट का सीएए पर रोक से इनकार, केंद्र सरकार को नोटिस

- तीन सप्ताह में पक्ष रखने को कहा अगली सुनवाई नौ अप्रैल को
- 237 याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को केंद्र ने मांगे 4 सप्ताह

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तत्काल रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। कहा कि अधिनियम (सीएए) किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। याचिकाकर्ताओं के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है।

### ..तो अपरिवर्तनीय हो जाएगी पूरी प्रक्रिया

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने चार सप्ताह का समय देने की केंद्र के अनुरोध का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने पीठ से बार -बार अनुरोध किया कि कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल मेहता से बयान देने को कहें कि इस बीच (याचिकाओं पर फैसला होने तक) किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि एक बार नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि ' 'मैं कोई बयान नहीं देने जा रहा हूं।

पीठ ने कहा कि हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की गुहार ठुकराते हुए कहा कि हम

### मुस्लिम लीग व अन्य ने दायर की हैं याचिकाएं

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले को नौ अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने 15 मार्च को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का पक्ष रख रहे सिब्बल की शीघ्र सुनवाई की गुहार स्वीकार करते हुए मामले को 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। याचिका में अदालत से केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की गुहार लगाई गई है कि मौजूदा रिट याचिका पर फैसला आने तक किसी भी धर्म या संप्रदाय के सदस्य के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं हो सकती।

पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन से संबंधित मामला

## मानहानि नोटिस का जवाब नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु को किया तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने कहा-बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर रखें अपना पक्ष

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव को पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के जवाब दाखिल करने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और उनके बारे में कहा कि वे विज्ञापन के मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी करार दिए गए थे। इस पर उनका पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कड़ी आपत्ति जताई।

पीठ ने रोहतगी से कहा कि आप हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर सकते हैं...पहले हमारे हाथ बंधे हुए थे। पीठ ने उनसे कहा कि आप नोटिस का जवाब नहीं दे रहे और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत ने रोहतगी की राहत देने संबंधी तमाम दलीलें खारिज करते हुए कहा कि आदेश में संशोधन का कोई सवाल ही नहीं है। शीर्ष अदालत ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर 29 फरवरी को सुनवाई करते हुए संबंधित कंपनी और उसके एमडी आचार्य बालकृष्ण को कारण बताओ अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा था कि पूरे देश को धोखा दिया जा रहा है। पीठ ने केंद्र सरकार को विज्ञापन मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं करने लिए फटकार लगाई थी और कहा था कि चेतावनी के बावजूद भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने पतंजलि को बीपी, मधुमेह, अस्थमा और कुछ अन्य बीमारियों से संबंधित सभी विज्ञापन जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर भ्रामक विज्ञापन जारी रखने के लिए पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण को अदालत की अवमानना का कारण बताओ नोटिस जारी किया था। पीठ ने कहा था कि अदालत बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अवमानना कार्रवाई मामले में पक्षकार बनाएगी, क्योंकि दोनों की तस्वीरें विज्ञापन में हैं। शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद को कई बीमारियों के इलाज के लिए उसकी दवाओं के विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे करने के लिए पिछले साल नवंबर में आगाह किया था।

## शादीशुदा प्रेमी जोड़े ने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- प्रेमिका की मौत, प्रेमी अस्पताल में भर्ती, हालत खतरे से बाहर
- प्रेमी, प्रेमी की पत्नी व एक अन्य महिला पर मुकदमा

**अमृत विचार :** प्रेमी की पत्नी आड़े आई तो प्रेमी ने अपने ही घर पर प्रेमिका के साथ जहर खा लिया। दोनों को डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रेमिका की मौत हो गई। जबकि प्रेमी का उपचार जारी है। प्रेमिका के पति की तहरीर पर बनभूलपुरा थाना पुलिस ने प्रेमी, प्रेमी की पत्नी व एक अन्य महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सावित्री कालोनी बनभूलपुरा निवासी राजेश गुप्ता अपनी पत्नी लता और तीन बच्चों के साथ रहता है। पुलिस के मुताबिक राजेश की पत्नी लता का क्षेत्र के ही रहने वाले दो बच्चों के पिता वसीम से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि रविवार को वसीम की पत्नी फिरदौस अपनी एक महिला साथी के साथ राजेश के घर पहुंची और लता को जबरन अपने घर ले गई। जहां उसके साथ मारपीट की गई। वसीम भी वहीं मौजूद था। वसीम पत्नी को तलाक देकर लता के साथ रहने की जिद्द पर अड़ा था।

परिवार के विरोध के बीच वसीम और लता ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर फिरदौस दोनों को एसटीएच लेकर पहुंची। जहां उपचार के दौरान लता की मौत हो गई। जबकि वसीम की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इधर, मृतका के पति राजेश ने वसीम, वसीम की पत्नी फिरदौस व एक अन्य महिला के खिलाफ तहरीर दी। बनभूलपुरा एसओ नीरज भाकुनी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। लता के तीन और वसीम के दो बच्चे हैं। मामला खासा चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मोदी की गारंटी का हश्र इंडिया शाइनिंग वाला होगा : खरगे

- सीडब्ल्यूसी की बैठक में लोस चुनाव के घोषणा पत्र पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गारंटी का वही हश्र होगा जो वर्ष 2004 में 'इंडिया शाइनिंग' (भारत उदय) नारे का हुआ था।

उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणापत्र को घर-घर तक ले जाना होगा। कार्य समिति ने खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए भी अधिकृत किया। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय- भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं। अगले कुछ दिनों के भीतर कांग्रेस अपना घोषणापत्र जारी कर सकती है।

## घर में घुसकर दो भाइयों का काटा गला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 10 और छह साल के हैं दोनों भाई, घटनास्थल पर ही रुका रहा हत्यारोपी, पुलिस ने पकड़ा
- गुस्साई भीड़ ने आसपास के कई खोखों में लगाई आग, पुलिस से धक्का-मुक्की, नारेबाजी

> एक व्यक्ति द्वारा दो बच्चों की उनके घर में घुसकर गला काटकर हत्या कर दी गई। अभी हत्या के कारण की जानकारी नहीं हो सकी है। आक्रोशित भीड़ ने खोखों में आग लगाई थी। उन्हें समझा दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।
>
> – मनोज कुमार, जिलाधिकारी

**अमृत विचार :** नाई की दुकान करने वाले युवक ने घर में घुसकर 10 और छह साल के दो भाइयों की चाकू और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। तीसरे भाई को मारने का प्रयास किया लेकिन वह बचकर भाग आया। हत्या करने के बाद आरोपी वहीं खड़ा रहा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दो बच्चों की हत्या से गुस्साए लोगों ने मंडी पुलिस चौकी पर प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की। खोखों में आग लगा दी और पथराव किया। सूचना पर जिलाधिकारी, एसएसपी मौके पर पहुंच गए। हत्या की वजह पता नहीं चल सकी है।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार रुद्रपुर में रहकर ठेकेदारी करते हैं। उनकी पत्नी और तीन बेटे आयुष (10), आहन प्रताप (6) और पीयूष घर पर रहते हैं। मंगलवार देर शाम विनोद के घर के सामने नाई की दुकान करने वाला जावेद उनके घर पहुंचा। विनोद की पत्नी से कहा कि उसकी पत्नी गर्भवती है और अस्पताल में भर्ती है। उसका मन नहीं लग रहा। कुछ देर के लिए यहीं रुक जाता हूं। इसी बीच वह छत पर चला गया। वहां अचानक आयुष और आहन प्रताप की छुरे और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह वहीं पर खड़ा रहा। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार करके ले गई। दो बच्चों पर गुस्साई भीड़ मंडी पुलिस चौकी पहुंची। गाड़ियों पर पेट्रोल डालने की कोशिश की। भीड़ मंडी चौराहे से हटकर हत्यारोपी की दुकान पर पहुंची। इसके बाद मंडी चौराहा और आवास विकास के आसपास खोखों में आग लगा दी। परिजन घर से शव नहीं उठाने दे रहे थे। डीएम व एसएसपी के समझाने पर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

## चीनी वीजा घोटाले में कार्ति चिदंबरम कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी के आरोप पत्र पर कांग्रेस सांसद व अन्य को समन

दिल्ली की एक अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य को समन जारी कर पांच अप्रैल को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों को तलब किया। न्यायाधीश ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन को और कुछ कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित छह अन्य को पांच अप्रैल को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। आरोपियों में पदम दुगार, विकास मखारिया, मंसूर सिद्दीकी, दुगार हाउसिंग लिमिटेड, एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और तलवंडी साबो पावर लिमिटेड भी शामिल हैं। ईडी ने 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से संबंधित कथित घोटाले में आरोपियों के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। कथित घोटाले के समय कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे।

मिली सफलता

पूर्व डीन वेटरिनरी डॉ. एनएस जादौन दस वर्षों से पशुओं पर आजमा रहे थे तकनीक, ऊतक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में गेम चेंजर साबित हो रही है यह खोज

## पशुओं की पुनर्योजी चिकित्सा में सार्थक हुई 'स्टेम सेल थेरेपी'

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार:** मनुष्य की पुनर्योजी (रीजेनरेटिव) चिकित्सा में स्टेम सेल थेरेपी बहुत कारगर साबित हो रही है। इससे प्रेरित होकर पंतनगर विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक ने दस वर्षों के परिश्रम के बाद अलग-अलग जानवरों के उपचार में इसका प्रयोग कर उन्हें पूरी तरह स्वस्थ करने में सफलता हासिल की है।

जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. एनएस जादौन ने बताया कि पिछले एक दशक के दौरान कई प्रयोग करने के बाद उन्होंने पाया कि स्टेम सेल थेरेपी ने पुनर्योजी चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं में अपनी सार्थकता साबित की है। यह तकनीक ऊतक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक गेम चेंजर के रूप में कार्य कर रही है।

जब पारंपरिक उपचार के तौर-तरीके कम प्रभावी हुए, तब उन्होंने प्रत्येक प्रयोग के साथ प्रयोगशाला में अलगाव, प्रसार, विभेदन, समर्पण, लक्षण, वर्णन, सत्यापन और पुनर्वेधीकरण के लिए आवश्यकतानुसार मानकीकरण और अनुकूलन किया। जिससे आशाजनक परिणाम प्राप्त हुए। इसमें स्टेम सेल आधारित चिकित्सीय व मानकीकरण का अनुकूलन काफी प्रभावी पाया गया। जो पशुओं के शरीर पर कम से कम प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

### क्या है स्टेम सेल




प्रारंभिक जीवन और विकास के दौरान शरीर में विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं के रूप में विकसित होने की विशिष्ट क्षमता स्टेम सेल्स में होती है। इन सेल्स को हड्डी, उपास्थि, कंडरा, लिगामेंट, कंकाल व हृदय की मांसपेशी की मरम्मत में प्रयोग किया जा सकता है। सेल्स उपयोगी वृद्धि कारक और साइटोकिंस का उत्पादन करती हैं, जो क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत में मदद करती हैं। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए डॉ. जादौन ने अस्थि मज्जा मूल के मेसेनकाइमल स्टेम कोशिकाओं को अलग करने, प्रचारित और विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं में अंतर जानने सहित विशिष्ट जीनों की अभिव्यक्ति और सतह मार्कर नैदानिक की खोज करने के लिए इस पर शोध करने की सोची और दस वर्षों में सफलता हासिल की।

### विभिन्न जानवरों पर यह रहे परिणाम

डॉ. एनएस जादौन

अस्थि मज्जा मोनोन्यूक्लिएटेड कोशिकाओं और टीजीएफ-बीटा वन का उपयोग क्षतिग्रस्त परिधीय तंत्रिका की चोटों के इलाज में सफलतापूर्वक किया गया। एक्स-विवो युक्त ऑटोलॉगस बोनमैरो से उत्पन्न मेसेनकाइमल स्टेम सेल का उपयोग बकरियों में कंडरा की मरम्मत के लिए किया गया। जिससे उपचारित पशुओं में घायल कंडरा की जल्द और बेहतर रिकवरी हुई। साथ ही हेपेटोसाइटिक स्टेम सेल और सोने के नैनोकणों के संयोजन ने यकृत की कमी वाले कैनाइन रोगियों में जल्द और बेहतर रिकवरी की। जबकि हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल थेरेपी का उपचारित पशुओं के शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं मिला। कॉर्नियल घाव और अल्सर से पीड़ित जानवरों में केराटोप्लास्टी के साथ मेसेनकाइमल स्टेम सेल का इस्तेमाल किया गया। इसी तरह खरगोश समेत कई अन्य जानवरों पर भी शोध किए गए जो सफल रहे।

## एक नजर

### मौसम बदलाव से बढ़ रहे सर्दी जुकाम के मरीज

**नैनीताल :** नैनीताल में मौसम के साथ ही अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। रोजाना उपचार के लिए 700 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। बदलते मौसम में लोगों को सर्दी, जुकाम, बुखार व एलर्जी की शिकायत होने लगी है। इसके चलते बीडी पांडे अस्पताल में भीड़ लग रही है। डॉक्टरों की ओर से मरीजों को उपचार के साथ बासी व दूषित खाने से बचने की सलाह भी दी जा रही है। शहर में इन दिनों दिन में गर्मी हो रही है तो सुबह शाम ठंड हो रही है। मौसम परिवर्तन के समय में एलर्जी, सर्दी जुकाम व बुखार की शिकायत लेकर दर्जनों मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल का कहना है कि उनके पास रोजाना 150 मरीज पहुंच रहे हैं।

### जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम चक्र में आया बदलाव, हर 5 साल में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा नैनीताल का तापमान, मौसम वैज्ञानिक चिंतित

# बारिश और बर्फबारी घटने से सरोवर नगरी में लगातार बढ़ रहा तापमान

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** बदलते मौसम के लिए मशहूर नैनीताल में हालात अब पहले जैसे नहीं रहे। देश-दुनिया की तरह यहां का मौसम भी ग्लोबल वार्मिंग की वजह से प्रभावित हुआ है। नैनीताल में चार साल से बारिश और बर्फबारी लगातार कम हुई है और तापमान तेजी से बढ़ा है। वैज्ञानिकों की मानें तो हर पांच साल में 02 डिग्री तक शहर का तापमान बढ़ रहा है।

आर्य भट्ट प्रेक्षण विज्ञान एवं शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि बीते सालों में ग्लोबल वार्मिंग से सर्दियों में पहाड़ों का अधिकतम तापमान हर साल बढ़ रहा है। नैनीताल में ही पिछले कुछ साल में तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है जबकि बारिश और बर्फबारी में कमी आ रही है। मौसम वैज्ञानिक भी इस बात को लेकर चिंतित हैं। वहीं आसपास के क्षेत्र में लगातार वनाग्नि की घटनाएं भी सामने आ रही हैं जो ग्लोबल वार्मिंग और तापमान के बढ़ने का कारण माना जा रहा है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान एवं शोध संस्थान (एरीज) के वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार सर्दियों में भूमध्य सागर से उठने वाले चक्रवाती प्रवाह के साथ निचले वायुमंडल की गति भी बारिश बर्फबारी के लिए अहम होती है। पिछले कुछ सालों से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बावजूद बारिश-बर्फबारी में कमी आई है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान एवं शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह कहते हैं कि बीते सालों में ग्लोबल वार्मिंग ने निचले वायुमंडल को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। इससे नैनीताल का मौसम भी प्रभावित हुआ है। निचला वायुमंडल जमीन से पांच से सात किमी ऊपर तक होता है। इसमें पाई जाने वाली ऑक्सीजन, कार्बन डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन गैस ग्लोबल वार्मिंग से लगातार प्रभावित हो रही है। यही कारण है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बावजूद बर्फबारी एवं बारिश नहीं हो रही है। नैनीताल में दिसंबर-जनवरी-फरवरी से अब तक न तो बारिश हुई और न ही बर्फबारी।

#### पश्चिमी विक्षोभ के बाद भी नहीं हुई बारिश

एरीज के वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश और बर्फबारी के लिए पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता महत्वपूर्ण है। भूमध्य सागर से उठने वाले चक्रवाती प्रवाह के साथ ही निचले वायुमंडल की गतिकी सर्दियों में बारिश-बर्फबारी के लिए मददगार होती है। बीते कुछ वर्षों से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बावजूद बर्फबारी-बारिश का स्तर प्रभावित हो रहा है। यही कारण है कि पश्चिमी एवं उत्तरी भारत में बर्फबारी व बारिश कम हो रही है।

> सर्दियों की बारिश और बर्फबारी पर जलवायु परिवर्तन का असर पड़ रहा है। इससे काफी हद तक मौसम चक्र प्रभावित हुआ है। पहाड़ों में हर साल तापमान बढ़ना चिंता का विषय है।
>
> – **डॉ. नरेंद्र सिंह**, वरिष्ठ वायुमंडल वैज्ञानिक एरीज नैनीताल

#### रात और दिन के तापमान में 20 डिग्री का अंतर

**हल्द्वानी :** रात और दिन के तापमान में काफी अंतर दर्ज किया जा रहा है। दिन में जहां गर्मी पड़ रही है तो वहीं रात को तापमान में कमी आ रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 30 .4 डिग्री दर्ज किया गया है। दोपहर के समय गर्मी पड़ रही है। रात को तापमान में गिरावट आ रही है। न्यूनतम तापमान 10 .4 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री तक का अंतर दर्ज किया जा रहा है। आने वाले एक सप्ताह के बाद न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने लगेगी।

# आया-आया कन्हैया मेरी होली में, डाल गया रंग...

### पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच ने किया प्रतियोगिता का आयोजन, होली गायन प्रतियोगिता में आदर्श महिला होली ग्रुप रहा विजेता

पर्वतीय उत्थान मंच में आयोजित होली महोत्सव कार्यक्रम में होली के गीतों पर झूमतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

हिम्मतपुर तल्ला स्थित महेश शर्मा के निवास पर आयोजित होली महोत्सव कार्यक्रम में नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

नैनीताल में आयोजित होली कार्यक्रम में नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** होली गायन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीमों ने होली गीतों पर ऐसा समां बांधा कि वहां मौजूद लोग गीतों में थिरकने को मजबूर हो गए। प्रतियोगिता में आदर्श महिला होली ग्रुप (आदर्श नगर) विजेता रही।

मंगलवार को पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर के परिसर में आयोजित होली गायन कार्यक्रम में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में टीमों ने एक से बढ़कर होली गीतों पर प्रस्तुतियां देकर वहां मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता में कई राउंड के बाद आदर्श महिला होली ग्रुप (आदर्श नगर), गौरी माहेश्वर होली ग्रुप (सीएमटी कॉलोनी) और कुमाउनी लोक संस्कृति (संजय कॉलोनी आवास-विकास) के बीच कड़ी टक्कर हुई। आदर्श महिला होली टीम ने मगन भये भगवान शंकर पीके हलाहल भजन भये। आया-आया कन्हैया मेरी होली में डाल गया रंग मेरी झोली में गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि गौरी माहेश्वर होली ग्रुप (सीएमटी कॉलोनी) ने बिरन सिया हर लाये है री और हा होली आई रे आई रे गीत पर प्रस्तुति देकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुमाउनी लोक संस्कृति संजय कॉलोनी टीम ने फूलों में आई रे बहार ओ और मेरे घाघरे में घुंघरू लगा दे रसिया पर मनमोहक प्रस्तुति देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जय ईष्ट कृपा होली ग्रुप व मधुवन महिला होली टीम (जज फार्म), हल्द्वानी महिला मंडली (मुखानी), राधिका होली ग्रुप (बरेली रोड़) और पर्वतीय सांस्कृतिक कला मंच (काठगोदाम) की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के निर्णायक कुमुदुनी उपाध्याय, राधा द्विवेदी रहीं। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

वहां पर मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, महासचिव यूसी जोशी, सचिव देवेंद्र तोलिया, त्रिलोक बनोली, कैलाश जोशी, हरीश मेहता, लीलाधर पांडे, शोभा बिष्ट, पुष्पा, कमल किशोर, चंद्रशेखर परगाई, धर्म सिंह बिष्ट, भागरथी देवी, मधु संगुड़ी, पुष्पा नेगी आदि मौजूद रहे।

#### होली गायन प्रतियोगिता में प्रगति होली ग्रुप रहा प्रथम

**हल्द्वानी :** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा मंगलवार को होली गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गीत और स्वांग प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रगति होली ग्रुप ललदंत प्रथम, महिला मंडली मुखानी की टोली द्वितीय और फुलारा ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। टीम द्वारा भू-कानून पर किया गया स्वांग सर्वाधिक सराहा गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहां पर कार्यक्रम की अध्यक्षा सुनीति, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा रेनू अधिकारी व चंद्रिका बिष्ट मौजूद रहीं।

राष्ट्र सेविका समिति के होली महोत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं महिलाएं।

#### कांग्रेस नेता के आवास पर होली की धूम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव महेश शर्मा के हिम्मतपुर तल्ला स्थित आवास पर मंगलवार को महिलाओं की होली का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने विभिन्न भेष पहनकर स्वांग रचाकर खूब ठिठोले किये। मत जाओ पिया होली आय रही, रम बजो हरि भजो राधे श्याम, धन-धन सीता भाग तुम्हारे, होलियां व झोड़े गाकर खूब मनोरंजन किया गया। वहां पर मुख्य गायक नीमा अधिकारी, गीता शर्मा, तारा शर्मा, सोनू जोशी, भगवती जोशी, नंदिता रावत, दीपाली, रिचा बुढलाकोटी, गंगा थुवाल, साधना दत्त, पुष्पा तिवारी, चंपा राठौर, किरण शर्मा, इंदु रावत आदि मौजूद रहे।

#### 28वां फागोत्सव : महिला होलियारों ने बांधा समां

**नैनीताल :** श्री राम सेवक सभा द्वारा सभा प्रांगण में आयोजित फागोत्सव के तहत मंगलवार को महिला होलियारों ने होली गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। संपूर्ण ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी, पाषाण देवी महिला ग्रुप नैनीताल, नैनी महिला जागृति संस्थान, जागृत समूह नैनीताल, महिला होली दल कृष्णापुर, नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल, महिला होली समिति गेठिया नैनीताल ब्रेसाइड महिला समिति नैनीताल, महिला होली समिति रामलीला ग्राउंड शेर का डांडा के महिला होली दलों ने मंगलवार को फागोत्सव में प्रतिभाग किया। इस दौरान अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, भुवन बिष्ट, हरीश राणा, मुकेश जोशी मंटू, संरक्षक गिरीश जोशी मक्खन, विमल चौधरी, भुवन बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, हिमांशु जोशी, अशोक साह आदि मौजूद रहे।

## बर्बरता करने वाले अधिकारियों पर भी दर्ज हों मुकदमे

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारियों पर बर्बरता के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा के बाद से यहां खुशी देखने को मिल रही है। मंगलवार को नैनीताल में राज्य आंदोलनकारियों ने पत्रकार वार्ता कर सीबीआई कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। इस दौरान आंदोलनकारी पूरन मेहरा ने कहा कि घटना में शामिल तत्कालीन डीएम, एसएसपी समेत आईजी पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न ही बर्बरता करने वाले आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज हो सका है। केवल दो कांस्टेबलों पर कार्रवाई कर दी। वार्ता में मुन्नी तिवारी, शाकिर अली, मुकेश जोशी मंटू आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड की संस्कृति उड़ीसा में भी छायी

उड़ीसा भ्रमण पर ब्लॉक प्रमुखों का दल। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की संस्कृति से इन दिनों कुमाऊं मंडल के ब्लॉक प्रमुख उड़ीसा राज्य के लोगों को रूबरू करा रहे हैं। ब्लॉक प्रमुखों का नौ सदस्यीय दल इन दिनों उड़ीसा भ्रमण पर है। कुमाऊं की विशेष परंपराएं उड़ीसा में आकर्षण का केंद्र हैं। ब्लॉक प्रमुखों ने वहां ग्राम पंचायत रघुराजपुर का भ्रमण किया। ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि यहां की ग्राम पंचायत ने हस्त कला को आजीविका का माध्यम बनाया है।

### जांच में शुद्ध मिला शहर के वाटर प्यूरीफायर का पानी

**नैनीताल :** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटकों व स्थानीय लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किए गए वाटर प्यूरीफायर का पानी परीक्षण में शुद्ध पाया गया है। पालिका स्तर पर बिजली कनेक्शन से छूटे प्यूरीफायरों को चिह्नित कर उन्हें बिजली कनेक्शन से जुड़वाने की भी कवायद की जा रही है। बता दे कि शहर में सार्वजनिक स्थानों में पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं थी। इसे देखते हुए बीते वर्ष नगर पालिका द्वारा शहर भर में वाटर प्यूरीफायर स्थापित किए गए थे। मगर प्यूरीफायर स्थापित होने के ठीक बाद से ही पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे थे। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि लोगों की लगातार मिल रही शिकायत के बाद जल संस्थान से अलग-अलग क्षेत्रों के प्यूरीफायर से सैंपल लेकर पानी की गुणवत्ता की जांच कराई गई। इसमें पानी की गुणवत्ता शुद्ध पाई गई है।

### कैंप इंडिया पोस्ट का शिविर आज

**भीमताल :** भीमताल के समीप नौकुचियाताल में स्थानीय जनता की मांग पर कैंप इंडिया पोस्ट का शिविर 20 मार्च को दोबारा आयोजित किया जाएगा। मामले की जानकारी देते हुए जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने बताया कि पूर्व में लगे शिविर में कई लोगों के आधार कार्ड से संबंधित कार्य पूर्ण नहीं हो पाए थे।

### नवाचार के साथ किए गए उद्यम ही हमेशा सफल

**हल्दूचौड़ :** एलबीएस कॉलेज हल्दूचौड़ में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों ने अपने बिजनेस मॉडल की प्रस्तुत किए। महाविद्यालय की प्राचार्य अंजू अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में तकनीकी एवं नवाचार के साथ किए गए उद्यम ही सफल होते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के उत्तराखंड उद्यमिता केंद्र के संयोजक डॉ. विपिन चंद्र जोशी, डॉ. पूनम मियान आदि मौजूद रहे।

**हालात** स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर प्लॉट आवंटन करने की मांग

# औद्योगिक घाटी में हजारों नाली भूमि बंजर

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल का औद्योगिक क्षेत्र वैसे तो अधिकांश वीरान है लेकिन लगभग आधा दर्जन उद्योग भी हैं। सिडकुल की मानें तो केवल तीन औद्योगिक घराने ऐसे हैं जिन्होने भूमि तो आवंटित कराई पर उसमें उद्योग नहीं खोले। धरातल पर जहां पूर्व में 65 उद्योग खुले थे उसमें मात्र आधा दर्जन उद्योग संचालित हैं।

स्थानीय बेरोजगारों की मानें तो सिडकुल द्वारा समय-समय पर प्लॉटों के आवंटन के लिए विज्ञप्ति जारी की जाती है। पर उस की प्रक्रिया से अधिकांश लोग अनजान रहते हैं। वहीं विभागीय अधिकारियों की मानें तो 24 नाली भूमि पर एक विवाद न्यायालय में विचाराधीन है।

स्थानीय लोगों ने सिडकुल से शीघ्र विवाद का समाधान करने और स्थानीय लोगों को प्लॉट प्राथमिकता के आधार पर आवंटन करने की मांग की है।

> काफी ज्यादा जमीन का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। समय-समय पर विभाग द्वारा नियमानुसार प्लॉट आवंटित किए जाते हैं।
>
> –**कमल कफ्लटिया**, क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल

#### औद्योगिक क्षेत्र में संचालित हो रहा गेस्ट हाउस

औद्योगिक क्षेत्र में सिडकुल के नियम के विरुद्ध एक गेस्ट हाउस भी संचालित है। इस संदर्भ में क्षेत्रीय प्रबंधक कमल कफ्लटिया बताते हैं कि संचालक के पास यूपीएसआईडीसी की विशेष अनुमति है। स्थानीय होटल व्यवसाय करने वाले लोगों ने सिडकुल से भी विशेष अनुमति देने की मांग की है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक सिडकुल क्षेत्र में गेस्ट हाउस आदि संचालित नहीं किए जा सकते हैं।

#### आवंटित प्लॉट को किराये पर दे रहे उद्योगपति

कई लोगों ने आरोप लगाया है कि कई उद्योगपतियों ने अपने प्लॉट अन्य लोगों को किराये पर दे दिए हैं। इस प्रकार की व्यवस्था खत्म कर उत्पादन नहीं करने वाले औद्योगिक घरानों के आवंटन को समाप्त किया जाए। इस सदंर्भ में क्षेत्रीय प्रबंधक कमल कफ्लटिया ने कहा कि सिडकुल से अनुमति लेकर उत्पादन के लिए प्लॉट किसी और को दिया जा सकता है पर गोदाम व अन्य कार्य के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। सिडकुल ने खाली पड़े तीन प्लॉट स्वामियों को अपने प्लाटों में शीघ्र उत्पादन प्रारंभ करने या फिर प्लॉट को खाली करने का नोटिस भेजा है।

## सफाई के लिए पालिका की गाड़ियों के चक्कर बढ़ाए

**नैनीताल।** बीते कुछ दिनों पहले नगर पालिका के 10 कूड़ा वाहनों में से आठ के खराब होने से मेट्रोपोल में कूड़े का ढेर लग गया था। इससे पालिका की सफाई व्यवस्था पर कई सवाल उठा रहे थे। पालिका के कूड़ा वाहन ठीक होने के बाद जो वाहन दो चक्कर लगाते थे वह पांच चक्कर लगा रहे हैं। मंगलवार को भी पालिका की कूड़ा गाड़ियों ने पांच चक्कर लगाए। उधर, पेट्रोल पंप में तेल भी समाप्त हो गया था। इसके बाद व्यवस्था कर कूड़ा वाहनों में तेल डाला गया। पालिका अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि पालिका के कूड़ा वाहनों को ठीक करवा दिया गया है। जल्द ही से सारा कूड़ा साफ़ करवा दिया जाएगा।

## एक नजर

### 382 पाउच कच्ची शराब के साथ चार दबोचे

**रामनगर :** पुलिस ने चार लोगों से 382 अवैध पाउच कच्ची शराब के बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक मन्नू ठाकुर उर्फ मनोज निवासी कंजर पड़ाव भवानीगंज थाना रामनगर से 84 पाउच अवैध कच्ची शराब, विक्की सिंह राणा निवासी कंजर पड़ाव 97 पाउच कच्ची शराब, पप्पू सिंह निवासी ग्राम बेतखेड़ी थाना बाजपुर को कुल 150 पाउच कच्ची शराब व सुखदेव सिंह निवासी करैलपुरी पीरुमदारा को कुल 56 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनयम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

### चेकिंग दल ने पकड़ी दो लाख की नगदी

**रामनगर :** चुनाव को देखते हुए सक्रिय स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने बैलपड़ाव में मंगलवार को 2.06 लाख रुपये की नगदी पकड़ी है। बैलपड़ाव पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक गुलाब कांबोज ने बताया कि गढ़ीनेगी काशीपुर से हल्द्वानी जा रहे कार सवारों की चेंकिंग में यह नगदी बरामद हुई। नगदी हल्द्वानी कोषागार में जमा करा दी गई है। कार सवारों को नगदी का प्रमाण लाने के लिए सात दिन का समय दिया गया है।

### पुलिस को देख स्कूटी और शराब छोड़कर भागा तस्कर

**हल्दूचौड़ :** चौकी प्रभारी हल्दूचौड़ गौरव जोशी ने सोमवार देर सायं गौला गेट तिराहे के पास दबिश दी। इस दौरान लाल रंग की स्कूटी पर एक व्यक्ति शराब बेचते नजर आया। उसकी पहचान दीवान सिंह इंदिरानगर बिन्दुखत्ता थाना लालकुआं के रूप में की गई। उसको पकड़ने का प्रयास किया किंतु वह स्कूटी को छोड़कर भाग निकला। उक्त स्कूटी से 24 पव्वे मैकडॉल व्हिस्की अंग्रेजी शराब और 40 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए। वाहन कुशल सिंह निवासी इंदिरा नगर प्रथम बिंदुखत्ता थाना लालकुआं के नाम पर दर्ज होना पाया गया। पुलिस ने दीवान सिंह व कुशल सिंह के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है।

### चार महीने पहले तक पड़ोसी थे लता और वसीम, राज खुला तो खाली करा दिए गए दोनों के घर, दिल्ली भागने की बनाई थी योजना

# घर बदले लेकिन नहीं बदल सके लता और वसीम के रास्ते

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लता और वसीम के बीच पिछले करीब तीन साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। राज खुला तो इंद्रानगर में हंगामा हो गया। रिश्तों को बचाने के लिए दोनों के किराए के घर खाली करा दिए गए। दोनों के नए किराए के घर के बीच कई गलियों का फासला हो गया, लेकिन परिवार वाले लता और वसीम के रास्ते नहीं बदल सके।

लता। (फाइल फोटो)

लता और वसीम करीब चार माह पहले तक इंद्रानगर में रहते थे। तीन साल से चल रहे प्रेम प्रसंग का जब भंडाफोड़ हुआ तो दोनों परिवारों में तल्खी बढ़ गई। क्षेत्रीय लोगों के विरोध के बाद दोनों के मकान मालिकों ने घर खाली करा लिए। लता का पति राजेश अपने तीन बच्चों को लेकर सावित्री कालोनी में रहने लगा। वह ई-रिक्शा चला कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। जबकि वसीम अपनी पत्नी फिरदौस और दो बच्चों के साथ शनिबाजार के पास रहने लगा। परिवार को लगा कि घरों के बीच दूरी बढ़ेगी तो शायद दोनों अलग हो जाएं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दोनों परिवार की पीठ पीछे और ज्यादा मिलने लगे। कुछ दिन पहले दोनों ने दिल्ली भागने की योजना बना ली और फिरदौस को इसकी भनक लग गई। रविवार को फिरदौस अपनी महिला मित्र के साथ लता के घर पहुंच गई। उसके साथ मारपीट की और जबरन अपने घर ले आई। यहां पहले वसीम ने जहर ने खाया। हालत बिगड़ी तो उसे एसटीएच ले जाया गया और अस्पताल में ठीक लग रही लता की हालत भी बिगड़ गई। लता की तो रविवार को ही मौत हो गई। जबकि वसीम का अब भी उपचार चल रहा है।

पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पति से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

#### कई-कई दिन वसीम के साथ मायके में रही लता

लता का मायका सरना पदमपुरी में है। बताया जाता है कि लता कई कई दिन के लिए अपने मायके जाती थी और कई बार वह वसीम को भी अपने साथ लेकर जाती थी। वहां कई दिन रहती और फिर लौटती। राजेश के बड़े भाई ने बताया कि लता के मायके वालों ने भी कभी इस बात का विरोध नहीं किया। मायका पक्ष समझाता तो शायद यह नौबत नहीं आती।

#### एक साल पहले भी दोनों भाग गए थे बच्चे छोड़कर

राजेश ने बताया कि लता और वसीम ने सारी हदें लांघ दी थी। लता को कई बार बच्चों और समाज का हवाला दिया, लेकिन वह वसीम को छोड़ने को राजी नहीं हुई। जब ज्यादा दबाव डाला तो एक साल पहले दोनों घर से भाग गए। शिकायत पर पुलिस ने दोनों रुद्रपुर से बरामद किया था। वसीम जेल गया और लता को मुचलका भर कर छुड़ाया गया।

#### बच्ची बोली, आंटी ने मम्मी का मुंह खोलकर कुछ डाला

राजेश का कहना है कि फिरदौस जब लता को घर से लेकर गई तो सबसे छोटी बेटी भी उसके साथ थी। पूछने पर छोटी बेटी ने बताया कि फिरदौस आंटी ने अपने घर में मम्मी को मारा और जबरदस्ती उनका मुंह खोलकर कुछ डाल दिया। राजेश ने तो सीधा आरोप लगाया है कि फिरदौस व अन्य ने मारपीट कर जबरन लता को जहर खिलाया है।

## जहरखुरानी गिरोह का शिकार युवक लापता

**हल्दूचौड़:** बागेश्वर में मेहनत मजदूरी करने वाला नेपाली युवक 30 वर्षीय जनक शाही जहरखुरानी गिरोह का शिकार हुआ। उक्त युवक अपने चाचा के साथ 12 मार्च की शाम 7 बजे बागेश्वर से बनबसा को चला था। रुद्रपुर तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा, रुद्रपुर स्थित शंभू भोजनालय में जहर खुरानी गिरोह के कुछ लोगों ने उन्हें कुछ खिला दिया। इसके बाद दोनों को कुछ होश नहीं रहा। जनक शाही का चाचा तर्क बहादुर बेहोशी की हालत में बनबसा तक पहुंच गया जहां पुलिस ने घर से संपर्क कर उसे सुरक्षित घर तक पहुंचा दिया लेकिन जनक शाही कहां गया इसका कोई पता नहीं लग पाया। जनक शाही के परिजनों ने रुद्रपुर रम्पुरा बाजार चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिजनों ने बताया कि बिंदुखत्ता ट्रॉली लाइन मार्ग स्थित भगवती देवी मंदिर पर उसके देखे जाने की बात भी सामने आई है।

# डॉक्टर गए चुनाव ड्यूटी में, मरीजों की लगी भीड़

### बेस अस्पताल में ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार, डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीजों में हो रही थी बहस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बेस अस्पताल में मंगलवार को ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार रही। अस्पताल के चार डॉक्टरों को निर्वाचन ड्यूटी पर लगा दिया। जिस वजह से मरीज परेशान हो उठे। जो डॉक्टर मौजूद थे वही मरीजों को देख रहे थे।

जिला प्रशासन की ओर निर्देश दिया गया कि बेस अस्पताल के चार डॉक्टरों को चुनाव ड्यूटी में भेजा जाए। चार डॉक्टरों की ड्यूटी एमबीपीजी कॉलेज के निर्वाचन के चिकित्सा बोर्ड में लगा दी गई। इधर होली से पहले मरीजों की अस्पताल में लंबी कतार लग गई। मरीजों का कहना था कि होली आने वाली है। इसलिए वह लोग त्योहार से पहले डॉक्टरों को दिखाना चाह रहे हैं क्योंकि त्योहार के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों का मिलना मुश्किल हो जाता है। मंगलवार को अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों की परेशानी हो देखते हुए निर्वाचन ड्यूटी में एक फिजिशियन व एक नेत्र रोग विशेषज्ञ को भेजा। इन दोनों ही ओपीडी में एक-एक डॉक्टर उपलब्ध हो पाया। जिस वजह से मरीजों की लंबी कतार लग गई। दिक्कत तब और बढ़ गई जब प्रशासन ने अस्पताल प्रबंधन से सर्जन व ईएनटी सर्जन की भी चुनाव ड्यूटी के लिए मंगा लिए। इन दो ओपीडी में कोई डॉक्टर ही नहीं बैठा। ईएनटी व सर्जरी के मरीजों को वापस ही लौटना पड़ा। बताया गया कि निर्वाचन ड्यूटी से लौट के आने के बाद में डाक्टर दोबारा से ओपीडी में बैठे लेकिन तब तक मरीज जा चुके थे।

> ओपीडी में डॉक्टरों की व्यवस्था कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। चुनाव ड्यूटी की वजह से कुछ डॉक्टरों को एमबीपीजी कॉलेज भेजना पड़ गया था। डॉक्टर की ड्यूटी इस तरह लगायी जा रही है की ओपीडी पर ज्यादा असर पड़े।
> **-डॉ श्वेता भंडारी**, सीएमओ, नैनीताल

बेस अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

**01** फिजिशियन व एक नेत्र रोग विशेषज्ञ को भेजा, मरीजों की परेशानी हो देखते हुए निर्वाचन ड्यूटी में

#### इन विभागों में लगी लंबी कतार

बेस अस्पताल में मंगलवार को जनरल मेडिसन, अस्थि रोग और सर्जन विभाग की ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार थी। मरीजों में आपस में बहस तक हो रही थी। इसी तरह मरीजों को दवाएं लेने में काफी समय लग रहा था।

## बेस को दो दिन में मिला चौथा डॉक्टर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बेस अस्पताल में लगातार दूसरे दिन चौथे डॉक्टर की भी नियुक्ति हो गई। अनुबंध के नवीनीकरण होने के बाद चौथे डॉक्टर भी आ गए हैं। बेस अस्पताल में अनुबंध खत्म होने पर 29 फरवरी को चार डॉक्टरों ने सेवाएं देना बंद कर दिया था।

अनुबंध के नवीनीकरण होने के बाद अब चारों डॉक्टरों की नियुक्ति हो गई है। मंगलवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीपी पंत के अनुबंध का नवीनीकरण हो गया है। अब वह भी बेस अस्पताल में सेवाएं देंगे।

इससे पहले सोमवार में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण केसी, सेवानिवृत्त रेडियोलॉजिस्ट डॉ. डीएस नेई, एनेस्थेसिस्ट डॉ. आरएस सामंत ने भी अनुबंध के नवीनीकरण होने के बाद सेवाएं देना शुरू कर दिया है। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय से डॉक्टरों के अनुबंध के नवीनीकरण का आदेश मिल चुका है।

## दो समन भेजने के बाद भी मुख्य आरोपी नहीं पहुंची

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सुशीला तिवारी अस्पताल में बिलिंग घोटाले की जांच केवल बिल बुकों तक ही रूक गई है। समन के बाद भी मुख्य आरोपी महिला पूछताछ के लिए नहीं पहुंच रही है। जांच कमेटी मुख्य आरोपी से पूछताछ तक नहीं कर पाई है।

अस्पताल में दो हफ्ते पहले खुलासा हुआ था कि मैन्यूल तरीके से बनाए जा रहे बिलों में लाखों का घोटाला हुआ है। मामले में तीन महिला कर्मियों को आरोपी बनाया गया। मुख्य आरोपी महिला उपनल के तहत काम करती है। फिलहाल उसे सेवा से हटा दिया गया है। वित्त नियंत्रक बीते 1 साल की करीब 1.8 लाख बिलिंग रसीदों की जांच शुरू कर दी। प्राचार्य पूर्व में ही बिलिंग सेक्सन की दो महिला कर्मचारी को अपने कार्यालय से संबद्ध कर चुके हैं। दोनों महिला कर्मचारियों से पूछताछ हो गई है लेकिन अभी तक मुख्य आरोपी महिला से पूछताछ नहीं हो पाई है। वित्त नियंत्रक मुख्य आरोपी महिला को दो समन जारी कर चुके हैं। इसके बावजूद मुख्य आरोपी महिला जांच में सहयोग करने नहीं पहुंच रही है। इस वजह से जांच केवल बिल बुकों की जांच तक ही सीमित रह गई है।

#### जांच

- बिलिंग घोटाले में मुख्य आरोपी महिला से नहीं हुई पूछताछ
- 1.8 लाख रसीदों की हो रही है जांच

> बिलिंग गड़बड़ी मामले की जांच की जा रही है। मुख्य आरोपी महिला से अभी पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। वह अभी तक नहीं आयी है। महिला बयान देने के लिए नहीं आती है तो उसके खिलाफ जरूरी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **-एसपी सिंह**, वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

### अवैध खनन रोकने के लिए रास्तों पर खोदी खाई

**लालकुआं :** गौला नदी में हो रहे अवैध खनन पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार वाहनों से निकासी पर रोक लगाते हुए विधिक कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। साथ ही खुरियाखत्ता बिंदुखत्ता वासियों के संपर्क मार्ग पर जेसीबी ने गहरी खाई खोदकर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया है। उल्लेखनीय बीते कई दिनों से गौला नदी में अवैध खनन का धंधा जोरों पर चल रहा था। इसको लेकर कल वन विभाग के कर्मचारियों ने गौला नदी का निरीक्षण कर खुरिया खत्ता व श्रीलंका टापू वासियों के संपर्क मार्ग से हो रहे अवैध खनन को देखा था। उक्त संपर्क मार्ग पर गहरी खाई खोदकर उसे अवरुद्ध कर दिया है।

# सड़क किनारे खड़ी स्कूली वैन में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एक निजी स्कूल की वैन में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। वैन में आग की लपटें देख वहां मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। घटना के समय वैन में न तो स्कूली बच्चे थे और न ही चालक व शिक्षक। हादसे में गाड़ी में रखी स्कूल की ट्रॉफी व अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया।

तिकोनिया स्थित द्रोणा पब्लिक स्कूल में बुधवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था। मंगलवार को स्कूल के पीटी शिक्षक ललित स्कूल वैन से ट्रॉफी, शील्ड व पुरस्कार और अन्य वस्तुएं खरीदने कालाढूंगी रोड स्थित एक दुकान पर पहुंचे थे। चालक राकेश ने वैन को शोरूम के बाहर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। सभी शील्ड व सामान खरीद कर वैन में रख दिया गया।

इसके बाद शिक्षक और चालक बिल लेने के लिए दुकान पर पहुंचे ही थे कि अचानक खड़ी स्कूल वैन में आग लग गई। आग की घटना में सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। दमकल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना की तकनीकी जांच परिवहन विभाग की टीम को सौंपी गई है। स्कूल के प्रबंधक तरुण मठपाल ने बताया कि हादसे के समय स्कूल वैन में बच्चे नहीं थे। चालक और शिक्षक दोनों सुरक्षित हैं। बताया कि बुधवार को होने वाले आयोजन को स्थगित कर दिया गया है।

आग लगने से जली स्कूल वैन। ● अमृत विचार

#### पीरुमदारा में तीन दुकानें जलकर राख

**रामनगर :** पीरुमदारा बाजार में सोमवार की देर रात तीन दुकानें भीषण आग की चपेट में आ गईं। जब तक अग्निशमन दल पहुंचा तब तक सब कुछ राख हो गया।

ग्राम पीरुमदारा में सड़क किनारे सतपाल की तीन दुकानें हैं। अज्ञात कारणों के चलते सोमवार रात एक दुकान में भीषण आग लग गई। पड़ोस के लोगों ने घटना की जानकारी दुकान स्वामी सहित पुलिस एवं दमकल विभाग के कर्मचारियों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया, तब तक तीनों दुकानों में रखा सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया।

## लोहे का दरवाजा गिरने से कारीगर की गई जान

**रामनगर, अमृत विचार:** टांडा क्षेत्र में मंगलवार को एक निर्माणाधीन भवन में एक कारीगर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। बताया जाता कि कारीगर के ऊपर लोहे का दरवाजा गिरने से यह घटना घटित हई है।

मंगलवार सुबह गोरा कालोनी पूछड़ी निवासी बाबू अली (65वर्ष) ग्राम टांडा क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन में काम कर रहा था तभी अचानक उसके ऊपर लोहे का दरवाजा गिर गया। आनन-फानन में अन्य मजदूर उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बाबू अली को मृत घोषित कर दिया। उधर कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर ने स्कूटी सवार दंपति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मंगलवार देर शाम रानीखेत रोड पर डंपर ने स्कूटी सवार रिटायर शिक्षक और उनकी पत्नी को टक्कर मार दी। लखनपुर में हुए हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति मामूली रूप से घायल हैं। हादसे के बाद डंपर का ड्राइवर वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

एसएसआई द्वितीय मनोज नयाल ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे भरतपुरी निवासी चंद्रपाल अपनी पत्नी ओमवती देवी (उम्र 67) के साथ स्कूटी से बाजार की ओर जा रहे थे। रानीखेत रोड स्थित लखनपुर में सब्जी मार्केट के पास पीछे से आए डंपर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में सड़क पर गिरी ओमवती के सिर में गंभीर चोट लग गई। मौके पर एकत्र लोगों ने उन्हें तत्काल संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल चंद्रपाल एमपी इंटर कॉलेज से रिटायर शिक्षक थे 2014 में वह सेवानिवृत हो गए थे। मूल रूप से ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद के रहने वाले चंद्रपाल लंबे समय से रामनगर में रह रहे हैं। उनके के दो बेटे हैं। एक गुजरात में और दूसरा दिल्ली में कार्यरत है।

#### सुसाइड प्वाइंट से नीचे गिरा अज्ञात व्यक्ति

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल हल्द्वानी मार्ग पर भीमताल से 4 किलोमीटर नीचे हल्द्वानी की ओर स्टेट हाईवे 10 में सुसाइड रॉक से एक व्यक्ति के नीचे गिरने की सूचना मिली है। थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि गुजरने वाले वाहन चालकों द्वारा उनको सूचना प्राप्त हुई है कि सुसाइड रॉक से कोई व्यक्ति नीचे गिर गया है। इधर मामले की जानकारी प्राप्त होने के बाद भीमताल पुलिस मौके को रवाना हो गई है। थाना अध्यक्ष जगदीश नेगी के मुताबिक गिरे हुए व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

## बलियानाला ट्रीटमेंट की याचिका की निस्तारित

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नैनीताल का आधार कहे जाने वाले बलिया नाले में हो रहे भूस्खलन को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिका निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि अगर उन्हें लगता है कि कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी है तो वह फिर से प्रार्थनापत्र दायर कर कोर्ट को अवगत करा सकते है। मंगलवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि सरकार ने इसके ट्रीटमेंट के लिए टेंडर निकालकर काम शुरू कर दिया है, काम प्रगति पर है। सरकार के इस कथन पर कोर्ट ने जनहित याचिका निस्तारित कर दी।

मामले के अनुसार नैनीताल निवासी अधिवक्ता सैयद नदीम मून ने 2018 में उच्च न्यायालय में जनहित दायर कर कहा था कि नैनीताल के आधार कहे जाने वाले बलियानाले में हो रहे भूस्खलन से नैनीताल व इसके आसपास रह रहे लोगों को बड़ा खतरा हो सकता है। नैनीताल के अस्तित्व और लोगों को बचाने के लिए इसमे हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किया जाए।

**निर्णय** जुलाई माह में ही आवंटित हो पाएंगे नए कनेक्शन, गर्मी को देखते हुए जल संस्थान ने बनाई योजना

# तीन माह तक नहीं मिलेंगे पानी के नए कनेक्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जल संस्थान आगामी 1 अप्रैल से 30 मई तक नए उपभोक्ताओं को पानी के कनेक्शन नहीं देगा। इसमें कामर्शियल और नए निर्माण होने वाले भवनों को 3 माह तक के लिए कनेक्शन से वंचित होना पड़ेगा। विगत 3 माह में गर्मी चरम पर रहती है ऐसे में पानी की मांग भी बढ़ जाती है। इसको देखते हुए जल संस्थान ने 3 माह के लिए नए कनेक्शनों पर रोक लगा दी है।

गर्मी सीजन को देखते हुए जल संस्थान भी सजग हो गया है। विभाग ने 3 माह के लिए नए कनेक्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया हैं। अब नए कनेक्शन जुलाई माह में ही आवंटित किए जाएंगे। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि ग्रीष्मकाल सीजन को देखते हुए पहली अप्रैल से 30 जून तक नए कनेक्शन पर रोक लगा दी है। भवन निर्माण और व्यावसायिक कार्यों के प्रयोजन हेतु स्वीकृत कनेक्शन जिनका विभागीय शुल्क 31 मार्च तक जमा कराया जा चुका है। उन्हें ही विभागीय वितरण प्रणाली से जोड़ने की अनुमति दी जाएगी।

#### होली में नहीं होगी पानी की समस्या जल संस्थान ने की तैयारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** होली पर पानी की खपत को देखते हुए जल संस्थान ने इससे निपटने के लिए कमर कस ली है। शहर समेत अन्य इलाकों में शिफ्टों में पानी की आपूर्ति जल संस्थान पूरी कराएंगा। सुबह 9 बजे के बाद और दिन में 1 बजे के बाद पानी की आपूर्ति की जाएगी। ऐसे में होली वाले दिन लोग पानी की होली खेल पाएंगे जिसके बाद नहाने-धोने के लिए पर्याप्त पानी मिल पाएंगा। होली में शहरी आबादी समेत अन्य इलाकों में जल संस्थान पानी की आपूर्ति व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए तैयारियों में जुट गया है। इसके लिए विभाग ने नलकूपों व पेयजल लाइनों से सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति कराएंगा। जल संस्थान पानी की आपूर्ति के लिए 2 शिफ्टों में जलआपूर्ति देने की योजना में हैं। इधर जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि होली पर्व को देखेत हुए विभाग तैयारी में जुट गया है। होली वाले दिन पानी की सुचारू आपूर्ति रहेगी इसके लिए 2 शिफ्टों में पानी की आपूर्ति कराई जाएगी।

## बच्चों के साथ क्रिकेट खेला फिर फंदे पर लटक गया पिता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काम से लौटने के बाद पिता बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगा। कुछ देर बाद पिता कमरे में गया और फांसी लगा लगी। पत्नी ने बेटे की मदद से उसे नीचे उतारा। उसे पहले निजी अस्पताल और फिर एसटीएच ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

रामड़ी आनसिंह मुखानी निवासी गोविंद सिंह जीना (46 वर्ष) लालडांठ स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में काम करता था। वह यहां पत्नी बीना, 11वीं में पढ़ने वाले पारसऔर 9वीं में पढ़ने वाले बेटे यशके साथ रहते थे। गोविंद के चचेरे भाई देवेश ने बताया कि वह उनके घर के पास रहते थे। घटना के शाम ड्यूटी के लौटने के बाद गोविंद अपने बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगे। उस वक्त बीना घर पर नहीं थी। बच्चों के साथ खेलने के बाद पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि वह सीधे अपने कमरे में गए और पंखे के कुंडे से रस्सी फंसा कर फांसी लगा ली। बीना लौटी तो पति फंदे पर लटका तड़प रहा था। उन्होंने बड़े बेटे की मदद से गोविंद को फंदे से उतारा।

### आज विश्व गौरेया दिवस पर विशेष : विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी गौरैया की संख्या में हुई बढ़ोतरी, पक्षी प्रेमियों में खुशी

# घर-आंगन में लौट रही चुलबुली गौरैया की चहचहाहट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एकदम से फुर्र हो चुकी गौरैया की संख्या में बढ़ोतरी हुई है लेकिन इनकी संख्या वास्तव में कितनी बढ़ी है, अभी इसे लेकर कोई सर्वे नहीं किया गया है।

गौरैया संरक्षण में जुटे लोगों के चेहरे पर खुशी दिखती है और वे यह बताते हुए गर्व महसूस करते हैं कि गौरैया की एकदम से कम हो चुकी संख्या अब बढ़ चुकी है। उनका कहना है कि वर्ष 2005 तक गौरैया की संख्या सिमटकर 20 प्रतिशत रह गई थी लेकिन अब इसमें काफी हद तक सुधार हुआ और अब इनकी गिनती के लिए सरकार सर्वे करा रही है।

स्पैरो मैन गुलाब सिंह नेगी ने अलकनंदा कॉलोनी, धान मिल, बरेली रोड स्थित अपने घर पर पक्षियों आदि के लिए एक विशेष बाग तैयार किया है। वह कहते हैं कि लोगों में आई जागरूकता की वजह से बीते सालों में गौरैया की संख्या में इजाफा हुआ है। साथ ही, गौरैया ने भी बदलती परिस्थितियों में अपने आपको ढाल लिया है। वह कहते हैं कि अब गौरैया टावर आदि में ही बैठी मिलती है, जबकि पहले ऐसा नहीं था। उन्होंने बताया कि अकेली गौरैया ही इंसानों के साथ रहना पसंद है लेकिन वह बहुत सोच-समझकर और खतरों को भांपकर ही अपना घोंसला बनाती है। उन्होंने कहा कि जहां साकारात्मक ऊर्जा, सुख-शांति होगी, गौरैया वहीं अपना घोंसला बनाएगी। समाज व पर्यावरण के लिए गौरैया के महत्व के बारे में वह कहते हैं कि प्रातःकाल चिड़ियों की चहचहाहट से घर-आंगन महक उठता है, किचन गार्डन आदि में रसायनों का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता, क्योंकि गौरैया साग-सब्जी पर लगने वाले कीट-पतंगों आदि को खा जाती है।

#### जागरूकता आई, जानकारी का अभाव

गौरैया संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता आई है लेकिन जानकारी के अभाव में वे कई गलतियां कर जाते हैं। लोग अपने घरों में घोंसले लगाते हैं लेकिन उनके आकार आदि का ध्यान नहीं रखते हैं। स्पैरो मैन बताते हैं कि बाजार में बिकने वाले ज्यादातर घोंसलों का साइट छोटा होता है, जबकि घोंसले की लंबाई व चौड़ाई 6x6 इंच और ऊंचाई 9 इंच होनी चाहिए। उनके मुताबिक, गौरैया एक बार में तीन-चार अंडे देती है, जिसमें दो-तीन बच्चे निकलते हैं। मां और तीन बच्चों के बैठने के हिसाब से घोंसले का आकार थोड़ा बड़ा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि गौरैया फरवरी-मार्च में घोंसला बनाती और जून तक इसमें रहती है। उन्होंने बताया कि गौरैया के चले जाने के बाद लोगों को उसके घोंसले की सफाई करनी होती है लेकिन बाजार के घोंसले चारों ओर से बंद रहते हैं।

एक समय पर गौरैया दिखनी तक बंद हो गई थी लेकिन अब वह बहुत जगह दिखती है। हमारे आसपास उसकी संख्या में 60 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी हुई है।
– **गुलाब सिंह नेगी**, स्पैरो मैन

गौरैया की संख्या बढ़ी है लेकिन लोगों में और जागरूकता होनी चाहिए। उन्हें अपने घरों में घोंसले और आसपास पेड़-पौधे जरूर लगाने चाहिए।
– **गोविंद किरौला**, स्पैरो मैन

#### विश्व गौरैया दिवस का महत्व

विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत भारत की नेचर फॉरएवर सोसायटी और फ्रांस की इको एसवाईएस एक्शन फाउंडेशन के सहयोग से 20 मार्च, 2010 में हुई थी। इसका उद्देश्य गौरैया की सुरक्षा व संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना है, ताकि उनकी विलुप्त होती प्रजाति को बचाया जा सके।

## सार संक्षेप

### संगीत प्रतियोगिता में अमित रहे प्रथम स्थान पर

विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमित राज, द्वितीय स्थान पर दीपक कुमार, तृतीय स्थान पर ज्योति रावत रहे। भास्कर, गुरलाल सिंह, अंजू एवं कविता को सांत्वना पुरस्कार मिला। तबले में संगत गोविन्द सिंह मेवाड़ी ने की। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरडी सिंह, निर्णायक के रूप में डॉ. अलका, डॉ. निवेदिता अवस्थी, डॉ. डीएन जोशी, संगीत विभाग प्रभारी डॉ. शिप्रा पंत, डॉ. कृष्णा भारती आदि उपस्थित रहे।

### मदर्स होम के पांच बच्चों का सैनिक स्कूल में चयन

**कालाढूंगी :** मदर्स होम स्कूल कालाढूंगी के पांच बच्चों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तर्ण की है। मदर्स होम में अध्ययनरत सक्षम डोभाल, करन पांडे, प्रनीत सिंह, तेजस्वी भंडारी व गौरव गरजोला ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा में चयन हुआ है। छात्रों के चयन पर प्रबंधक विरेन्द्र रौतेला, प्रधानाचार्य शशि रौतेला, प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य पूरन जोशी, महेश तिवारी, दीवान सिंह बिष्ट, जगत सिंह रावत, प्रीती अरोरा ने खुशी व्यक्त की है।

### मां भगवती अपने भक्तों की सदा रक्षा करती है

कथा सुनाते कथा वाचक कपिल महाराज व झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**कालाढूंगी :** विकासखंड कोटाबाग के नयागांव चंदन सिंह में कोटगाड़ी देवी मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के नौवें दिन सभी यजमानों ने गणपति पूजन किया। मंगलवार को कथावाचक कपिल देव महाराज ने श्रीमद् देवी भागवत कथा का वर्णन करते हुए कहा कि मां अपने भक्तों की हर संकट में रक्षा करती हैं। मुख्य यजमान गंगा सामंत, महिमन सिंह चौहान, देव सिंह सामंत, जगत सामंत, गंगा चौहान, राम बुढलाकोटी, पुष्कर राणा, हरक कोरंगा आदि मौजूद रहे।

### पूर्व बीडीसी सदस्य का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

चोरगलिया में पूर्व बीडीसी सदस्य का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**चोरगलिया :** पूर्व बीडीसी सदस्य अर्जुन बिष्ट के जन्मदिन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व प्रधान जयपुर निवासी कैलाश थुवाल ने लंबी उम्र की कामना की। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक चौसाली ने जानकारी दी कि चोरगलिया निवासी एक अनाथ बच्ची का कन्यादान करने का अर्जुन बिष्ट ने बीड़ा उठाया है। इस दौरान बहादुर राम, हेम बजेठा, कैलाश पनेरु, दीपक जोशी, केशव भट्ट आदि मौजूद रहे।

### हल्द्वानी कोल्टस ने जीता मैच

**हल्द्वानी :** कार्बेट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच हल्द्वानी कोल्टस व हिमालयन क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। हल्द्वानी कोल्टस ने सभी विकेट के नुकसान पर 221 रन का स्कोर बनाया। जवाब में उतरी हिमालयन की टीम ने 40वें ओवर में 129 रन बनाकर आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच ओम तिवारी को दिया गया।

# पेंशन व मूल्यांकन बहिष्कार को लेकर शिक्षक लामबंद

**मुखर**

▸▸ **जो पुरानी पेंशन की बात करेगा, हम उसकी बात करेंगे अभियान**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव अभियान शुरू होते ही राजकीय शिक्षक भी अपने मुद्दों पर मुखर होने लगे हैं। राजकीय शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी ने बुद्ध पार्क तिकोनिया में बैठक कर पुरानी पेंशन और मूल्यांकन बहिष्कार को लेकर चर्चा की। बैठक में जो पुरानी पेंशन की बात करेगा, हम उसकी बात करेंगे अभियान शुरू किया।

मंगलवार को राजकीय शिक्षक संघ नैनीताल की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2004 में प्रारंभ की गई नई पेंशन स्कीम किसी भी कर्मचारी शिक्षक के हित में नहीं है। इस पेंशन का इतना जबरदस्त दुष्परिणाम है कि पचास हजार रुपये मासिक वेतन वाले कर्मचारियों को मात्र 3000 रुपये की पेंशन ही मिल रही है। सरकार ने जिस प्रकार कर्मिकों की जीपीएफ का हजारों करोड़ रुपया शेयर मार्केट में लगा दिया है, इससे स्थिति और भी बदतर हो गयी है। राजकीय शिक्षक संघ नैनीताल के जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पाण्डेय ने नाराजगी जाहिर करते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने और तत्काल पदोन्नति के माध्यम से सभी पदों को भरने की मांग की। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल, जिला मंत्री नैनीताल नमिता पाठक ने सभी से एकजुट होने की अपील की। इस मौके पर डॉ. कन्नू जोशी, पान सिंह मेहता, त्रिलोक ब्रजवासी, गिरीश कांडपाल, गौरी शंकर कांडपाल, विनोद जीना, कुलदीप जोशी, अपूर्व उप्रेती, उम्मेद सिंह कपकोटी, सीपी खाती, बालकृष्ण चंद, संत सिंह आदि मौजूद रहे।

बुद्ध पार्क में बैठक के दौरान राजकीय शिक्षक संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

### चुनाव बाद व्यापारी करेंगे प्रदेश व्यापी आंदोलन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** व्यापारियों ने सरकार के ऊपर व्यापारियों की उपेक्षा करने और उनके साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। मंगलवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग की लगातार उपेक्षा हो रही है। चुनाव समाप्त होने के बाद व्यापारी प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे। कहा कि सभी व्यापारी आंदोलन के लिए तैयार रहें। प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि संगठन की नगर इकाइयों से संपर्क स्थापित करके और दोनों मंडल प्रभारी अश्वनी छावड़ा और सुरेश बिष्ट को जिम्मेदारी देंगे। कुमाऊं और गढ़वाल के सभी जिलों में संपर्क किया जाएगा। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल और कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार पर व्यापारियों की आवाज दबाने का आरोप लगाया है।

### एकीकृत शिक्षा कार्यक्रम का मूल्यांकन किया

**नैनीताल :** राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में संचालित एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम का मूल्यांकन किया। विवि के देवदार सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति दीवान सिंह रावत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद की सदस्य सचिव आईआरएस केसंग वाई शेरपा, आईटीईपी के सदस्य आरसी पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने इंटीग्रेटेड बीएड कॉलेज का भी निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के अकादमिक सलाहकार डॉ डीके चतुर्वेदी, अभिमन्यु यादव, जोजियाना लकरा, अनिल कुमार, सिद्धार्थ, दुर्गेश शर्मा सम्मिलित थे।

### प्रज्ञा ने पाई आरबीआई ग्रेड बी की परीक्षा में प्रथम रैंक

**हल्द्वानी :** जेके पुरम हल्द्वानी निवासी प्रज्ञा रिखाड़ी ने आरबीआई ग्रेड बी जैसी कठिन परीक्षा में प्रथम रैंक हासिल कर अपने परिजनों, स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है। प्रज्ञा की माता हेमलता रिखाड़ी जेल रोड स्थित जीजीआईसी में गणित की प्रवक्ता हैं। बचपन से ही होनहार प्रज्ञा ने 12 वीं की परीक्षा डीएवी स्कूल हल्द्वानी से पास की। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से सांख्यिकी विषय में स्नातक और आईआईटी मुम्बई से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। प्रज्ञा की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों में खुशी का माहौल है।

# 2030 तक टीबी को जड़ से करना है खत्म

संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ **मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन**

**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज में कम्युनिटी मेडिसन विभाग की ओर से टीबी बीमारी पर कार्यशाला हुई। इसमें पीजीजेआर के अलावा अन्य प्रशिक्षु चिकित्सक मौजूद थे।

कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने किया। टीबी और श्वास रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल नौटियाल ने कहा कि साल 2030 तक विश्व स्वास्थ्य संगठन के आह्वान पर टीबी को पूरी तरह से खत्म करना है। कहा कि ज्यादातर लोगों को फेफड़े की टीबी होती है। एचआईवी, डायबिटीज के मरीज, स्टोन क्रेसर के कर्मी, तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को टीबी होने का खतरा ज्यादा होता है। कम्यूनिटी मेडिसन विभाग की अध्यक्ष डॉ. साधना अवस्थी और डॉ. रुद्रेश नेगी ने टीबी से बचाव की जानकारी दी।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ. सांभवी ने टीबी की जांचों के बारे में बताया। पैथोलॉजी विभाग की डॉ. प्रियमवदा ने टीबी की पैथोलॉजी जांचों की जानकारी दी। इस दौरान टीबी एवं श्वास रोग विभाग के डॉ. रवि कुमार शर्मा, डॉ. उमेश, डॉ. हरि शंकर पांडे, डॉ. रवि कुमार, डॉ. हेमा, हेम तिवारी आदि रहे।

### अब्दुल रऊफ सिद्दीकी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी :** सपा के पूर्व नेता अब्दुल रऊफ सिद्दीकी की 26वीं पुण्य तिथि पर सपा के उत्तराखंड प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने बताया कि अब्दुल रउफ सिद्दीकी एक जननेता थे। उन्होंने लोगों को अपने हक की आवाज उठाने के साथ ही अपनी लड़ाई लड़ना सिखाया था वो आज भी हम सभी के दिलों में जिंदा है।

### जर्ज फार्म में आवारा जानवरों से निजात दिलाने की मांग

**हल्द्वानी :** जर्ज फार्म, वार्ड- 52 व 53 में लंबे समय से आवारा जानवरों का आंतक बना हुआ है, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने मंगलवार को नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने बताया कि पिछले लंबे समय से क्षेत्र में आवारा कुत्ते कई बच्चों व बुजुर्गों को काट चुके हैं। साथ ही, क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं ने भी लोगों का जीना दूभर कर रखा है। इस अवसर पर विश्वंभर दत्त कांडपाल आदि मौजूद रहे।

### पोषण वाटिका की जानकारी दी व पौध वितरण किए

**हल्द्वानी :** कृषि विज्ञान केंद्र, ज्योलीकोट के सभागार में मंगलवार को ग्राम दागड़ की महिलाओं को पोषण वाटिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं को सब्जी पौध को ट्रे से निकालकर खेत में लगाने की वैज्ञानिक जानकारी व सावधानियों के बारे में बताया गया। डॉ. बलवान सिंह ने गृह वाटिका में जैविक खाद के प्रयोग, डॉ. सुधा जुकारिया एवं डॉ. शशि तिवारी ने पोषक वाटिका के लाभ व लागत के अनुपात के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को मैरो व गोल कद्दू, ककड़ी, करेला व लौकी के 10-10 पौधे दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के प्रभारी डॉ. सी. तिवारी व संचालन व पौध वितरण कमला सत्यपाल, महिपाल चंद्र लोहनी, गोविंदी, कुंदन सिंह जीना ने किया।

**पहल** महिलाएं बना रहीं फूलों और सब्जियों से हर्बल रंग, लोगों को आ रहे खासा पसंद

# हल्दी, चुकंदर, पालक से बन रहे हर्बल रंग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** होली के पर्व पर कानियां ग्रामसभा में महिलाएं हर्बल रंग बना रही हैं। खास बात है कि इनको सब्जियों और फलों से बनाया जा रहा है। जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती है।

कानियां गांव की वीमेन सेंटर रिसोर्सेज सेंटर समूह की महिलाएं इन दिनों हर्बल रंग बनाने का कार्य कर रही हैं। इन हर्बल रंगों को फूलों एवं सब्जियों के प्रयोग से बनाया जा रहा है, जो त्वचा के लिए हानिकारक नहीं होता है।

गुलाल बनाने के लिए आरारोट पाउडर के साथ प्राकृतिक रंगों के अर्क को मिलाया जा रहा है। इसमे चुकंदर से गुलाबी रंग, पालक के रस से हरा रंग, हल्दी और गेंदे का रस निकालकर पीला रंग बनाया जा रहा है। दो दर्जन से ज्यादा महिलाएं इस रोजगार से जुड़ी हैं। इस सेंटर की संयोजक अनीता आनंद ने बताया कि इस बार उन्हें अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अभी तक उनके पास 150 किलो रंग का ऑर्डर अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित रिसॉर्ट्स या दुकानदारों से आ चुका है। 180 से 200 किलो का उत्पादन अभी तक किया जा चुका है। उन्हें उम्मीद है कि ये 200 किलो पार करेगा। 12 महिलाएं इस कार्य से सीधे जुड़ी हैं। ज्यादा डिमांड आने पर 25 से 30 महिलाओं को यहां से रोजगार मिलता है। स्थानीय महिला गंगा बिष्ट व दमयंती देवी कहती हैं कि वे रोजगार से जुड़कर खुश हैं। इस बार उन्हें उम्मीद है पिछले वर्ष से भी ज्यादा आर्डर हमारे पास आएंगे।

रामनगर में हर्बल रंग बनातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

देहरादून से संचालित होने वाले पद्मश्री डॉ. अनिल जोशी के संस्थान हेस्को के अंतर्गत हमारा वूमेन रिसोर्सेस सेंटर समूह कार्य कर रहा है। इसमें लगभग 25 से ज्यादा आसपास की महिलाएं रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर हुई हैं। सारी आर्गेनिक चीजों पर कार्य कर रहे हैं।
–**अनिता आनंद, संयोजक**

SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
Call for Appointment 9456727473 9410514531
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years ANNIVERSARY 2ND FEB 2023 SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस | स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग | नेत्र रोग | सफेद दाग | स्पाइनल समस्याएँ | बालों की समस्या | पाचन समस्याएँ | पोस्ट कोविड समस्याएँ | सर्दी खाँसी-दमा | सोरायसिस | थाइरायड समस्या | माइग्रेन/ मानसिक रोग | स्पोर्ट्स इंजरी | इन्फर्टिलिटी | बच्चों के रोग | गॉल ब्लैडर स्टोन | सौंदर्य समस्याएँ | स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म | नाड़ि परीक्षण | गर्भ संस्कार | लीच थैरेपी | नेत्र तर्पण | उत्तर बस्ती | शिरोधारा | स्वर्ण प्राशन | पत्र पोट्टलि | अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
fistula hemorrhoid fissure External
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

### लोकसभा चुनाव में होने वाले प्रत्याशी के खर्च से जुड़ी रेट लिस्ट हुई जारी, गाड़ी से लेकर खाने-पीने तक के रेट फिक्स

# चुनाव आयोग ने तय किया नेता जी के चाय-नाश्ता का खर्च

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान प्रत्याशी द्वारा किए जाने वाले खर्चों के रेट तय कर दिए है। फिर वो एक कप चाय हो या फिर वो लग्जरी गाड़ी जिस पर बैठकर नेता प्रचार करेंगे। खर्चों के दाम से जुड़ी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय से उपलब्ध करा दी गई है।

बता दें कि चुनाव प्रचार लेकर मतदान के दिन तक प्रत्याशी जिनता भी खर्च करेगा, उसकी एक-एक पाई का हिसाब-किताब चुनाव को देना होगा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी 95 लाख रुपये से ज्यादा खर्च नहीं कर पाएगा।

इसे देखते हुए चुनाव आयोग ने 90 आइटम से जुड़ी सूची जारी है। जिसके तहत एक चाय पर 10 रुपये, कॉफी पर 25 रुपये, प्रति व्यक्ति नाश्ते पर 60 रुपये, शाकाहारी भोजन पर शाकाहारी भोजना पर 100 और मांसाहारी भोजना पर प्रति व्यक्ति 150 रुपये खर्च कर सकेगा। इसी तरह झंडे, बैनर, टोपी, स्टीकर, होर्डिंग्स, वाहन, बिजली, लाउडस्पीकर, ड्रोन आदि के किराए के दाम भी तय कर दिए गए हैं।

**जारी रेट लिस्ट के अनुसार**

- शिकंजी, सोडा या नीबू पानी 15 रुपये
- आईस्क्रीम 25 रुपये
- पकड़ौ, समोसा या ब्रेड पकौड़ा 15 रुपये
- छोले, राजमा या चावल 50 रुपये
- चुनाव कार्यालय का प्रतिमाह किराया 3400 रुपये
- अतिशबाजी 6 हजार रुपये प्रतिदिन
- वाहन 9 हजार से 17 सौ रुपये तक
- टोपी 30 प्रति नग
- मफरल 40 प्रति नग
- मुखौटा 70 प्रति नग

# नगर निकाय चुनाव की तैयारी जोरों पर

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** नगर निकाय का कार्यकाल समाप्त हुए लगभग चार माह बीत चुके हैं। ऐसे में जहां पूरे देश में लोक सभा चुनाव की तैयारी चल रही है। वहीं शासन स्तर पर नगर निकाय के चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

वर्ष 2024 के नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के लिए जिला पंचस्थानी की ओर से अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। जिले में 322285 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं में 157622 महिला मतदाता और 164558 पुरुष मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। इसमें नगर निकाय हल्द्वानी-काठगोदाम में कुल 234330 मतदाता, नगर पालिका नैनीताल कुल 23130 मतदाता, नगर पालिका भवाली कुल 5779 मतदाता, नगर पालिका रामनगर कुल 35480 मतदाता, नगर पंचायत भीमताल 9544 मतदाता, नगर पंचायत कालाढूंगी कुल 8465 मतदाता, नगर पंचायत लालकुआं महिला कुल 5557 मतदाता हैं।

**▸▸ जिला पंचस्थानीय ने जारी की मतदाता सूची**

# नैनीताल जिले के 1,21,672 मतदाता चुनेंगे गढ़वाल का सांसद

### वर्ष 1957 में अस्तित्व में आई थी गढ़वाल संसदीय सीट, पांच जिलों की 14 विधानसभा सीटों को मिलाकर बनी थी सीट, इसमें रामनगर भी है शामिल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट नाम से ही साफ है कि यह संसदीय क्षेत्र नैनीताल और ऊधम सिंह नगर जिलों को मिलाकर बनाया गया है मगर यह जानकार भी हैरानी होगी कि नैनीताल जिले के 1,21,672 मतदाता नैनीताल नहीं वरन गढ़वाल का सांसद चुनेंगे।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, नैनीताल जिले में छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें पांच सीटें हल्द्वानी, लालकुआं, कालाढूंगी, नैनीताल, रामनगर तो नैनीताल संसदीय सीट का हिस्सा हैं लेकिन रामनगर विस सीट गढ़वाल संसदीय सीट के अंतर्गत है। दरसअल, वर्ष 1957 में गढ़वाल संसदीय सीट अस्तित्व में आई। तब पौड़ी, चमोली, टिहरी, रुद्रप्रयाग और नैनीताल जिले की 14 विस सीटें मिलाकर यह संसदीय क्षेत्र बनाया गया। नैनीताल जिले से रामनगर विस सीट इसके दायरे में आया। तब से परिसीमन में बदलाव नहीं हुआ है। इस बार भी रामनगर के 1,21,672 मतदाता, 626 सर्विस मतदाता, 926 दिव्यांग और 585 वयोवृद्ध गढ़वाल का सांसद चुनेंगे।

**अब की बार बलूनी और गोदियाल में है टक्कर**

**हल्द्वानी :** गढ़वाल सीट से भाजपा ने राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और कांग्रेस ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को उम्मीदवार बनाया है। दोनों में जबरदस्त टक्कर आंकी जा रही है। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस सीटों पर दोनों ही दलों के दिग्गजों के उतरने से चुनाव मुकाबला रोमांचक रहेगा।

**इस सीट पर 5 बार कांग्रेस, 3 बार भाजपा के सांसद चुने गए**

**हल्द्वानी :** गढ़वाल संसदीय सीट पर पांच बार कांग्रेस, दो बार जनता पार्टी, एक बार निर्दलीय, एक बार इंदिरा कांग्रेस, तीन बार भाजपा का सांसद चुना गया है। वर्तमान में भाजपा के सांसद तीरथ सिंह रावत इस सीट से सांसद हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी भी वर्ष 2014 में इस सीट से सांसद रह चुके हैं। तीरथ सिंह रावत भी कुछ समय के लिए मुख्यमंत्री रहे हैं ऐसे में अब यह सीट वीआईपी मानी जाती है।

**ईवीएम गढ़वाल से आएंगी**

**हल्द्वानी :** लोकसभा चुनाव में रामनगर विस सीट पर चुनावी तैयारियां तो नैनीताल जिला प्रशासन करेगा लेकिन ईवीएम गढ़वाल से आएंगी। बूथों की सुरक्षा, चुनावी प्रबंधन आदि स्थानीय स्तर पर होती हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राणा ने बताया कि रामनगर विस में गढ़वाल रिटर्निंग ऑफिस से ईवीएम आती हैं लेकिन तैयारियां स्थानीय प्रशासन करता है।

# भाजपा का ऊंचापुल में खुला 14 वां चुनाव कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा का नैनीताल संसदीय सीट का 14 वां चुनाव कार्यालय खुल गया। मंगलवार को ऊंचापुल स्थित राम वाटिका बैंक्वेट हॉल में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, लोकसभा सह प्रभारी विवेक सक्सेना, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, विस प्रभारी देवेंद्र ढैला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजीव शाह समेत दर्जनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

विधायक भगत ने बताया कि नैनीताल संसदीय सीट पर 14 चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया जा चुका है। प्रत्याशी अजय भट्ट 27 मार्च को रुद्रपुर में नामांकन करेंगे जिसमें कालाढूंगी से भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचेंगे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी नामांकन में मौजूद रहकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएंगी। इस दौरान धीरज पांडे, देवेंद्र ढैला, प्रकाश पटवाल, नवीन भट्ट, कमल नयन जोशी, प्रताप बोहरा, कमल पांडे, प्रमोद पंत, योगेश तिवारी, भगवान तिवारी मौजूद रहे।

ऊंचापुल में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते विधायक बंशीधर भगत व निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला। ● अमृत विचार

**72 घंटे के अंदर कुल 17600 प्रचार सामग्री हटाई गई**

अपर जिलाधिकारी/ नोडल अधिकारी, आर्दश आचार संहिता शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद 72 घण्टे के अन्दर कुल 5204 निजी संपत्तियों से 17600 पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, झण्डे, होर्डिंग्स, वालपेन्टिंग एवं कट आउट आदि गए।

**सोशल मीडिया पर प्रचार से पूर्व अनुमति जरूरी**

**हल्द्वानी :** एडीएम/एमसीएमसी नोडल अधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोर्टल, वेबसाइट, सोशल मीडिया पर बिना अनुमति प्रचार विज्ञापन अपलोड करना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। यदि शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में एमबीपीजी कॉलेज कक्ष संख्या-5 में अनुमति के लिए एमसीएमसी कार्यालय सक्रिय हो गया है। किसी भी प्रकार की जानकारी एवं अनुमति के लिए इस कार्यालय के साथ ही कंट्रोल रूम पर भी संपर्क कर सकते हैं।

**बीएलओ को दी डाक मतपत्र की जानकारी**

**हल्द्वानी :** एआरओ एपी वाजपेयी व तहसीलदार सचिन कुमार ने मंगलवार को नगर निगम सभागार में बूथ लेवल अधिकारी व सुपरवाइजर्स के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी विस के अंतर्गत 90 बूथ हैं। इन बूथों 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाता घर से ही वोट देना चाहते हैं तो उन्हें डाकमत पत्र की सुविधा दी गई है। इसके लिए फार्म 12-डी उपलब्ध है। जो भी मतदाता घर से वोट देना चाहता है टीम घर जाएगी और इस फार्म के जरिए मत लेगी। वोट की एक रसीद उन्हें मुहैया कराएगी। सभी को फार्म 12-डी और रसीद दी गई। साथ ही उन्हें वयोवृद्ध को घर से मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

# कार्यकर्ताओं से सांसद प्रत्याशी को विजयी बनाने का किया आह्वान

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने मंगलवार को भीमताल विधानसभा क्षेत्र में धारी मंडल व रामगढ़ मंडल के भाजपा पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। विधायक कैड़ा ने कहा कि हम सभी को आगामी लोकसभा चुनाव में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र (भीमताल विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों) से सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाना है।

विधायक ने कहा कि कांग्रेस अभी तक अपना प्रत्याशी तक घोषित नहीं कर पायी है। इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी की जमानत जप्त होगी। विधायक कैड़ा ने कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों को हर गांव, घर -घर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। वहां पर भाजपा विधानसभा प्रभारी गोपाल सिंह रावत, गरीश जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, अंकित पांडेय आदि मौजूद रहे।

श्यामखेत में डेमोक्रेसी कैफे में आर्ट गैलरी देखते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

# श्यामखेत चाय बागान में डेमोक्रेसी कैफे शुरू

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** जिला स्वीप टीम नैनीताल के तत्वावधान में जिला निर्वाचन के बैनर तले भवाली के श्यामखेत चाय बागान में मंडलायुक्त दीपक रावत ने डेमोक्रेसी कैफ़े उद्घाटन किया। इस मौके पर बताया कि डेमोक्रेसी कैफ़े के माध्यम से नये युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए नई पहल है। मालूम हो कि कैफे में लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए 1950 से वर्तमान तक के समस्त निर्वाचनों को एक डेमोक्रेसी यात्रा के रूप में

पेंटिंग, स्लोगन, फोटो आदि के माध्यम से दर्शाया गया है। साथ ही मतदाताओं को जागरूकता से संबंधित गीत, संगीत एवं टेलीविजन के बीच भोजन सामग्री का मेन्यू और निर्मित समस्त फर्नीचर भी डेमोक्रेसी के हिसाब से तैयार किया गया है। इसमें भोजन सामग्री के नाम भी निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार रखे गए हैं। भोजन मेन्यू में भी 18 नंबर ( जब कोई व्यक्ति मतदान के योग्य हो जाता है तो) पर आर्डर करने पर उसे विशेष डेमोक्रेसी भोजन परोसा जाएगा, जिसे निर्वाचन के समय तक 25 प्रतिशत छूट के साथ निर्धारित किया गया है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी /नोडल अधिकारी स्वीप अशोक कुमार पांडे, अपर परियोजना निदेशक चंद्र फर्त्याल,जिला समन्वयक स्वीप सुरेश अधिकारी, डॉ. सुरेश मठपाल, डॉ. प्रदीप उपाध्याय आदि मौजूद रहे। इस दौरान ग्राफ़िक एरा और बिड़ला के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम पेश किए।

मतदान की शपथ लेते मालधन डिग्री कालेज के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**मतदान अवश्य करने की दिलाई शपथ**

**रामनगर :** राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में स्वीप कार्यक्रमों की श्रृंखला में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य जीसी पंत ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. आनंद प्रकाश, मनोज कुमार, प्रदीप चंद्र, मोहम्मद नफीस, शुभम ठाकुर, राकेश चंद्र, जगदीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# जनहित याचिका की निस्तारित

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने राजकीय इंटर कॉलेज पदमपुर मिडार ओखलकांडा में शिक्षा विभाग की ओर से मूलभूत व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका निस्तारित कर दी है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितू बाहरी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार पदमपुर मिडार निवासी भवानी दत्त भट्ट ने

हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर राजकीय इंटर कॉलेज पदमपुर मिडार में चहारदीवारी, शौचालय, फर्नीचर, पुस्तकालय, प्रयोगशाला न होने व शिक्षकों के अभाव से छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ का उल्लेख किया था। हाईकोर्ट ने इस मामले में शासन व जिला शिक्षा अधिकारी नैनीताल से जवाब मांगा था। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने जवाब में कोर्ट को बताया कि विद्यालय में शौचालय, फर्नीचर, लैब की व्यवस्था कर दी गई है, और जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान के शिक्षक भी भेज दिए हैं। विद्यालय की चहारदीवारी के लिये टेंडर कर दिये गए हैं। एक माह के भीतर चहारदीवारी बन जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी के इस जवाब के बाद कोर्ट ने जनहित याचिका निस्तारित कर दी है।

विजयी छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए गए। ● अमृत विचार

**क्विज प्रतियोगिता में रेनू का सराहनीय प्रदर्शन**

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ब्लाक स्तरीय सामाजिक विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को राउमावि धौलाखेड़ा में हुआ। इसमें राइंका हरिपुर जमन सिंह में अध्ययनरत कक्षा 8 की छात्रा रेनू उपाध्याय द्वारा अध्यापक सीएस जोशी व देवेंद्र के निर्देशन में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्रा रेनू के प्रदर्शन को खूब सराहा गया।

**कार्यकारिणी का गठन**

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा संघ की राष्ट्रीय स्तर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें धर्म, समाज एवं संस्कृति की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाने का लक्ष्य रखा गया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष के तौर पर हिमांशु जोशी और कोर कमेटी की सहमति से राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिनामदास पं. चंद्रसागर महाराज, राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी सुभाष मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव बी प्रसाद जोशी, राष्ट्रीय सलाहकार गोविंद बल्लभ फुलारा, राष्ट्रीय प्रवक्ता नवीन पंत नाभाजी दास को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# जेल में नशा पीड़ितों का किया सर्वेक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** नशे के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए उपकारागार में बंद नशा पीड़ित लोगों का सर्वे किया गया। उच्च न्यायालय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर नशे के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए राज्यभर की जेलों में सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को हल्द्वानी उप कारागार में जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बीनू गुलयानी के निर्देश पर सर्वेक्षण शिविर आयोजित किया गया। पैरा लीगल वालेंटियर उमा भंडारी ने जेल में बंद नशा पीड़ित लोगों का सर्वे किया। बंदी- कैदियों से नशे को प्रेरित करने वाले कारणों, किस कारण से नशा किया , किस प्रकार का नशा किया, क्या नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों की जानकारी थी या नहीं, क्या वह सभी भविष्य में नशा छोड़ना चाहते हैं आदि सवालों पर प्रतिक्रिया जानी। इस दौरान उप कारापाल नीलम धामी, विजय भंडारी, रचित बोंटियाल, अमित कुमार एवं उपकारागार में पैरा लीगल वालंटियर एनकेके व अन्य लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### धोखाधड़ी के फरार पांच आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** लोकसभा चुनाव को लेकर वांछित अपराधियों की धरपकड़ तेज हो गई है। रंपुरा पुलिस चौकी ने मुहिम चलाते हुए धोखाधड़ी और शराब प्रकरण में फरार चल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि एसएसपी के आदेश पर रंपुरा पुलिस चौकी ने अभियान चलाते हुए वर्ष 2021 में ठगी प्रकरण के ओमकार गंगवार निवासी दूधिया नगर, भूत बंगला निवासी मोहम्मद ताज, रंपुरा बस्ती निवासी सुभाष दास सहित ममता गंगवार निवासी दूधिया नगर के अलावा आबकारी अधिनियम में गुरमेज सिंह निवासी शांति कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। कोतवाल ने बताया कि कोतवाली इलाके की चौकियों को वांछित एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ किए जाने का आदेश दिये गये हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### शराब के साथ दंपति गिरफ्तार

**खटीमा :** पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक दंपति को गिरफ्तार किया है। सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक जगह झोपड़ी में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। जिस पर उन्होंने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ग्राम कच्ची खमरिया नानकमत्ता निवासी बगीचा सिंह और उसकी पत्नी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर झोपड़ी से 60 पाउच अवैध शराब भी बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया। टीम में कांस्टेबल रवि कुमार, विपिन कुमार शामिल रहे।

# कार से 1.10 किलो चरस बरामद, तस्कर पकड़ा

## एसओजी और पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान मिली सफलता, मुक्तेश्वर का रहने वाला है तस्कर अक्षय प्रसाद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ की टीम ने चेकिंग के दौरान एक कार सवार को भारी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल और सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और एसओजी टीम अटरिया मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली की कार संख्या यूके-04 एजी-5465 से भारी मात्रा में चरस की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने चेकिंग अभियान को तेज कर दिया। कार चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर टीम ने घेराबंदी कर वाहन को घेर लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अक्षत प्रसाद उर्फ कमल निवासी ग्राम मजूली पहाड़पानी थाना मुक्तेश्वर (नैनीताल) बताया।

टीम ने आरोपी के कब्जे से 1.10 किलोग्राम चरस बरामद की। आरोपी ने बताया कि वह पर्वतीय इलाकों से चरस की खेप लाकर तराई भाबर में महंगे दामों पर बेचता है और टैक्सी चलाने की आड़ में तस्करी का धंधा संचालित करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

**05** लाख रुपये आंकी गई है अंतरराष्ट्रीय बाजार में चरस की कीमत, पहाड़ से चरस लाकर तराई भाबर में महंगे दामों पर था बेचता

मामले का खुलासा करते एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके व पकड़ा गया तस्कर।

### आरोपी की कहानी पर है पुलिस को संदेह

**रुद्रपुर।** चरस के साथ पकड़े गए आरोपी अक्षय के दिए इकबालिया बयान पर एसओजी को संदेह हो रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पिता की मौत, परिवार की आर्थिक स्थिति और जीविका चलाने वाला खुद को बताया था। जबकि पुलिस को आशंका है कि आरोपी के पिता अभी जिंदा है और परिवार की माली हालत भी इतनी नाजुक नहीं है। वहीं आरोपी का एक बड़ा भाई भी है। जिसको लेकर पुलिस की एक टीम आरोपी के मूल निवास के लिए रवाना होगी और कहानी को तस्दीक करेगी।

# सवारी ढोते-ढोते आया चरस तस्करी का आइडिया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना मुक्तेश्वर का रहने वाला टैक्सी चालक अक्षय सवारी ढोते-ढोते कब चरस तस्कर बन गया, इसका एहसास न उसके परिवार को था और न ही पुलिस को इसकी भनक लगी। पिता की मौत के बाद आरोपी ने चरस तस्करी को अपना धंधा बना लिया।

एसओजी प्रभारी संजय पाठक ने बताया कि एक किलो से अधिक चरस की बरामदगी के बाद जब आरोपी अक्षय प्रसाद उर्फ कमल से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह हल्द्वानी से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ तक टैक्सी चलाकर परिवार की जीविका चलाता था। मगर पांच साल पहले पिता की मौत के बाद सवारियां ढोते-ढोते उसे चरस सप्लाई करने का आइडिया आया और उसने पर्वतीय इलाकों से चरस एकत्र करनी शुरू कर दी। इसके बाद तराई भावर के अलावा रामपुर, बिलासपुर, बहेड़ी और मुरादाबाद, दिल्ली सवारी ढोने के दौरान अपना नेटवर्क खड़ा कर लिया। आरोपी ने बताया कि कार में सवारी होने के कारण पुलिस को भी संदेह नहीं होता था और पिता की मौत के बाद आर्थिक स्थिति दयनीय होने लगी थी। उसने कई बार चरस की खेप लाकर तराई भाबर में बेची थी और गिरफ्तारी से पहले वह बरामद चरस को बेचने के लिए ही रुद्रपुर आया था। पुलिस ने नेटवर्क को खंगालना शुरू कर दिया है।

**खुलासा**

- पिता की मौत के बाद शुरू किया धंधा, टैक्सी चालक से तस्कर बना अक्षय

### 25 हजार का इनाम दिया

**रुद्रपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान संयुक्त टीम की सजगता से खुश होकर एसएसपी ने 2500 रुपये का इनाम घोषित किया। एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि चूंकि देश-प्रदेश में आचार संहिता लागू हो चुकी है। चुनावी समर को देखते हुए मादक पदार्थ के तस्कर सक्रिय हो जाते हैं। जिस प्रकार टीम ने सूचना को गंभीरता से लिया और भारी मात्रा में चरस पकड़ी। उसी सजगता के आधार पर इनाम देने की घोषणा की।

# भाषण में साक्षी, बिंदु और अनामिका अव्वल

विजेताओं को प्रमाण पत्र देते महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीसी पंत व अन्य।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र परिषद की ओर से भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका विषय भाषा, संस्कृति और समाज रखा गया था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के एमए चतुर्थ सेमेस्टर की साक्षी खेड़ा ने पहला स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने विषय से संबंधित सभी विभागों की विभागीय परिषद से जुड़ी सभी गतिविधियों में आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इसमें होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से विषय के प्राध्यापक अपने विद्यार्थी के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए अवसर प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता में एमए चतुर्थ सेमेस्टर की साक्षी खेड़ा ने पहला, बीए द्वितीय सेमेस्टर की अनामिका सिंह ने दूसरा और एमए द्वितीय सेमेस्टर की बिंदु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के इतिहास विभाग प्रभारी डॉ. नरेश कुमार और अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. सुनील कुमार मौर्य ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर समाजशास्त्र परिषद के संयोजक डॉ. अंचलेश कुमार, प्रो.हेमलता सैनी, प्रो.रवींद्र कुमार सैनी, डॉ. राजेश सिंह समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

**आयोजन**

- एसबीएस महाविद्यालय में आयोजित हुई प्रतियोगिता

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** डेढ़ माह पहले नाबालिग को बहला फुसलाकर साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि थाना इलाके की रहने वाली एक महिला ने यहीं के रहने वाले एक युवक पर उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर 31 जनवरी की शाम को साथ ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जब पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि जेपी नगर फुलसुंगा निवासी अरुण वर्मा नाबालिग को साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

सोमवार की शाम को खबर मिली कि आरोपी थाना इलाके में देखा गया है। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और पोक्सो के तहत न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। बताया कि पुलिस ने नाबालिग को यूपी इलाके से बरामद कर लिया था और नाबालिग के बयानों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।

**शिकंजा**

- थाना ट्रांजिट कैंप इलाके का है मामला
- पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में किया पेश

## इंजेक्शन व कैप्सूल बेचती महिला पकड़ी

**काशीपुर :** पुलिस ने नशे के कैप्सूल और इंजेक्शन बेच रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 239 नशे के कैप्सूल व 93 इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना आईटीआई पुलिस ने गश्त के दौरान चैती गांव निवासी मधु ठाकुर को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से नशे के कैप्सूल व इंजेक्शन बरामद किए हैं। पूछताछ में महिला ने बताया कि कमाई का जरिया न होने के कारण वह यह कार्य करती है और क्षेत्र के नशेड़ियों को नशे का सामान बेचती है। जिसे वह पास से ही खरीदकर लाती है और महंगे दाम में बेचती है। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

# जंगल में कच्ची शराब की 12 भट्टियां तोड़ी

**कार्रवाई**

- आबकारी विभाग ने चलाया अभियान, हजारों लीटर लहन किया नष्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी के आदेश पर आबकारी टीम ने कई गांवों में कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कच्ची शराब की करीब 12 भट्टियों को ध्वस्त कर हजारों लीटर लहन नष्ट किया। टीम की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया।

आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि ग्राम रायपुर, अमरपुर और अर्जुनपुर में कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। इन गांवों के जंगलों में शराब माफियाओं ने भट्टियां लगाकर शराब बनाने का धंधा शुरू कर रखा था। टीम को देखकर शराब माफिया मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके पर 12 भट्टियों को ध्वस्त करते हुए 12 हजार लीटर लहन नष्ट किया। साथ ही 370 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की है। टीम ने शराब बनाने के उपकरणों को भी बरामद कर सील कर दिया है। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि शराब बनाने वालों को चिह्नित कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जिसकी विवेचना सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ आगे कच्ची अभियान जारी रहेगा।

जंगल में कच्ची शराब की भट्टियां ध्वस्त करती आबकारी टीम। ● अमृत विचार

### 52 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा

**पंतनगर :** पुलिस ने एक तस्कर को 52 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एसआई प्रकाश राम विश्वकर्ता ने बताया कि बीते सोमवार की शाम पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी आनंदपुर मोड के पास एक व्यक्ति को प्लास्टिक के दो कट्टों के साथ पकड़ा। तलाशी लेने पर एक कट्टे से 75 पन्नी और दूसरे कट्टे से 81 पन्नी कुल 52 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम गंगादास पुत्र जगदीश निवासी गोलगेट बताया। एसआई ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी कई बार शराब तस्करी में जेल जा चुका है। आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया गया। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस नशे के तस्करों के खिलाफ व्यापक रूप से अभियान चला रही है।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**जसपुर :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ तेज कर दी है। इसी क्रम में पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। मोहल्ला पट्टी चौहान निवासी मुकेश कुमार उर्फ टीटू पुत्र घसीटा के खिलाफ न्यायालय ने धारा 420 के तहत वारंट जारी किया था। जिसे पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मैंने अपना नाम कुलवीर सिंह सहोता (Kulvir Singh Sahota) के स्थान पर कुलवीर सिंह सहोता (Kulveer Singh Sahota) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

- कुलवीर सिंह सहोता पुत्र श्री किशन सिंह सहोता, निवासी ग्राम कालिया वाला, तहसील जसपुर (उधम सिंह नगर)

# भाजपा नेत्री के खिलाफ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** विवि परिसर निवासी एक महिला ने भाजपा नेत्री पर सूदखोरी के नाम पर जेवर हड़पने, अभद्रता करने सहित जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने भाजपा नेत्री के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

टा-कालोनी पंतनगर निवासी वर्षा रानी पत्नी संदीप कुमार ने कोर्ट में तहरीर देकर कहा कि उसकी नानी को कैंसर की बीमारी हो गई थी। उनके ईलाज के लिए उसने विवि कर्मी अजीत कुमार से दो लाख रुपये 10 प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। जिसके एवज में अजीत ने ब्लैंक चेक, जमीन की रजिस्ट्री व दाखिल खारिज के पेपर रख लिए। उसने धीरे-धीरे अजीत को रुपये वापस कर दिए, लेकिन अजीत ब्लैंक चेक में मनमाफिक धनराशि भर बैंक में लगाकर आवश्यकता से अधिक ब्याज की वसूली करता रहा। जिसकी सूचना पुलिस को देने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अजीत ने ब्लैकमेल करने के लिए अपने पडोस में रहने वाली (भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पंतनगर मंडल) पिंकी डिमरी, जो कि ब्याज पर पैसे देती है, उससे एक लाख 15 हजार रुपये दस प्रतिशत ब्याज पर लेकर अजीम को दे दिए। उन्होंने भी रुपये ब्याज पर देते समय उसके कीमती गहने और सात ब्लैंक चेक रख लिए। साथ ही ब्लैंक स्टांप पेपर पर भी दस्तखत कराए। उसने ब्याज पर लिए पैसे ब्याज सहित एक लाख 85 हजार रुपये पिंकी के बताए अनुसार उसके पुत्र हिमांशु डिमरी के खाते में जमा करा दिए। इसके बाद जब उसने पिंकी से अपने गहने, स्टांप व ब्लैंक चेक वापस मांगे तो पिंकी उससे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगी। कहा कि वह उसके ब्लैंक चेक बैंक में लगाकर उस पर झूठा मुकदमे करेगी। उसने थाने सहित एसएसपी से शिकायत की, लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**मामला**

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

## वित्त नियंत्रक के आश्वासन पर कर्मियों का धरना समाप्त

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में परियोजनाओं में नियुक्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के लाभ से वंचित करने के विरोध में चल रहा धरना-प्रदर्शन वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के नेताओं की विवि में नवनियुक्त वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल से वार्ता हुई। उन्होंने मामले का तत्काल निस्तारण करने की बात कही। इसके बाद परियोजना कर्मचारियों ने साढ़े तीन माह से चल रहे आंदोलन को समाप्त कर दिया। वहीं धरना स्थल पर मौजूद आरडी यादव, बीके सिंह, टीवी राम, सतीश पाल, सुनील चैधरी व राजू ने विवि प्रशासन को लिखित रूप से अवगत कराया कि वर्तमान में वह अपना आंदोलन स्थगित कर रहे हैं।

## पिता से हुआ विवाद नाबालिग को मारा थप्पड़

**रुद्रपुर :** आधार कार्ड का गलत फॉर्म देने का विरोध करना एक पिता को महंगा पड़ गया। आरोप है कि दुकानदार ने पहले पिता को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद नजदीक खड़े मासूम को थप्पड़ जड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार वार्ड 22 रंपुरा बस्ती निवासी अनिल कुमार ने बताया कि 18 मार्च की दोपहर को एक बजे वह बस्ती के नजदीक स्थित दुकान पर गया और आधार कार्ड में नाम सही करने का फार्म मांगा। दुकानदार ने फार्म गलत दिया तो उसने इस पर नाराजगी जताई। इससे बौखलाए दुकानदार ने पहले लाठी से उसे पीटना शुरू कर दिया। जब नजदीक खड़ा उसका बेटा रोने लगा तो दुकानदार ने चार साल के बेटे को भी थप्पड़ मारना शुरू कर दिया।

स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर जान बचाई। लाठी के हमले में अनिल कुमार घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

**बढ़ोतरी** सरकार ने इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल तय किया

# 150 रुपये प्रति कुंतल बढ़ी गेहूं की एमएसपी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पिछले पांच साल में पहली बार सरकार ने किसानों के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2275 रुपये प्रति कुंतल तय किया है। इससे किसानों को प्रति कुंतल 150 रुपये का लाभ होगा। वहीं इस बार बढ़े न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कई किसानों ने नाराजगी जताई है।

बता दें कि ऊधमसिंह नगर में करीब एक लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती होती है। इस खेती से करीब एक लाख 29 हजार किसान जुड़े हुए हैं। वहीं किसानों को इस गेहूं खरीद सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है, जो विगत वर्ष की तुलना में 150 रुपये प्रति कुंतल अधिक है। विगत वर्षों की बात करें तो किसानों को वर्ष 2019 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 1840 रुपये प्रति कुंतल, वर्ष 2020 में 1860 रुपया, 2021 में 1925 रुपया, वर्ष 2022 में 2015 रुपये और 2023 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपया प्रति कुंतल मिला था।

हालांकि इस न्यूनतम समर्थन मूल्य से किसानों में नाराजगी है। किसान नेता विक्रमजीत सिंह विर्क का कहना कि मध्य प्रदेश में सरकार किसानों को 2700 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। जो यहां के न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि कम से कम किसानों को 2400 रुपया न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाना चाहिए। तभी किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

> इस बार किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन 2275 रुपया प्रति कुंतल रखा गया है। यह विगत वर्ष की तुलना में 150 रुपये अधिक है। इस बार सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य में जो वृद्धि की है उससे किसानों को काफी फायदा होगा।
> - अशोक कुमार, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

### नए एआरएम ने संभाला कार्य

**काशीपुर :** काशीपुर डिपो के नए एआरएम अनिल कुमार सैनी ने पदभार संभाल लिया है। उन्होंने रोडवेज डिपो की आय बढ़ाने व बेहतर रोडवेज बसों के संचालन को अपनी प्राथमिकता बताई। कहा कि वह काठगोदाम डिपो में तैनात थे। होली का त्यौहार नजदीक आ रहा है। हर रुट पर समयानुसार बसें चलाई जाएंगी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### पूर्व पार्षद से ठगी करने का प्रयास

**काशीपुर** : पूर्व पार्षद के साथ साइबर ठगों ने दस लाख रुपए की ठगी करने का प्रयास किया। मामले में पूर्व पार्षद के पति ने पुलिस को तहरीर दी है। मौहल्ला कटरामालियान निवासी राजकुमार यादव ने तहरीर में कहा कि मंगलवार सुबह पौने दस बजे उनकी पत्नी पूर्व पार्षद कविता यादव के मोबाल पर फोन आया। आरोपी ने कहा कि आपका लड़का तीन लड़कों के साथ रेप केस में पकड़ा गया है और हमारी कस्टडी में हैं। आप बताओ क्या करना है, यदि मामला केस रफा दफा करना है तो 10 लाख रुपये का इंतजाम कर लों। नहीं तो आपके लडके को 10 साल की सजा हो जायेगी। जबकि उनका पुत्र उस समय सुबह दुकान पर बैठा हुआ था। बाद में उन्होंने उस नंबर पर फोन करना चाहा तो फोन नहीं मिला। राजकुमार यादव ने पुलिस से मामले की जांच करने के लिए तहरीर सौंपी है।

### बच्ची की हत्या के मामले में पिता पर मुकदमा

**काशीपुर** : घर के बाहर खेल रही बच्ची को ईंट मारकर मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। ग्राम खरमासा की हनुमान कॉलोनी निवासी कविता ने तहरीर में बताया कि 17 मार्च की दोपहर करीब 2 .30 बजे उसकी पांच वर्षीय पुत्री योगिता घर के बाहर खेल रही थी, तभी उसके पति नन्हें सिंह पुत्र सोमपाल ने उसके सिर पर ईंट से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कहा कि उसके पति का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता वह अचानक आवेश व गुस्से में आ जाते हैं। जिस कारण उन्होंने ऐसा किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ धारा 304 आईपीसी में मुकदमा दर्ज किया है।

### नगदी के साथ तीन जुआरी पकड़े

**काशीपुर** : कुंडा थाना पुलिस ने निर्माणाधीन बैंक्वेट हॉल के पास जुआ खेलते तीन लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। जबकि एक आरोपी मौके से भाग गया। पकड़े गये लोगों के पास से पुलिस ने 3250 रुपये व ताश की गड्डी बरामद की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ठाकुरद्वारा से जसपुर कुंडा को जाने वाली सर्विस रोड के पास सोढी के निर्माणाधीन बैंक्वेट हाल की दीवार के पीछे दबिश दी। वहां जुआ खेल रहे इस्लामनगर निवासी उस्मान अली, फिरोज व ग्राम हरियावाला निवासी वसीम को पकड़ लिया। जबकि बाबरखेड़ा निवासी सचिन फरार हो गया।

# एकता की मिसाल पेश करता है सिख समाज: सीएम धामी

## गोराया फार्म में आयोजित गुरुमत संत समागम में की शिरकत, बोले-सिखों के धर्म गुरुओं ने गुरु कृपा से प्रकाश दिखाने का किया काम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : गोराया फार्म में आयोजित गुरुमत संत समागम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिख समाज एकता की मिसाल पेश कर रहा है। धर्म गुरुओं ने गुरु कृपा से समाज को प्रकाश दिखाने का काम किया है। पवित्र दिवस पर भाग लेना उनका सौभाग्य है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री धामी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का गुरुमत संत समागम स्थल पर आयोजकों ने स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का इतिहास जानने से पहले सिखों का इतिहास जानना जरूरी है। सिखों के धर्मगुरुओं ने समाज के लिए अपना बलिदान दिया है। जब देश की स्थिति ठीक नहीं थी, विदेशी ताकत हावी थे, सिख झुके नहीं। डटकर मुकाबला किया। एकता की मिसाल पेश कर समाज को जोड़ने का काम किया। धर्म की रक्षा कर एक श्रेष्ठ भारत बनाने का काम किया। कहा कि सरकार भी जनता के हित में निर्णय ले रही है। लंगर से जीएसटी हटाने का काम सरकार ने ही किया है। विपक्ष तो वादे ही करता रहा है। उन्होंने कहा कि हेमकुंड साहिब की यात्रा में चार दिनों का समय लग जाता था। बुजुर्ग लोग नहीं जा पाते थे। सरकार ने अब 45 मिनट का सफर कर दिया है। उत्तराखंड राज्य व यहां के रहने वालों की अलग ही पहचान है।

इधर, मुख्यमंत्री धामी ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की जमकर तारीफ भी की। वही मंच से केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। उन्होंने यूसीसी, नकल विरोधी कानून, हेमकुंड साहिब को लेकर रोपवे की स्वीकृति आदि योजनाओं का जिक्र किया। धामी कार्यक्रम स्थल से दबी जुबान में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का प्रचार-प्रसार भी कर गये, जो चर्चा का विषय बना रहा।

काशीपुर में आयोजित गुरुमत संत समागम में संगत का आभार व्यक्त करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

समागम में लंगर चखते मुख्यमंत्री धामी, साथ में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट व अन्य।

### किसानों के हित में निर्णय लेगी सरकार

**काशीपुर।** गुरुमत संत समागम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वह तराई में ही पढ़े बड़े हैं। गुरुमत संत समागम में तराई के साथ ही कई दूर दराज के लोग आए हैं। उनका लोगों से गहरा लगाव है। पवित्र दिवस पर सौभाग्य से उन्हें आने का मौका मिला है। किसान आंदोलन का इशारों ही इशारों में जिक्र किया। उन्होंने किसान हित में निर्णय लेने की बात कर काश्तकारों के करीब पहुंचने की कोशिश की।

### दंगाइयों को उन्हीं की भाषा में जवाब देंगे

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार जनता के हितों के लिए काम कर रही है। लोगों की सुरक्षा करना भी सरकार का काम है। हल्द्वानी की हिंसा पर बोलते हुए कहा कि दंगा कर पुलिस कर्मियों को पीटने, मीडिया कर्मियों को जान से मारने की कोशिश करने, आग के हवाले करने व वाहनों को फूंकने वालों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाएगा। जितना भी नुकसान हुआ है, पाई-पाई की भरपाई दंगाईयों से की जाएगी। कतई छोड़ा नहीं जाएगा।

# तीन दिनी संत समागम का समापन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : काशीपुर में तीन दिवसीय गुरुमत संत समागम का समापन हो गया है। देशभर से हजारों की संख्या में संगत और रागी जत्थे समागम में शामिल हुए और गुरुवाणी का अमृत संचार हुआ।

पहली बार तराई क्षेत्र के सबसे बड़े गुरुमत संत समागम का आयोजन काशीपुर चैती स्थित गोराया फार्म में हुआ। जिसका मंगलवार को अमृत संचार के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम के दौरान खालसा पंथ के 325 साल पूरे होने व गुरु गोविंद सिंह जी महाराज द्वारा इसकी स्थापना के उद्देश्य का व्याख्यान किया गया। मंगलवार को समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मुख मत्था टेका और कार्यक्रम स्थल में बैठकर गुरुवाणी को सुना। वहीं उन्होंने कार्यक्रम के दौरान चल रहे लंगर में सेवा भी की और लंगर में शामिल लोगों को लंगर वितरण करने के साथ स्वयं भी बैठकर लंगर चखा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लंगर की सेवा सिख समाज से बढ़कर कोई नहीं कर सकता है। यहां लंगर में किसी भी धर्म व समाज के लोगों को बिना भेदभाव के बड़े आदर व प्रेम भाव के साथ लंगर खिलाया जाता है। इससे पूर्व सीएम धामी ने गेट पर पहुंचकर पगड़ी भी बंधवाई और उसके बाद कार्यक्रम स्थल में पहुंचे।

# एक साथ जलीं तीन चिताएं, हर आंख हुई नम

दुःखद

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार** : बीती रात सड़क दुर्घटना में हुई जीजा-साले की मौत के बाद मंगलवार की सुबह जीजा की दादी ने भी दम तोड़ दिया। एक ही रिश्तेदारों में तीन लोगों की मौत से मातम छा गया। झनकईया सुखी नहर पर एक-एक कर तीन चिताएं जलीं। लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी।

बगिया घाट में सोमवार की देर शाम ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से पचपेड़ा निवासी सचिन सिंह राणा और उसके साले नौगवांनाथ निवासी सुरेश सिंह राणा की मौत हो गई थी। दोनों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया था। पुलिस ने शव मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए रखे थे। मंगलवार सुबह नागरिक अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम हो रहा था इसी दौरान घर पर सतीश राणा की 70 वर्षीय दादी (तयेरी दादी) छिद्दो देवी पत्नी मदारी की तबियत खराब हो गई। उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर वापस चले गये। संतोष, सुरेश और छिद्दो देवी की मौत ने परिवारजनों के अलावा क्षेत्र के लोगों को झकझोर कर रख दिया। झनकईया की सुखी नहर में पहले सचिन सिंह राणा, फिर सुरेश सिंह राणा और फिर छिद्दो देवी की चिता को मुखाग्रिन दी गई।

खटीमा के पचपेड़ा गांव में रोती बिलखती सचिन की पत्नी व अन्य। ● अमृत विचार

### रुद्रपुर की एक कंपनी में काम करता था सचिन

**खटीमा।** सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाला सचिन रुद्रपुर की एक निजी कंपनी में काम करता था। वह दो-तीन दिन पहले ही कंपनी से सीधे अपने ससुराल चला गया था। बीते दिवस वहीं से वह अपने साल के साथ बगिया घाट सब्जी आदि लेने आया और वापस घर लौटते समय हादसे हो गया।

### एकलौते बेटे की हुई मौत

**खटीमा।** मृतक सुरेश सात भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था, जो अभी अविवाहित था। जबकि सचिन अपने पिता का एकलौता पुत्र था। जो अपने पीछे पत्नी ज्योति देवी और 2 वर्ष की पुत्री रियांशी को रोता बिलखता छोड़ गया है। उसकी मौत से परिवारजनों को गहरा सदमा लगा है।

## कनेक्शन काटने गए कर्मियों से की मारपीट

**काशीपुर:** विद्युत बिल की राशि जमा न करने पर कनेक्शन काटने गये विद्युत कर्मचारियों के साथ एक व्यक्ति ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। बाद में आरोपी ने जान से मारने की भी धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लि. में स्वयं सहायता समूह कर्मचारी के पद पर कार्यरत रंजीत कुमार गिरी पुत्र योगेन्द्र गिरी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि सोमवार की दोपहर वह अन्य कर्मचारियों के साथ ढकिया गुलाबो स्थित अंकुर भटनागर के घर विद्युत बिल की राशि जमा न करने पर कनेक्शन काटने गया था। तभी अंकुर भटनागर ने उसके व साथी कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर दी। इतना ही नहीं विभागीय रशीद बुक व अन्य जरूरी कागजात को जबरन छीनने लगा। विरोध करने पर अंकुर ने उसके पैर पर डंडे से वार कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चुनाव आते ही अपना रंग बदलने लगता है विपक्ष

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार** : गुरुमत संत समागम में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गठबंधन पर करार वार किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही विपक्ष अपना रंग बदलने लगता है और गठबंधन टूट जाता है। वोट बैंक की राजनीति करने वालों को जनता जवाब दे। उन्होंने तराई का खुद को बताकर किसानों को साधने की कोशिश की।

समागम में मुख्यमंत्री धामी का संबोधन करीब आधे घंटे का रहा। उन्होंने कहा कि सरकार कठोर निर्णय ले रही है। यूसीसी विधेयक, नकल कानून, धर्मांतरण, लैंड जिहाद व भ्रष्टाचार आदि पर कानून बनाए गए हैं। महिलाओं को आरक्षण भी दिया गया है। कहा कि सरकार जो कहती है उसे धरातल पर उतार रही है। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा अब तक वादे ही किए गए, विकास के काम सरकार ने किए हैं। चुनाव से पहले गठबंधन बन गया है, इसमें पहले से ही टूट है। ऐसे लोग जनता को भ्रम में ही रखने का काम करेंगे, काम किसने किया है, यह सबको पता है। लेकिन लोग भ्रमित न हो, वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करने वालों को जवाब दें।

### अजय भट्ट बोले, अमृतसर ट्रेन का मिल रहा लाभ

**काशीपुर।** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि लालकुआं से अमृतसर ट्रेन चलने से कई लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। कहा कि जनता की मांग को देखते हुए ट्रेन चलाने के लिए उन्होंने संसद में पैरवी की थी।

### ये रहे मौजूद

**काशीपुर।** बाबा गुरपदेशदेव सिंह, बाबा तरसेम, संत सतनाम सिंह, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, अरविंद पांडे, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, दीप बाली, राजेश कुमार, प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, संगठन महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुरमुख सिंहआदिमौजूदरहे।

# हवलदार संतोष को नम आंखों से दी विदाई

श्रद्धांजलि

- शारदा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि
- 26 राजपूत राइफल्स के जवानों ने दी अंतिम सलामी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार** : लेह लद्दाख में तैनात 2-नागा रेजिमेंट के हवलदार संतोष कुमार जोशी को बनबसा के शारदा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। बनबसा कैंट की 26 राजपूत राइफल्स के जवानों ने सलामी दी।

हवलदार संतोष का दो दिन पूर्व हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को रेजीमेंट के कैप्टन गुरदीप सिंह, नायक गणेश चंद और विकास मल्ल लेकर सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे पैतृक गांव पचौरिया पहुंचे। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तिरंगे में लिपटे हवलदार जोशी के पार्थिव शरीर पर कैप्टन कुलदीप सिंह, उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमांशु जोशी आदि ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हवलदार जोशी के पार्थिव शरीर को बनबसा के शारदा घाट पर अंतिम विदाई दी गई। जहां बनबसा कैंट में तैनात 26 राजपूत राइफल्स के जवानों ने सलामी दी। जबकि उनके दोनों पुत्र मयंक जोशी और नवल जोशी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान भुवन जोशी, कैलाश पांडे, गंभीर सिंह धामी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। बता दें कि संतोष कुमार 29 नवंबर 1999 को रानीखेत से 2-नागा रेजीमेंट में भर्ती हुए थे और नवंबर 2025 में सेवानिवृत होने वाले थे।

हवलदार संतोष कुमार जोशी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते एसडीएम रविंद्र बिष्ट। ● अमृत विचार

### ऑनलाइन सट्टा खिलाते चार गिरफ्तार

**जसपुर** : पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत 4 लोगों को ऑनलाइन सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षण जसपुर हरेंद्र चौधरी ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ईदगाह रोड मोहल्ला जुलाहान से सट्टा किंग जयवीर सिंह निवासी मोहल्ला भूप सिंह सहित 4 लोगों को सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया। इनके पास से मोबाइल और सट्बटे से एकत्र 1500 रुपये की नगदी भी बरामद की। चौधरी ने बताया कि जयवीर क्षेत्र में करीब दो वर्ष से ऑनलाइन सट्टा खिलाने का काम कर रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों में जयवीर के अलावा नितिन शर्मा निवासी अस्पताल रोड मोहल्ला जूल्हान, अल्ताफ हुसैन निवासी मझरा लक्ष्मीपुर पट्टी वार्ड 8 व मोहम्मद इरशाद निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान जसपुर शामिल हैं। टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षण राजेश पाण्डे, उप निरीक्षक जावेद मलिक, सिपाही ज्ञानेन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह व राजकुमार शामिल रहे।

आदेश

33 केवी लाइन की लॉपिंग-चौपिंग का जल्द होगा काम शुरू, बिजली कटौती से मिलेगी निजात

# पेड़ों की छंटाई की अनुमति के खिलाफ याचिका निरस्त

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : बाजपुर रोड स्थित बिजली घर से काशीपुर तक आने वाली 33 केवी लाइन में अवरोध बन रहे पेड़ों की छंटाई करने की अनुमति के खिलाफ दायर याचिका प्रथम एडीजे कोर्ट ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दी है। ऐसे में अब लाइन का कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद जागी है।

खड़कपुर देवीपुरा निवासी राजविंदर सिंह संधू, राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, बलवंत सिंह, अरविंद, मोहन और हरिराज आदि ने दो वर्ष पूर्व न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज (जू.डि) की अदालत में परिवाद दायर किया था कि विद्युत विभाग ने 15 वर्ष पूर्व बाजपुर रोड स्थित बिजली घर से काशीपुर तक 33 केवी की लाइन खींची गई थी, लेकिन तब विरोध के चलते इस लाइन में करंट नहीं छोड़ा गया था। अब विभाग इसे 33 केवी की नई पैंथर लाइन में परिवर्तित कर रहा है। लाइन के पुराने तारों को हटाकर नए तार खींचे जा रहे हैं और लाइन में करंट भी छोड़ा जाना है। इससे उनकी सुरक्षा को खतरा बना हुआ है।

अदालत ने इस पर सुनवाई करते हुए 30 जून 2022 को लाइन के निर्माण पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। ऊर्जा निगम के अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने बताया कि पैंथर लाइन के आसपास पेड़ों की लौपिंग-चौपिंग के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। इस पर 8 दिसंबर 2023 को सिविल जज (जू. डि) करिश्मा डंगवाल की अदालत ने लाइन से लगे पेड़ों की लौपिंग-चौपिंग करने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस आदेश के खिलाफ राजविंदर सिंह आदि ने एडीजे कोर्ट में निगरानी याचिका प्रस्तुत की। प्रथम एडीजे विनोद कुमार ने सुनवाई के याचिका को निरस्त कर लॉपिंग चौपिंग के संबंध में अवर न्यायालय के आदेश को पुष्ट कर दिया। लाइन का काम शुरू होने से शहरी क्षेत्र को बिजली कटौती से निजात मिल सकेगी।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में पांच लोगों को तलब

**काशीपुर** : दहेज अधिनियम, मारपीट व क्रूरता मामले में कोर्ट ने पांच आरोपियों को तलब किया है। पूजा पत्नी संजू निवासी काशीपुर ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर के यहां प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसका विवाह संजू पुत्र स्व. राकेश निवासी मोहल्ला सराय फारूक वाल्मीकि बस्ती भगवानपुर जिला मुरादाबाद के साथ 16 दिसंबर 2021 को हुआ था। विवाह के समय उसके परिवार वालों ने उचित दान दहेज दिया था, लेकिन उसकी सास रामवती, देवर कपिल, अरविन्द, मनीष और ननद रीना दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करने लगे। कई-कई दिन भूखा रखते थे। खाना, कपड़े आदि भी नहीं देते थे। वर्ष 2023 में दहेज की खातिर मारपीट कर उसे व उसके पति को घर से निकाल दिया। वह अपने पिता के घर आ गई, लेकिन उक्त लोगों ने पांच लाख रुपये और कार की मांग नहीं छोड़ी। बीती 30 जनवरी को रात 9 बजे जब वह अपने घर पर थी तभी उसकी सास रामवती, देवर कपिल, अरविन्द, मनीष, ननद रीना जबरदस्ती घर के अन्दर घुस आये और उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। आरोप है कि देवरों ने उसके साथ अश्लील हरकत भी की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसी प्रकार उसे बचाया। इसके बाद पूजा ने न्याय के लिए न्यायालय में गुहार लगाई। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर ने पांचों आरोपियों को धारा 323, 498 ए, 504, 506 आईपीसी व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में तलब किया है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# राजस्थानी होली गीतों से बिखेरे मस्ती के रंग, झूमे लोग

## अग्रवाल महिला समिति ने धूमधाम से मनाया होली महोत्सव, अतिथियों ने आपसी भाईचारे और सद्भाव का दिया संदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** अग्रवाल महिला समिति की ओर से होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जहां होली गीतों पर महिलाएं होली के रंग सराबोर नजर आई। वहीं राजस्थानी सुरीली टीम ने ऐसा समां बांधा कि वहां मौजूद लोग थिरकने पर मजबूर हो गए।

मंगलवार की देर सायं महोत्सव का शुभारंभ सुरेखा जैन, ऊषा अग्रवाल, शारदा देवी अग्रवाल, डॉ. निधि जैन, डॉ. सरिका गर्ग और अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद स्वागत गीत के साथ रंगारंग कार्यक्रम शुरू हुए। होली गीतों ने मस्ती का ऐसा रंग बिखेरा की सभी होली के रंग में रंग गये। वहीं राजस्थानी सुरीली टीम ने समां बांधा और महिलाएं व पुरुष झूमने लगे। इस दौरान मुख्य अतिथि सुरेखा जैन ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का पर्व है और जिस प्रकार सातों रंग मिलकर सद्भाव का संदेश देते हैं। इस अवसर पर महामंत्री प्रभा गर्ग, कोषाध्यक्ष ऊषा श्यामपुरिया, राधा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, पूजा बंसल, मोनिका बंसल, रचना अरोरा, मंजू अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, सरिता गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में महोत्सव का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

खटीमा में आयोजित होली महोत्सव में भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

### गायन व फूलों की होली से मोहा मन

**खटीमा :** भारत विकास परिषद की ओर से होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें राधा-कृष्ण के रूप में कलाकारों ने नृत्य, होली गायन के साथ ही फूलों की होली की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस मौके पर समिति की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। महोत्सव का शुभारंभ चुनाव अधिकारी नरेश कंसल, प्रांतीय उपाध्यक्ष हरीश शर्मा, प्रांतीय संरक्षक हरीश जोशी, शाखा अध्यक्ष अमित सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान होली गायन और फूलों की होली खोली गई, जिसमें सभी ने भाग लिया। बाद में चुनाव अधिकारी नरेश कंसल की देखरेख में सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी का चयन किया गया। जिसमें सुनील रैदानी अध्यक्ष, नीरज रस्तोगी सचिव, अमरनाथ गोयल कोषाध्यक्ष चुने गए। निवर्तमान कोषाध्यक्ष दीपक बत्रा ने वर्ष 2023-24 के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।महिला संयोजिका स्वाति गोयल ने आगामी योजना की जानकारी दी। संचालन शाखा सचिव भुवन उप्रेती ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रकल्प संयोजक विशाल गोयल, नीरज खन्ना, महेश मित्तल, उमेश अग्रवाल, राजीव आर्य, भुवन जोशी, नीरज वर्मा, वरुण अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, नवनीत गुप्ता आदि थे।

### चक्कीमोड़ में होली मिलन कार्यक्रम 22 को

दिनेशपुर : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन दिनेशपुर-गूलरभोज की ओर से रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में 22 मार्च को सायं छह बजे से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में वृंदावन से आए कलाकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व फूलों की होली की प्रस्तुत देंगे। मंगलवार को चक्कीमोड़ में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष जीवन सिंह नयाल की अध्यक्षता में पत्रकारों की बैठक हुई। अध्यक्ष नयाल ने बताया कि 22 मार्च को आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के साथ ही क्षेत्रीय इदजनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी शामिल रहेंगे। बैठक का संचालन महामंत्री गौतम सरकार व सचिन राणा ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव चावला, संरक्षक केवल चंद्र पाठक, कोषाध्यक्ष अजय अरोरा, अरुण दुबे, हरविंदर सिंह चावला, अमित गुप्ता, अर्जुन कुमार, विकास कुमार, मयंक अग्रवाल, अजय कुमार, विभूति सहित सदस्य मौजूद रहे।

दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में हुई बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष राजीव चावला व अन्य।

## सार-संक्षेप

रघुराजपुर गांव के पट चित्रकला के साथ ब्लॉक प्रमुखों का दल। ● अमृत विचार

### उड़ीसा दौरे पर गया ब्लॉक प्रमुखों का दल

**खटीमा :** देवभूमि उत्तराखंड राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत कुमाऊं मंडल से नौ सदस्यीय ब्लॉक प्रमुखों का दल उड़ीसा यात्रा पर गया है। खटीमा के ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी ने बताया कि दल उड़ीसा भ्रमण पर है। जिसके तहत दल ने जगन्नाथ पुरी धाम के दर्शन के साथ ग्राम पंचायत रघुराजपुर का भ्रमण किया। दल में भीमताल प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, बाराकोट प्रमुख विनीता फर्त्याल, पाटी प्रमुख सुमन लता, रामगढ़ प्रमुख पुष्पा नेगी, हवालबाग प्रमुख बबीता भाकुनी, चौखुटिया प्रमुख किरण बिष्ट, काशीपुर प्रमुख अर्जुन कश्यप और बेतालघाट प्रमुख आनंदी बधानी शामिल है।

काशीपुर में मुख्यमंत्री धामी को चित्र सौंपती कंवलजीत औजला।

### महिला आयोग की सदस्य ने मुख्यमंत्री को किया सम्मानित

**गदरपुर :** अनुसूचित जनजाति आयोग की महिला सदस्य कंवलजीत औजला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सरोपा पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंगलवार को काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान औजला ने कहा कि धामी सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं लाई, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकी हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, अनुसूचित जनजाति महिला आयोग की सदस्य एवं ग्राम प्रधान संघ की अध्यक्ष कंवलजीत कौर औजला, काशीपुर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, परमजीत पम्मा, रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

खटीमा में लेफ्टिनेंट बने पूर्व छात्र रोहित चांद को सम्मानित करता स्कूल प्रबंधन।

### लेफ्टिनेंट बने रोहित का सिटी कॉन्वेंट में स्वागत

**खटीमा, अमृत विचार :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल के पूर्व छात्र रोहित चंद के सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर स्कूल प्रबंधन ने उन्हें सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट बनाने के बाद रोहित ने स्कूल में पहुंचकर बचपन के दिनों को याद किया। इस अवसर पर प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, उपप्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पांडे, एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी, प्रकाश बिष्ट, वंदना जोशी ने शॉल एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

# चोरी की बाइकों के साथ एक दबोचा

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की दो मोटर साइकिल और दो स्कूटी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि 18 मार्च को वार्ड 4 सकैनिया मोड गदरपुर निवासी अमित ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि 13 मार्च की दोपहर 1:30 बजे रेड रोज कॉन्वेंट स्कूल के बाहर खड़ी उसकी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। तहरीर के आधार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। चोर की धरपकड़ के लिए एसएसपी के निर्देशन पर टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर सोमवार की रात गदरपुर तिराहे के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी तभी एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर आता दिखाई दिया। जब उसे रूकने का इशारा किया गया तो वह पीछे भागने लगा। जिस पर टीम ने उसे धर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आसिफ उर्फ गटुवा निवासी डोंगपुरी गदरपुर बताया। बाइक की जांच करने पर पता चला कि वह चोरी की है। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बाइक रेड रोड कॉन्वेंट स्कूल के बाहर से चोरी करने की बात कबूली। बताया कि इससे पूर्व में उसने उत्तर प्रदेश के रामपुर व आसपास के जनपदों से भी मोटर साइकिल और स्कूटी चोरी की है। जिन्हे उसने कुलवन्त नगर डैम की झाडियों में छुपाया है। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने झाड़ियां से मोटर साइकिल व स्कूटी बरामद की।

थाने में चोरी की बाइकों के साथ आरोपित और पुलिस टीम। ● अमृत विचार

## कार की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी की मौत

**पंतनगर :** रुद्रपुर-लालकुआं हाइवे पर तेज रफ्तार से जा रही एक कार ने साइकिल सवार फैक्ट्री कर्मी को टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

फूलबाग सेंटर पंतनगर निवासी मोहन राम (50) पुत्र शंभु दयाल सिडकुल की किसी फैक्ट्री में काम करता था और फूलबाग गेट के पास डॉ. शुक्ला के आवास में सर्वेंट क्वार्टर में निवास करता था। मंगलवार का शिफ्ट छुटने के बाद वह साइकिल से पंतनगर अपने घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान रुद्रपुर-लालकुआं हाईवे पर औषधीय पौध संस्थान के पास तेज रफ्तार कार ने मोहन राम की साइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मामूली विवाद पर दिव्यांग महिला पर डाला खौलता दूध

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मामूली विवाद के चलते देवर-देवरानी ने अपनी ही दिव्यांग भाभी पर खौलता दूध डाल दिया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। आनन-फानन में उसे सीएचसी सेंटर से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना गदरपुर इलाके की रहने वाली शबनम का विवाह अक्टूबर 2022 को अखलाक हुसैन के साथ हुआ था। 70 फीसदी दिव्यांग होने के बाद भी विवाहिता अपने पति की दूसरी बीवी के बच्चों से बेइंतहा प्यार करती थी। आरोप है कि 15 मार्च को दिव्यांग विवाहिता का देवर और देवरानी बच्चों को पीटने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो देवर-देवरानी ने उसके साथ हाथापाई की और गैस पर रखा खौलता दूध उसके ऊपर डाल दिया। इससे शबनम बुरी तरह से झुलस गई। परिवार में चीख पुकार मचने लगी। आनन-फानन में विवाहिता को सीएचसी सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पीड़िता के परिवार ने मंगलवार को गदरपुर थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

खटीमा में पुष्पा भट्ट का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पुष्पा भट्ट ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

खटीमा : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की पत्नी पुष्पा भट्ट ने खटीमा, नानकमत्ता मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में पुष्पा भट्ट ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट तीन लाख 30 हजार वोटों से विजय हुए थे। कहा कि इस बार भी उन्हें रिकॉर्ड मतों से जिताएं ऐसा आशीर्वाद और सहयोग लेने के लिए वह जनता के बीच में आई हैं। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने पुष्पा भट्ट का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगराध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, नंदन खड़ायत, गंभीर सिंह धामी, विनीता सक्सेना आदि मौजूद रहे। इधर, पुष्पा भट्ट ने थारू होली में प्रतिभाग करते हुए इसका आनंद उठाया। इस दौरान रेनू भंडारी, राजपाल सिंह, डॉ. नवीन भट्ट, अमित पांडेय, आलोक तिवारी, सतीश गोयल, दीपक तिवारी, अनीता ज्याला, हिमांशु बिष्ट, सचिन रस्तोगी, जानकी गोस्वामी, मुकेश रोहेला मौजूद रहे।

# चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर नैनीताल रोड में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हो गया। इस दौरान हवन, पूजन और अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

मंगलवार को कार्यालय के उद्घाटन के दौरान भाजपा प्रत्याशी अज भट्ट का कार्यालय में पहुंचने पर विधायक शिव अरोरा समेत अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रकाश हर्बोला, प्रदीप बिष्ट, विधानसभा सहसंयोजक सुरेश कोली, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, उपेंद्र चौधरी, प्रीत ग्रोवर, राधेश शर्मा, सोनू अनेजा, जगदीश विश्वास, राजेश जग्गा, योकेश वर्मा, मुकेश पाल, मयंक कक्कड़, संदीप राव समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यालय शुभारंभ के दौरान प्रत्याशी अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा व अन्य।

### सपा की पूर्व राष्ट्रीय महासचिव रेखा भाजपा में शामिल

**रुद्रपुर।** लोकसभा चुनाव से पूर्व सपा की पूर्व राष्ट्रीय महासचिव रेखा यादव अपने पति प्रोफेसर मुलायम यादव और समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गई हैं। इससे सपा को तगड़ा झटका लगा है। वहीं पार्टी में शामिल होने पर भाजपा चुनाव कार्यालय में ही भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा ने सदस्यता ग्रहण कराई और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

## देर से मिला न्याय भी अन्याय के बराबर

**शांतिपुरी :** मुजफ्फरनगर कांड के करीब दो दशक बाद आये फैसले पर राज्य आंदोलनकारी ललित कांडपाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देर से मिला फैसला भी अन्याय के बराबर है।

कांडपाल ने न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि निर्दोष राज्य आंदोलनकारियों को सही न्याय पाने के लिए अदालत का 30 साल तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के मामले में 27 पुलिसकर्मी आरोपी हैं। जिनमें से कुछ की मृत्यु हो गई है तो कुछ अपने अंतिम दिनों में चल रहे हैं। इस प्रकार का न्याय पीड़ित पक्ष को संतुष्टि नहीं देता। रामपुर तिराहा कांड लोकतंत्र के ऊपर एक घिनौना धब्बा है। उत्तराखंडियों पर हुए अत्याचार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। 30 साल बाद आये अदालत के निर्णय से कुछ राहत मिली है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मतदान की शपथ दिलाई

महिलाओं व लोगों को शपथ दिलातीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान जोरों पर है। इसी क्रम में मंगलवार को बाजपुर के ग्राम महेशपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायकों ने गांवा की महिलाओं व लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई।

**कार्यक्रम**

**▸▸ मतदान के लिए महिलाओं व लोगों को किया प्रेरित**

इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश सैनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना गुप्ता, सुमन कश्यप, सरिता गुप्ता, बबीता चंद्रा, रजनी गुप्ता, उर्मिला कश्यप, गीता रानी, रानी कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सात अधिवक्ताओं ने भरे नामांकन पत्र

**चुनाव**

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन विभिन्न पदों पर सात प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। दो दिन में करीब 20 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। बुधवार को नामांकन कराने की अंतिम तिथि है।

जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंवर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य ने बताया कि मंगलवार को उपाध्यक्ष पद पर मनोहर लाल, महिला उपाध्यक्ष पद पर स्नेहलता राणा और ममता शर्मा, सचिव पद पर महेश चंद्र भट्ट, उपसचिव पद पर आशीष मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष पद पर शाहाना बेगम तथा पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर मधु राणा ने नामांकन कराया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि दो दिन में नौ पदों के लिए कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की बुधवार को अंतिम तिथि है। मतपत्रों की जांच के बाद 21 मार्च और 22 मार्च को नाम वापस लिए जा सकेंगे।

खटीमा में अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते प्रत्याशी। ● अमृत विचार

## काली पूजा महोत्सव के लिए कमेटी गठित

**शक्तिफार्म :** पांच दिवसीय श्रीश्री काली पूजा महोत्सव एवं महामेले के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शंकर गोलदार अध्यक्ष और अनूप सरकार सचिव मनोनीत किए गए। मंगलवार को ग्रामसभा देवनगर में बैठक के दौरान कमेटी के लिए सुनील सरकार व अमीर दास उपाध्यक्ष, चंदन विश्वास कोषाध्यक्ष, सुकृत मालाकार एवं दीपांकर मल्लिक उपसचिव, विक्रम मंडल, विश्वजीत राय उप कोषाध्यक्ष व दीपांकर राय को सर्वसम्मति से मंडवी मनोनीत किया गया। अध्यक्ष शंकर गोलदार ने बताया कि 20 एवं 22 मार्च को बाउल संगीत, 21 को जात्रागान (नाटक), 23 एवं 24 मार्च को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## एक नजर

### जंगल आग से राख, नहीं टूट रही विभाग की नींद

**गरमपानी :** जंगलों के आग से राख होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। समीपवर्ती भुजान क्षेत्र से सटे बोहरागांव का जंगल से उठी आग की लपटों से क्षेत्र के बाशिंदे भी दहशत में आ गए। शाम के वक्त आग की लपटें विकराल होती चली गई। आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचने का अनुमान है। खैरना बाजार के समीपवर्ती भुजान क्षेत्र से दोपहर बोहरागांव से सटा जंगल आग की चपेट में आ गया। कुछ ही देर में पूरा जंगल आग से धधकता चला गया। धीरे धीरे आग की लपटें विकराल होती चली गई। जीआईसी भुजान के परिसर के नजदीक आग पहुंचने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही की लपटें परिसर तक नहीं पहुंची। और बड़ा हादसा टल गया। देर रात तक जंगल धधकता रहा। आग से वन संपदा के साथ ही मवेशियों की चारा पत्ती नष्ट होने का अनुमान है। एक के बाद एक जंगलों के आग से खाक होने के बावजूद वन विभाग के कुभंकरणीय नींद नहीं टूट रही। लोगों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है। आरोप लगाया है वन विभाग दावे तो खूब कर रहा है पर धरातल में दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

### कर्मियों को अस्पतालों में मिलेगा कैश लैस उपचार

**गरमपानी :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गया है। निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी करने वाले मतदान व सुरक्षा कर्मियों को अस्पतालों में कैश लैस (निशुल्क) उपचार कराया जाएगा। सीएचसी गरमपानी के चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत के अनुसार उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर ली गई है। मतदान व सुरक्षा कर्मियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लोकसभा चुनाव की तैयारियों अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही निर्वाचन विभाग ने निर्वाचन प्रक्रिया में जुटने वाले सभी विभागों को अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश भी जारी कर दिए है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी तैयारी में जुट गया है। मतदान व सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी सरकारी अस्पतालों में बकायदा मतदान प्रक्रिया में जुटने वाले कार्मिकों व सुरक्षा कर्मियों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन आज से, तैयारी पूरी

## सुबह 11 बजे से 3 बजे तक होंगे नामांकन, 27 मार्च अंतिम तिथि, डीएम के न्यायालय कक्ष को बनाया गया है नामांकन कक्ष

नामांकन के लिए बेरिकेडिंग करते मजदूर। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 से प्रभावी हो गई है। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

बुधवार से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च है। इसके लिए कलक्ट्रेट में बेरिकेडिंग लगा दी गयी है। मंगलवार की देर सायं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन सुबह 11 बजे से 3 बजे तक होगा। नामांकन जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर के न्यायालय कक्ष में होंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन के लिए जिला अधिकारी परिसर में एआरटीओ कार्यालय रोड पर स्थिति गेट नंबर 3 से प्रवेश किया जाएगा। नामांकन कक्ष के 100 मीटर के दायरे में केवल अनुमन्य व्यक्ति को ही प्रवेश की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के नामांकन में नामांकन कक्ष में प्रत्याशी सहित कुल 5 व्यक्ति ही शामिल होंगे। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के नामांकन के लिए 10 प्रस्तावक मान्य होंगे। उन्होंने बताया कि उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट डेजिकनेटेड रिटर्निंग ऑफिसर नामित किये गये हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल आदि मौजूद रहे।

# प्रचार सामग्री हटाने को नगर निगम ने किया अभियान तेज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ===लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगर निगम ने सरकारी व राजनीतिक पार्टियों के विज्ञापनों के बैनर व होर्डिंग हटाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। सभी सार्वजनिक स्थानों में लगे बैनर व पोस्टर हटाये जा रहे हैं। निगम अधिकारियों ने 72 घंटों के अंदर सभी विज्ञापनों को हटाने के निर्देश कर्मियों को दिये हैं।

काशीपुर नगर निगम सहित विभिन्न संबंधित विभागों की 6 टीमें आचार संहिता लागू होते ही बैनर व होर्डिंग हटाने के काम पर जुट गई हैं। अब तक निगम ने करीब 2711 बैनर व होर्डिंग को हटा दिया है। साथ ही दीवारों व अन्य जगहों पर लिखे हुए पोस्टर को सफेद व अन्य रंग से रंग दिया है। जिससे किसी भी सरकारी विज्ञापन व राजनीतिक पार्टी का प्रचार-प्रसार न हो सके। सहायक नगर आयुक्त सरिता राणा ने बताया कि आचार संहिता लागू होते ही 72 घंटे में टीम ने 2711 बैनर व पोस्टर हटा दिये है। आगे भी टीम का अभियान लगातार जारी रहेगा।

काशीपुर में बैनर पोस्टर हटाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

## आवासीय परिसर में बाहरी श्रमिकों का कब्जा

**गरमपानी :** भुजान क्षेत्र में स्थित राजकीय अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के आवासीय परिसर में बाहरी राज्यों के मजदूरों ने कब्जा जमा लिया है। बाहरी मजदूरों के आवासीय परिसर में डेरा डाल दिए जाने से तमाम गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रधानाचार्य भंवर सिंह के अनुसार मजदूरों के आवासीय परिसर में रहने की जानकारी मिलने पर उन्हें हटाने के लिए राजस्व उपनिरीक्षक को कहा गया है। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान के ठीक नीचे विद्यालय की आवासीय परिसर है। अनदेखी का शिकार होने से आवासीय परिसर बदहाल हालत में पहुंच चुका है। निगरानी के अभाव में आवासीय परिसर खस्ताहाल हो चुका है। देखरेख न होने से अब बाहरी राज्यों से काम की तलाश में पहुंचे श्रमिकों ने अब आवासीय परिसर में कब्जा कर लिया है। बच्चों व महिलाओं के साथ परिसर में रह रहे श्रमिक नजदीक ही बहने वाली कोसी नदी में खुले में शौच कर नदी को प्रदूषित करने में जुटे हुए हैं।

# शुल्क देने के बावजूद कूड़े का निस्तारण नहीं

संवाददाता, गरमपानी

- गरमपानी-खैरना बाजार में चरमराई सफाई व्यवस्था
- आए दिन सेवा प्रभावित होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित गरमपानी खैरना बाजार क्षेत्र में कूड़ा वाहन न पहुंचने से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। व्यवस्था पटरी से उतर जाने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने आरोप लगाया है की समुचित शुल्क देने के बावजूद व्यवस्था का लाभ नहीं मिल रहा। सफाई व्यवस्था चाक चौबंद करने की मांग उठाई है। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित बाजार क्षेत्रों में जिला पंचायत के कूड़ा वाहन से कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था बनाई गई है। बकायदा गरमपानी, खैरना, छड़ा, चमड़ियां, सुयालखेत, सुयालबाड़ी, नैनीपुल आदि क्षेत्रों के व्यापारी कूड़ा निस्तारण की एवज में प्रतिमाह शुल्क भी देते हैं। पर पिछले कई दिनों से कूड़ा वाहन के क्षेत्र में न पहुंचने से सफाई व्यवस्था बिगड़ चुकी है। व्यापारी सुरेश जोशी, विरेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह आदि ने शुल्क देने के बावजूद व्यवस्था दुरुस्त न होने पर गहरी नाराजगी जताई है। जल्द व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है।

## रातीघाट- बेतालघाट मार्ग से गांवों में शराब तस्करी का आरोप

**गरमपानी :** रातीघाट बेतालघाट मोटर मार्ग पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों से शराब तस्करी का आरोप लगा कांग्रेसी नेता ने चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग उठाई है। बताया है की यातायात नियमों की भी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। शराबियों के बढ़ते आंतक से भी शांति व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा बना हुआ है।

मल्लाकोट निवासी कांग्रेसी नेता कृपाल सिंह ने चौकी प्रभारी खैरना को शिकायती पत्र सौंप बताया है की रातीघाट बेतालघाट मोटर मार्ग से दो पहिया व चार पहिया वाहनों के जरिए आसपास के गांवों में शराब तस्करी की जा रही है।

# पीठासीन व मतदान अधिकारी लोकतंत्र की रीढ़

- पहले चरण के दूसरे दिन एक हजार अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पंतनगर के गांधी हॉल में प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। मंगलवार को पहले चरण के दूसरे दिन 915 पीठासीन व 85 मतदान अधिकारियों को मतदान व ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया।

नोडल प्रशिक्षण नरेश चंद्र दुर्गापाल ने कहा कि पीठासीन और मतदान अधिकारी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। लोकतंत्र में निर्वाचन अति महत्वपूर्ण कार्य है। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती, इसलिए ईवीएम वीवीपैट के प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा रही है, उनको भली-भांति सीख लें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक आदर्श आचार संहिता का पूरा पालन करें और मतदान पार्टियां मतदेय स्थल तक पंहुचने की तत्काल सूचना सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को दें। उन्होंने निर्देश दिए कि ईवीएम वीवीपैट मशीन को लाने व ले जाने में पूरी सावधानी बरती जाए।

मतदेय स्थल के 100 मीटर की परिधि में प्रचार-प्रसार की साम्रगी कतई न लगने दी जाए और मतदाताओं के फोटो पहचान पत्र के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मान्य अन्य दस्तावेजों का सावधानी से परीक्षण कर नामावलियों से मिलाकर मतदान कराएं, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धांतिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाया और ईवीएम प्रशिक्षण में मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन-ऑफ करने व सील करने सहित बीयू, सीयू एवं वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, परियोजना निदेशक अजय सिंह, सीईओ केएस रावत व डीईओ हरेंद्र मिश्रा सहित पीठासीन व मतदान अधिकारी-प्रथम मौजूद रहे।

गांधी हाल में अधिकारियों को प्रशिक्षण देते एसडीएम नरेश चंद्र दुर्गापाल।

# हत्या के आरोप से चाचा चाची और भाई बरी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कोटाबाग के फतेहपुर गांव के स्यात पट्टी में चार साल पहले युवती की हत्या के मामले में आरोपी बनाए गए उसके चाचा-चाची और चचेरा भाई एडीजे कोर्ट रामनगर से दोषमुक्त हो गए हैं। अभियोजन पक्ष अभियुक्तों पर आरोपों को साबित नहीं कर सका।

पुलिस में दर्ज घटनाक्रम के अनुसार, लक्ष्मीदत्त ने बताया था कि 16 अप्रैल 2020 को कोटाबाग के गांव फतेहपुर पट्टी स्यात में दोपहर करीब 11 बजे उसके खेत में फसल को भाई शिवदत्त के पशु नुकसान पहुंचा रहे थे। उसने भाई से ऐतराज जताया तो शिवदत्त, उसकी पत्नी मुन्नी देवी और बेटा वंशीधर उससे मारपीट और गालीगलौज करने लगे। लक्ष्मीदत्त को पत्नी खष्टी और बेटी भावना बचाने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और भावना को धमकाते हुए उसके मुंह में जबरन जहरीला पदार्थ (घास मारने की दवा) डाल दी। बाद में हल्द्वानी के अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

मामले में जांच के बाद पुलिस ने 17 जुलाई को अपर सत्र न्यायाधीश रामनगर की कोर्ट में चार्जशीट पेश की। अभियोजन पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता एडीजीसी पीएस बोहरा, नवीन जोशी और देव सिंह मेहर ने 12 गवाहों को परीक्षित कराया। न्यायालय में 1 अगस्त 2022 से गवाहियां शुरू हुई। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रदीप लोहनी ने बहस के दौरान यह साबित किया कि भावना को आरोपियों ने जहर नहीं दिया, बल्कि उसने स्वयं जहरीला पदार्थ पी लिया था। बचाव पक्ष ने वादी लक्ष्मी दत्त और उनकी पत्नी खष्टी देवी के बयानों के विरोधाभासी पहलू को भी उजागर किया। बहस के दौरान अभियोजन पक्ष आरोपियों पर दोष सिद्ध नहीं कर सका।

## चार कैमरों से रखी जाएगी गुलदार की गतिविधियों पर नजर

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के खैरनी तथा थापली गांव में बढ़ती गुलदार की घुसपैठ व भुजान – बेतालघाट मोटर मार्ग पर वाहन व बाइक सवारों पर हमलावर हो रहे गुलदार की संख्या का पता लगाने को वन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। करीब चार ट्रैप कैमरे लगाकर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा के अनुसार गुलदार अकेला है या शावकों के साथ पता लगाना जरुरी है। पुष्टि होने के बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। फिलहाल गस्त बड़ा दी गई है। बेतालघाट ब्लॉक के थापली व खैरनी गांव तथा मुख्य सड़क पर गुलदार की दहशत से गांवों के बाशिंदे खौफजदा हैं। दिन ढलने के साथ ही लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं जबकि अभिभावक भी नौनिहालों को स्कूल भेजने में कतराने लगे हैं। मवेशियों के लिए चारा पत्ती लेने को जंगल जाने वाली महिलाएं भी भयभीत हैं। दिन दोपहर ही गुलदार गांव के आसपास देखा जा रहा है। मवेशियों को मार डालने के बाद अब गुलदार सड़क पर आवाजाही करने वाले लोगों पर भी हमलावर होता जा रहा है। गांव व मुख्य सड़क पर सक्रिय गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने को वन विभाग ने चार ट्रैप कैमरे लगाने की तैयारी कर ली है।

## विद्यालय के आवासीय परिसर में बाहरी श्रमिकों का कब्जा

**गरमपानी :** समीपवर्ती भुजान क्षेत्र में स्थित राजकीय अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के आवासीय परिसर में बाहरी राज्यों के मजदूरों ने कब्जा जमा लिया है। बाहरी मजदूरों के आवासीय परिसर में डेरा डाल दिए जाने से तमाम गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवर सिंह के अनुसार मजदूरों के आवासीय परिसर में रहने की जानकारी मिलने पर उन्हें हटाने के लिए राजस्व उपनिरीक्षक को कहा गया है। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान के ठीक नीचे विद्यालय की आवासीय परिसर है। अनदेखी का शिकार होने से आवासीय परिसर बदहाल हालत में पहुंच चुका है। निगरानी के अभाव में आवासीय परिसर खस्ताहाल हो चुका है। देखरेख न होने से अब बाहरी राज्यों से काम की तलाश में पहुंचे श्रमिकों ने अब आवासीय परिसर में कब्जा कर लिया है। बच्चों व महिलाओं के साथ आवासीय परिसर में रह रहे श्रमिक नजदीक ही बहने वाली जीवनदायिनी कोसी नदी में खुले में शौच कर नदी को प्रदूषित करने में जुटे हुए हैं। बाहरी मजदूरों के आवासीय परिसर में बगैर विद्यालय प्रबंधन को सूचना दे डेरा डाल दिए जाने से क्षेत्र में भी हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी गहरी नाराजगी जताई है।

# मूल्यांकन में किसी प्रकार की त्रुटि बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, रामनगर

- 29 केंद्रों में 27 मार्च से शुरू होगा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन
- बोर्ड मुख्यालय में 58 मास्टर ट्रेनरों को दिया मूल्यांकन का प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के मूल्यांकन में गुणात्मक सुधार के लिए मंगलवार को परिषद कार्यालय 58 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए प्रदेश भर के 29 मूल्यांकन केद्रों से दो-दो परीक्षकों को बुलाया गया था।

प्रभारी सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम में चरणबद्ध मूल्यांकन और नवीन अंक योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। प्रभारी सचिव सिमल्टी ने निर्देश दिए कि परीक्षकों का फोकस शत प्रतिशत त्रुटिरहित मूल्यांकन पर होना चाहिए, ताकि किसी भी परीक्षार्थी का अहित न हो। सिमल्टी ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए कुल 29 मूल्यांकन केंद्रों में 3574 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। यहां आए मास्टर ट्रेनर अपने मूल्यांकन केंद्रों में अन्य परीक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। इस साल मूल्यांकन के लिए 10वीं कक्षा के लिए 1516 परीक्षक, 159 उप प्रधान परीक्षक, 318 अंकेक्षक और 12वीं कक्षा के लिए 1203 परीक्षक, 126 उप प्रधान परीक्षक, 252 अंकेक्षकों की नियुक्ति की गयी है। मूल्यांकन कार्य 27 मार्च से 10 अप्रैल तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोर्ड के अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत, संयुक्त सचिव डॉ. एसपी सिंह, श्याम सिंह बिष्ट, उपसचिव सुषमा गौरव, शोध अधिकारी शैलेन्द्र जोशी, प्रशासनिक अधिकारी इन्दु प्रकाश नेगी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### रानीबाग में गुलदार ने कुत्ते को बनाया शिकार

**भीमताल :** रानीबाग में रात के समय गुलदार फिर दिखने लगा है। रानीबाग चौधानपाटा निवासी धीरज पंत ने बताया कि सोमवार रात साढ़े आठ बजे जब वह घर के भीतर थे तब गुलदार ने घर के आंगन में बैठे कुत्ते पर हमला कर दिया। जब तक वे कुत्ते की आवाज सुनकर बाहर आते तब तक गुलदार कुत्ते को जंगल की तरफ ले जा चुका था। दीपक नौगाईं, संजय साह, महेश भंडारी आदि ने वन विभाग से रात के समय गश्त करने के लिए कहा है।

### बदहाल सड़क से लोगों में रोष

**काशीपुर :** मुरादाबाद रोड के समीप कपूर फार्म व गंगापुर गांव को जोड़ने वाली सड़क लंबे समय से बदहाल है। लोगों ने कई बार अधिकारियों के सामने समस्या रखी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। सड़क की खस्ताहालत से लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क कई साल पहले मंडी समिति परिषद ने बनाई थी। जिसमें लोग आवाजाही भी करते हैं। लेकिन सड़क निर्माण के बाद किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। बताया कि खस्ताहाल सड़क को बनाने की मांग कई बार मंडी के अधिकारियों से की जा चुकी है। ऑनलाइन शिकायत भी की, लेकिन किसी ने उनकी सुध नहीं ली। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी ली जाएगी। सड़क को ठीक करवाया जाएगा।

सड़क पर जमा पानी।

### जनता केंद्र व राज्य सरकार के कार्यों से संतुष्ट

किच्छा में बैठक को संबोधित करते मुख्य वक्ता विपिन जलहोत्रा।

**किच्छा :** भाजपा ग्रामीण मंडल की ओर से ग्राम दरऊ में शक्ति केंद्र प्रभारियों व पन्ना प्रमुखों की बैठक हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी को मतदाता का अपार समर्थन मिल रहा है। क्षेत्र की जनता केंद्र की मोदी व प्रदेश की धामी सरकार के कार्यों से संतुष्ट नजर आ रही है। जनता ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को रिकॉर्ड मतों से जिताने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भट्ट ने साढे.तीन लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। वर्तमान में चल रही मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी भट्ट करीब 5 लाख वोटों से अधिक मतों से जीत दर्ज कर से रिकॉर्ड बनाएंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोरा ने कहा कि भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता के चलते उत्तराखंड में कांग्रेस अपनी करारी हार देख रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं को लेकर पात्रों के बीच पहुंचकर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का आह्वान किया। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार गौतम, अनुसूचित मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष मुरारी लाल, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम, बूथ अध्यक्ष सैयद इकराम हुसैन, विनय राय, सैयद इफ्तिखार हुसैन, रिहान अहमद, साजिद खान उर्फ केके, नंदराम, चंद्रपाल, आनंदी लाल, महेंद्र पाल गौतम, छत्रपाल, सतनाम सिंह, इंद्रजीत सिंह, बृजलाल, सोमपाल, हरीश पाल, रविंद्र सिंह, रामजी शरण, राहुल प्रताप सिंह, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

**आक्रोश** इमलीघाट उपखनिज गेट को बंद कर जताया विरोध, सड़क पर लगाया जाम, शीघ्र पानी का छिड़काव कराने की मांग

# खनन मार्ग में पानी छिड़काव को लेकर सड़क पर उतरी महिलाएं

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी में खनन वाहनों के चलने से उड़ रही धूल के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्र की महिलाएं लंबे समय से खनन मार्ग में पानी का छिड़काव करने की मांग कर रही हैं, लेकिन अब तक किसी न उनकी सुध नहीं ली है। मांग पूरी न होने से आक्रोशित महिलाएं मंगलवार को सड़क पर उतर आईं। उन्होंने इमलीघाट उपखनिज गेट को बंद कर वाहनों का विरोध करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि वन निगम खनन निकासी मार्ग पर खनन वाहनों से पानी छिड़काव के लिए पैसे वसूलता है, इसके बावजूद सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। विरोध के बाद निगम दिखावे के लिए एक या दो दिन पानी डालकर इतिश्री कर लेता है। उन्होंने कहा कि धूल के कारण लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों और राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। धूल के कारण कई लोग टीबी और दमा जैसी बीमारियों की चपेट में आ गये हैं। महिलाओं ने करीब ढ़ाई घंटे तक सड़क पर जाम लगाया। डीएलएम ने दूरभाष से महिलाओं से वार्ता की और पानी का छिड़काव करने का आश्वासन दिया। लेकिन महिलाएं नहीं माने। उन्होंने खनन निकासी गेट पर तालाबंदी कर खनिज लेने आये खाली वाहनों को कांटे में इंट्री कराने से पहले ही बैरंग वापस लौटा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि वन निगम ने अगर उपखनिज निकासी मार्ग पर प्रतिदिन तीन राउंड पानी का छिड़काव नहीं किया तो वह किसी हाल में गेट को नहीं खुलने देंगी। जाम लगाने वालों में दुर्गा कोरंगा, हेमा मेहता, हरली देवी, मंजू राणा, शांति कोरंगा, सोनी राणा, मुकुल दसौनी, पूजा, सुनीता देवी, जानकी मेहता, गीता मेहता, नीमा जोशी, शीला जोशी, कंचन भट्ट, पार्वती मेहता, सीता आर्य, रजनी देवी, बसंती कार्की, सावित्री मेहता, गोविंदी देवी, पिंकी मेहता, बसंती कार्की, आदि और वहीं मौजूद वाहन स्वामी राणा, किशन भंडारी, ईश्वर, हीरा सिंह रौतेला, मयंक, नवीन, प्रकाश सिंह कोरंगा, प्रदीप कोरंगा, पंकज पपोला, योगेश कोरंगा, मेहरवान सिंह, खड़क मेहता आदि शामिल रहे।

इमलीघाट गेट पर तालाबंदी के बाद खाली वापस लौटते वाहन स्वामी।

अधिकारी झूठे बोल रहे हैं। प्रतिदिन तीन बार पानी छिड़काव की मांग करने के बावजूद केवल एक बार नाममात्र का पानी डाला जा रहा है। पानी सूखने के बाद फिर से धूल का गुब्बार उठने लगा है। अगर जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। – **दुर्गा कोरंगा**, महिला नेत्री शांतिपुरी नंबर तीन

रोजगार को प्रभावित कर वाहन स्वामियों को अधर में लटका दिया है। विभाग को चाहिए कि वह गेट को ठीक से संचालित करे और डबल टैक्स, बीमा व फिजूल की प्राइवेट फिटनेस का दबाव न डाले। – **कविन्दर कोरंगा**, अध्यक्ष वाहन यूनियन इमलीघाट उपखनिज गेट

खनन निकासी मार्ग में रोज दो बार पानी डालने को कहा गया है। महिलाएं ही टैंकर चालक को परेशान कर पूरा नोजल एक ही स्थान पर खोल कर पानी खत्म कर रहीं हैं। पुलिस को सूचित कर दिया है। अब इससे अधिक कुछ नहीं किया जा सकता है। – **धीरेश चंद्र बिष्ट**, डीएलएम वन निगम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥

जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है ।

## संपादकीय

# भारत-रूस संबंध

चुनाव में मिली जीत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। उन्होंने चेताया कि रूस और नाटो के बीच संभावित संघर्ष से दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' रह जाएगी। यानि अपनी व्यापक जीत के साथ पुतिन संभवतः और अधिक ताकत का प्रदर्शन करेंगे और यथास्थिति बनाए रखेंगे। यह निर्विवाद है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आलोचकों की अपेक्षा से बेहतर मुकाबला किया है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लाई गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी, विशेष और विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में वे एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वास्तव में भारत के लिए पुतिन का पुनः चुना जाना एक महत्वपूर्ण रिश्ते की स्थिरता सुनिश्चित करेगा। रूसी नेता ने भारत के स्वतंत्र इतिहास के लगभग एक तिहाई समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखा है और अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है।

2010 से भारत-रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मज़बूत इतिहास की ठोस बुनियाद पर विकसित हुई है और ये राजनीतिक ज़रूरत के माध्यमों से बनी हुई है। रूस ने शंघाई सहयोग संगठन में भारत की सदस्यता का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और इसमें भारत को शामिल करने की अपील की। इस तरह रूस ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। तकनीकी संकीर्णता की तरफ अमेरिका के धीरे-धीरे लेकिन साफ झुकाव के बीच भारत की कंपनियां रूस के साथ सहयोग को लेकर सावधानी बरत रही हैं। इसके अलावा रूस से आयात में बढ़ोतरी के साथ-साथ भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसलिए दोनों देशों के संबंधों को विक्रेता-खरीदार रिश्तों के रूप से हटकर अधिक रणनीतिक बुनियाद पर एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

# विज्ञान कथाओं की कोख से ही निकलेगी स्पेस-शब्दावली

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं।**

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) की कार्य प्रणालियों की रिपोर्टिंग और इसकी उपलब्धियों और इतिहास के बारे में हिंदी मीडिया में लेखन के विविध पाठ पढ़ने से टर्मिनोलॉजी को लेकर कुछ सवाल उठने स्वाभाविक हैं। शब्द सामर्थ्य के अनुसार अपनी शैली में विषय से संबंधित सामग्री का प्रस्तुतिकरण आमजन के लिए एक लेखक जब करता है तब भारतीय भाषाओं में लिखी हुई इबारत में तद्भव वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के प्रयोग करने को कितनी उदारता से प्रयोग करना चाहिए? साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दावली से सामना होने पर लोकरुचि लेखन के लिए अतिरिक्त जागरूकता से काम लेने की जरूरत महसूस होने लगी है। विज्ञान की समझ को आमजन में बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि एकाधिक शब्द एक ख़ास संदर्भ में वाक्य रचना के लिए वर्नाक्यूलार स्क्रिप्ट्स में इस्तेमाल किए जाएं। जैसे कि स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गूढ़तम बातों को लोकशैली में समझाने के लिए जब अपरिहार्य कारण मौजूद हैं तब नए शब्द गढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए अमरीका ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए 'एस्ट्रोनॉट' टर्म गढ़ी थी और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने कॉस्मोनॉट। सन 1905 में रूसी साम्राज्य में पैदा हुए एक पोलिश इंजीनियर एरी स्टर्नफेल्ड ने 'कॉस्मोनॉटिका' शब्द गढ़ा था जो कि रूसी भाषा के उपयुक्त शब्द का अंग्रेजी में निकटतम विकल्प है जबकि कुछ विज्ञान इतिहासकारों के कहना है कि 'कॉस्मोनॉट' शब्द को निकिता ख़ुश्चेव ने गढ़ा था। एक रूसी शब्द 'ज्वेदोप्लावनी' है जिसका अर्थ एस्ट्रोनॉमी है। भारत के हिंदी भाषा के एक समाचार पत्र में एक लेखक ने 'गगननॉट' शब्द इस्तेमाल किया है जिसने मुझे इस आशय के अन्य शब्द ढूंढने के लिए प्रेरित किया। भारतीय लोग ही क्यों अंतरिक्ष अध्ययन और अंतरिक्ष में टेक्नोलॉजिकल उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी समर्थ देश अपनी सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक नए कार्य के लिए ऐसे शब्दों की तलाश करते हैं जो इनके सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल प्रतीत होते हैं।

**साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं।**

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं। इसरो द्वारा प्रस्तुत स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबधित एक 'ग्लोसरी' में विज्ञान कथा साहित्य से कोई शब्द लिया गया है, मुझे नहीं लगा। एस्ट्रोनॉट्स के भारतीय नामकरण के लिए 'गगननॉट' एक नवीन और हाइब्रिड शब्द है। एक सम-ध्वन्यात्मक शब्द की स्वीकार्यता तब तक नहीं बनेगी जब तक यह लोकप्रचलन में न आए। हमारे एस्ट्रोनॉट्स के लिए 'गगनदेव' या '-देवी' और 'व्योमबाला' या'- पुरुष' शब्द भी हो सकते हैं। समुद्र और आकाश में दो बिंदुओं के बीच की दूरी को नापने की इकाई 'नॉट' है जिसका मूल ग्रीक भाषा में है। यह नॉटिकल की शार्ट फॉर्म है अर्थात, नेविगेशन करने वाला व्यक्ति या नाविक। स्पेस ट्रेवलर के लिए नाविक शब्द हम इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि एस्ट्रोनॉट की भूमिका में वे नेविगेटर अर्थात स्पेस शिप के चालक और मार्गदर्शक की भूमिका में होने के अलावा अन्य कार्य भी करते हैं। एक समुद्री मील और अन्तरिक्षीय मील का नाप का नाप धरती के मील के नाप से हमेशा अधिक लंबाई का होता है जिसे 'नॉट' में नापा जाता है। 'कॉसमॉस' या ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए स्पेस शिप के लिए दूरी नापने हेतु 'नॉट' शब्द का प्रयोग होता है। थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट अलबर्ट आइंस्टीन के भौतिकी विषय में दर्शन से जो व्यक्ति परिचित हैं और वे जिन्होंने स्टीवन हॉकिन्ग रचित 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम' पढ़ी है, स्पेस स्पेस ट्रेवल और समय और प्रकाश की गति के आशय को शीघ्र समझ लेंगे।

सन 1979 में प्रोग्रेस पब्लिशर्स मास्को से प्रकाशित 'इंग्लिश एंड अमरीकन शार्ट स्टोरीज' नाम से विज्ञान कथा संग्रह दिल्ली के पीपल्ज़ पब्लिशिंग हाउस से मैंने खरीदा था जिसमें सत्रह लेखकों की कहानियों की कथा-वस्तु नवीनतम आइडियाज से सराबोर और अत्यंत रोमांचक प्रतीत हुई थी। संग्रहकर्ता ने 16 पेज में रूसी भाषा में इसके लिए भूमिका लिखी। रूसी मैं नहीं पढ़ पाया। इस समस्या को आईआईटी दिल्ली के प्रो. वागीश शुक्ल ने दो साल बाद, 13 दिसंबर सन 1981 के, साप्ताहिक हिन्दुस्तान के अंक में अपने लेख -'विज्ञान, विज्ञान कथाओं का', प्रकाशन से सुलझाया और बताया कि रूसी भाषा में लिखी गई भूमिका का आशय क्या है।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं। इनके बेहतरीन उदाहरण आईज़क एसिमौफ़ जैसे लेखकों की कथाओं और उपन्यासों के अलावा यूनाइटेड किंग्डम के ख्यात लेखन फिलिप के. डिक की कथाओं में तो मिलेंगे ही, रशियन साइंस फिक्शन लेखक के बहुपठनीय उपन्यास 'एंड्रोमेडा स्ट्रेन' के अलावा पोलिश साइंस फिक्शन लेखकों की कहानियों और उपन्यासों में भी मिलेंगे। आकाश शब्द के लिए क्षुद्र या तात्कालिक अर्थरूप में ब्रह्मांड का प्रयोग असावधानीवश ही सही, अनुपयुक्त है। भारत में संस्कृत, हिंदी में अधिक उपयुक्त शब्द अंतरिक्ष, ब्रह्मांड और आकाश ही हैं जिनकी वर्तनी अलग तरीके से है। 'एस्ट्रो' और 'कॉस्मो' के पर्याय बनाने के लिए नए शब्द निर्माण का सामर्थ्य अन्य भारतीय भाषाओं में या फिर हिंदू वांग्मय में कहीं हो सकता है, लेकिन हमें अभी मालूम नहीं। गगनयान के कवचयुक्त पैसेंजर मॉडयूल को धरती के ऊपर के आकाश में 450 किलोमीटर के उच्चतम बिंदु (एपोजी) पर स्थापित किए जाने की योजना है। निकट अंतरिक्ष में धरती की परिक्रमा करने वाले एक स्पेस स्टेशन की ऊंचाई धरती के ज्योग्राफिकल ध्रुवों (पेरिजी) पर घट कर 175-250 किलोमीटर ही रह जाती है। अंतरिक्ष नाविकों का स्पेस शिप हमारे सोलर सिस्टम से बाहर अगर जाता है तब उसमें बैठे हुए मानव को आकाशयात्री नहीं अपितु ब्रह्मांड यात्री कहेंगे। पृथ्वी की कक्षा में 400-500 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अपेक्षाकृत-स्थिर प्रतीत होने वाले स्पेश स्टेशन में से जो मानव सुरक्षित कवच पहन कर मॉडयूल से बाहर आकर आकाश विचरण करता है तभी इसे अंतरिक्ष विचरण कहेंगे। हमारे सोलर सिस्टम से परे गहन या सुदूर अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले को हम ब्रह्माण्ड यात्री कह सकते हैं, परन्तु अंतरिक्ष में रहकर मंगल गृह तक की दूरस्थ यात्रा को भी अभी संभव नहीं बनाया जा सकता है। धरती से दूर की यात्रा की समयावधि को प्रकाशवर्ष में मापने वाले विज्ञान कथाकार हमारा सामना अद्भुत स्थितियों से करवाते रहे हैं। यह भी मानव अपनी और नित विकसित होते अद्भुत बौद्धिक क्षमताओं से अनजानी और अद्भुत समस्यायों से कैसे निपटता है।

## प्रसंगवश

# बैलट में बुराई क्या

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदान ईवीएम मशीनों से ही होने जा रहा है। इस पद्धति पर ऊंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों को एक वर्ग ने शंकास्पद दृष्टि से देखा था। परिणाम घोषित हो जाने पर जनता किसी की सुनती नहीं है, इसलिए विपक्ष ने मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा था। हां! दबी जुबान शत्रुघ्न सिन्हा कुछ यों बोले थे, 'कुछ है तो जरूर लेकिन अब तो!' बात आई गई हो गई थी। संप्रति इस मुद्दे पर विपक्ष पस्त है। चुनाव आयोग पर सरकारी शिकंजा इस कदर है कि पिछले आठ मास से विपक्ष उससे मिलने का समय मांगता रहा, जो नहीं दिया गया, तब फिर नीतिगत मामले में उनकी क्या चलेगी। ऐसे में यह चुनाव अब विवादास्पद ईवीएम से ही होना है। लालू यादव बिहार के प्रादेशिक चुनाव अधिकारियों से बार-बार यह कह रहे हैं कि मतगणना पहले पोस्टल बैलटों की करा ली जाय, फिर मशीन के वोटों की। लेकिन अभी तक उनकी यह बात भी नहीं मानी गई है। जमीनी सच्चाई उपर्युक्तानुसार होते हुए भी, मैं समझता हूं बैलट पेपर से चुनाव कराना श्रेयस्कर रहता। दुनियां में लगभग सौ देशों में वोट पद्धति से चुनाव होते हैं, जिनमें केवल 25 में ही मशीनों का प्रयोग होता है। शेष बैलट का ही प्रयोग करते हैं। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक समृद्ध लोकतांत्रिक देश है, जहां आधुनिकतम तकनीक विद्यमान है, किंतु चुनाव बैलट से ही होते हैं। एक बात यह भी है कि जब ऊंगली उठ जाय, और पद्धति संदेह के घेरे में हो, तो निर्विवाद पद्धति अपनाने में हर्ज क्या है? न्याय की दुनियां का एक मशहूर सिद्धांत है कि 'न्याय न सिर्फ किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रतीति भी कराई जानी चाहिए कि न्याय किया जा रहा है'। भगवान कृष्ण पर भी जब सत्राजित की स्यमंतक मणि के अपहृत करने का मिथ्या आरोप लगा था,तो उन्होंने उस आवाज़ का दमन नहीं किया था, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर समाज के सामने रख दिया था। जब वर्तमान सरकार परंपराओं और पुरातन संस्कृति को सहेजने वाले कार्य कर रही है और सिंगोल(प्राचीन राजदंड) को नए संसद भवन भें स्थापित कर चुकी है, तो बैलट वाली मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाने में क्या हर्ज है? शंका और विवाद की कोई गुंजाइश ही क्यों रखा जाए।

# आज के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

**किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है।**

मोबाइल या लैपटॉप के कुछ बटन टीपिये, पलक झपकते लाखों करोड़ों रुपये इधर से उधर। तकनीक में आई इस क्रांति ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी तो वित्तीय शक्तियों और राजनीति के अनैतिक गठजोड़ ने इसी क्रांति के गहरे अंधेरों में नई रहस्यमयी दुनिया का सृजन भी किया। अब तो ऐसा है कि न जाने कितनी कंपनियां लैपटॉप में ही जन्म लेती हैं, करोड़ों, अरबों का वारा न्यारा करती हैं और फिर लैपटॉप में ही खत्म हो जाती हैं। गीता में वर्णित आत्मा की तरह पूंजी किसी नई कंपनी के रूप में पुनर्जन्म ले लेती है।

कंपनी... अब के दौर में इसका अर्थ व्यापक हो गया है। पहले के जमाने में, जिसे औद्योगिक दौर कहा जाता था, कंपनी का मतलब था कोई भौतिक ढांचा, जिसमें लोग काम करते थे, रोजी रोजगार पाते थे। लोग-बाग उस कंपनी को जानते थे। वह जन्म लेती थी तो कितने घर रोशन होते थे, मरती थी तो कितने घरों में अंधेरा छा जाता था। अब उत्तर औद्योगिक दौर है। विश्लेषक कहते हैं कि यह "फाइनांसियलाइजेशन" का दौर है। वित्त का असीमित और अबाध प्रवाह है। सत्ता और कारपोरेट की जुगलबंदी हो जाए तो वित्त का यह प्रवाह कानून की आंखों में धूल झोंकते पल भर में जाने कहां से कहां तक की यात्रा कर लेता है। अब ऐसी कंपनियां भी हैं जो नजर ही नहीं आती, लेकिन हैं। वे हैं और अरबों की पूंजी के साथ हैं। लेकिन न वे देश के लिए हैं, न मानवता के लिए हैं। वित्तीय शक्तियां अपने छद्म के साथ नए रूप में सामने आई हैं। अलग स्वभाव, अलग चरित्र के साथ। अब के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ है। वह रोजगार पैदा नहीं करती। वह किसी कंपनी का रूप लेती है लेकिन किसी को रोजगार नहीं देती। उसका होना रहस्य को जन्म देता है, उसका मरना अगले रहस्य की ओर ले जाता है। बटन की टीप पर जन्म लेने वाली कंपनियों में पूंजी का यह रहस्यमय प्रवाह न जाने कितने गोरखधंधों की राह आसान करता है। ऐसी ऐसी कंपनियां, जिनमें पूंजी तो हजारों करोड़ है, लेकिन कर्मचारी एक भी नहीं। ऐसी अधिकतर कंपनियां अक्सर किसी फ्रॉड अरबपति की उंगलियों पर चलती हैं, नाचती हैं और फिर खत्म कर दी जाती हैं। टैक्स की चोरी और अवैध पूंजी को वैध का कुर्ता पहनाने में ऐसी कंपनियां बहुत काम आती हैं। कई बड़े कारपोरेट घराने ऐसी कंपनियों का खेल खेलते हैं और संस्थाओं की आंखों में धूल झोंक कर, या उन्हें बेबस करके जनता के पैसों की लूट करते हैं। टीवी पर एक किसान नेता एक हाथ में आलू और दूसरे हाथ में किसी ब्रांडेड चिप्स का रैपर लिए बोल रहे थे, 'हमसे चार रुपये किलो आलू खरीद कर कंपनियां उसके कई गुने दाम पर मुनाफा कमाती हैं।' बड़ी आबादी की आहों को समेटते इस मुनाफे का अर्थशास्त्र कोई जटिल मामला नहीं है। सब समझते हैं लेकिन जैसे किसी जकड़बंदी में यह सभ्यता बेबस सी नजर आ रही है। सारे आलम को आंदोलन विरोधी, बौद्धिक विमर्श विरोधी बना देने की साजिशों का पहला शिकार भारत का मिडिल क्लास है, दूसरा शिकार रील्स में डूबा हाशिए के तबकों का बेरोजगार युवा वर्ग है। ये मिल कर सुनिश्चित करते हैं कि कारपोरेट और राजनीति की जुगलबंदी से अमानवीय बनते जा रहे सिस्टम के खिलाफ कोई आंदोलन जोर न पकड़े। चंद बटनों पर उंगलियों के स्पर्श से जन्म लेने वाली और तिरोहित होने वाली कंपनियों से सिर्फ अरबों की टैक्स चोरी ही नहीं होती, वैध को अवैध और अवैध को वैध बनाने का खुला खेल ही नहीं होता, ये कंपनियां राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा भी देती हैं। अब तो आरोप लग रहे हैं कि गोरखधंधा बदस्तूर चलता रहे, इसके लिए भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ इधर उधर किए गए। ऊपर के लेवल पर वित्त का यह तीव्र और सघन प्रवाह नीचे के लेवल पर घोर शोषण और ठगी से ऊर्जा प्राप्त करता है। अब शोषण ही पर्याप्त शब्द नहीं है। यह शब्द औद्योगिक दौर में केंद्र में था। उत्तर औद्योगिक दौर में तो शोषण के साथ ठगी भी अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह संगठित ठगी का दौर है।

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है। तकनीकी क्रांति और तीव्र वित्तीय प्रवाह ने इस ठगी को बेहद आसान बना दिया है। पूंजी और राजनीति की जुगलबंदी अगर नापाक होने पर उतारू हो जाए तो शोषण और ठगी, दोनों अर्थव्यवस्था के केंद्रीय कारक बन ही जाएंगे। तभी तो, इस देश के किसान, श्रमिक से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी इस दौर की एक मुख्य प्रवृत्ति बन गई है। और, खुद को सयाना समझ रहा मिडिल क्लास भी इस शोषण और ठगी का कितना बड़ा शिकार है, यह आंखें और दिमाग खोलते ही समझ में आने लगता है। तभी तो, आंखों पर पर्दा और दिमाग पर कब्जा करने का खेल सांस्थानिक रूप अख्तियार कर चुका है।

## सोशल फोरम

# धोखा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कभी-कभी लोग धोखा शब्द का अर्थ समझने में भी धोखा खा जाते हैं। इसलिए नहीं कि धोखा का अर्थ कठिन है। इसलिए कि अपना अर्थ समझना कठिन है। अपने को समझना कठिन है। धोखा शब्द के प्रयोक्ता अपने को समझने में चूक जाते हैं, इसलिए धोखा का सही अर्थ नहीं समझ पाते हैं। धोखा का सीधा अर्थ है, जो दिखाई पड़ रहा है, वह सच नहीं है। जो छिपा है, वही सच है। जब उचित समय पर छिपा प्रकट हो जाता है, तब एहसास होता है कि जा.. मैं तो धोखा खा गया।

धोखा वहीं होता है, जहां किसी न किसी प्रकार का संबंध होता है। जहां संबंध नहीं, वहां धोखा भी नहीं। व्यापारिक और प्रेम संबंधों में धोखे की चर्चा ज्यादा होती है। व्यापार से भी ज्यादा प्रेम में धोखे की संभावना रहती है, क्योंकि प्रेम के नशे में हम अंदरूनी सच नहीं देख पाते। व्यापारिक संबंध में हम जब प्रेम को घुसा देते हैं तो धोखे का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रेम के कारण आप उनके सामने रुपए नहीं गिनेंगे, बाद में गिनेंगे, हो सकता है वह कम निकले। प्रेम के कारण आप वस्तु तो दे देंगे, लेकिन पैसे मांगने में संकोच कर जाएंगे। हो सकता है बाद में वह पैसा आपको न मिले। तो व्यापारिक संबंध और प्रेम संबंध को अलग कर देना चाहिए।

नकली प्रेम में धोखे पाए जाते हैं, असली प्रेम में धोखे का नामोनिशान नहीं होता। टिकाऊ होना असली प्रेम की पहचान नहीं है। असली प्रेम की पहचान है बेशर्त होना। एक-दूसरे को पूरी स्वतंत्रता देना। जहां शर्त है, वहां धोखे की संभावना है।

कल्पना कर लीजिए कि स्त्री-पुरुष आपस में प्रेम कर रहे हैं। यह प्रेम दो प्रकार से हो सकता है। एक बंधन वाला प्रेम, दूसरा स्वतंत्रता देने वाला प्रेम। बंधन वाले प्रेम में धोखे की संभावना है। दोनों में से कोई एक दूसरे की तरफ आकृष्ट होकर पहले को छोड़ सकता है। यहां कहा जाएगा कि एक ने दूसरे के साथ धोखा किया। लेकिन जहां स्वतंत्रता है, कभी भी कोई किसी के साथ जा सकता है, इस तरह की अंडरस्टैंडिंग है, वहां धोखा कहां? हां, यह बात अलग है कि इस तरह का प्रेम करने वाला विरला ही होता है। इसलिए ऐसे प्रेम के अलगाव को जन सामान्य धोखा ही नाम देते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह के प्रेम का अनुभव नहीं होता।

-फेसबुक वॉल से

# काशी में शिव की रंगभरी यात्रा

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

**भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं।**

काशी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। जिस तरह होलाष्टक से ब्रज में होली उत्सव शुरू होता है, उसी तरह काशी में रंगभरी एकादशी से होली पर्व की शुरुआत होती है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। रंगभरी एकादशी शिव के स्वागत में ही मनाई जाती है। यह वह दिन है, जब वाराणसी की सड़कों पर गुलाल बरसते हैं। शिव इसी दिन माता पार्वती को विदा कराकर ले जाने के लिए शादी के बाद पहली बार बनारस आए थे।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब माता सती ने आत्मदाह कर लिया था, तो उसके बाद शिव क्रुद्ध हो गए थे और वे बड़े दुखी भी हुए थे। यही वजह थी कि इसके बाद उन्होंने चिर साधना शुरू कर दी थी। उनकी यह साधना तब तक जारी रही, जब तक कि माता पार्वती के रूप में माता सती ने फिर से जन्म नहीं ले लिया। शिव जिस दिन उन्हें विदा कराकर ले जाने के लिए यानी कि गौने की रस्म करवाने के लिए पहली बार वाराणसी पहुंचे थे, उसी दिन से रंगभरी एकादशी मनाने की शुरुआत हुई थी। रंगभरी एकादशी काशी के लोगों के लिए बड़ी मायने रखती है, क्योंकि वाराणसी में होली के उत्सव का आरंभ इसी दिन से हो जाता है। माता पार्वती के गौने की वजह से इस दिन का वाराणसी के लोगों के लिए खास महत्व है और इस दिन व्रत करके और उत्सव मनाकर लोग अपने जीवन में न केवल अपने घरों में खुशियां और समृद्धि के आगमन को निमंत्रण देते हैं, बल्कि पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ इसे मना कर शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। खासकर शादीशुदा जोड़े रंगभरी एकादशी को विशेष रुप से मनाते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाने से उनकी जिंदगी प्यार से भर जाती है और शिव एवं माता पार्वती की कृपा हमेशा उन पर बनी रहती है।

शुरुआत काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत के घर से होती है और शिव की रजत यानी चांदी वाली मूर्ति को त्योहार के एक दिन पहले शाम को महंत के घर पहुंचा दिया जाता है और रात भर शिव यही महंत के घर में विराजमान रहते हैं। इसके बाद सूर्योदय से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का पुजारियों द्वारा दूध से अभिषेक किया जाता है। इनकी मूर्तियों का पंचामृत से भी अभिषेक होता है और इस तरह से रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलता है। इसके बाद फूलों और आभूषणों से दोनों मूर्तियों का श्रृंगार किया जाता है बाबा विश्वनाथ को विशेष पोशाक पहनाई जाती है और श्रृंगार किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा को राजशाही पगड़ी और धोती-कुर्ता एवं दुपट्टा पहनाया जाता है। इस दौरान परंपरागत गीत भी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं।

जैसे-जैसे दोपहर का वक्त आता है, बारात निकालने की तैयारी पूरी हो जाती है। एक पालकी पर शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को सजा कर रखा जाता है और इस बारात की शुरुआत महंत के घर से होती है, जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होती है। इस पालकी को शिव के भक्त उठाते हैं, जिन्हें कि बम के नाम से हम जानते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने से पहले यह पालकी शहर के कई हिस्सों में घूमती है और इस दौरान पूरे रास्ते में भक्तगण गीत गाते हैं। शिव और माता पार्वती पर लोग खूब अबीर-गुलाल उड़ाते हैं।

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण खुशी से सराबोर हो जाता है। हर-हर महादेव के जयकारे से काशी नगरी गूंज उठती है। कुंवारी महिलाएं इस दौरान खासकर भगवान शिव को रंग लगाने की कोशिश करती हैं और वे उन्हीं के जैसा वर प्राप्त करने का आशीर्वाद भी उनसे मांगती हैं। वाराणसी में होली की यह न केवल धमाकेदार, बल्कि बेहद पवित्र शुरुआत होती है, जिसका साक्षी बनने के लिए केवल अपने देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचते हैं। यह उत्सव धुलंडी तक जारी रहता है।

# लड़कियों की नौकरी : मुसीबत का सबब



शिवनाथ भारती
सदस्य, वरिष्ठ नागरिक सलाहकार परिषद

इन दिनों एक नई सामाजिक समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसकी घुटन अब अधिकांश घरों में देखने को मिलने लगी है। बेटी को विवाह पूर्व नौकरी करवाना माता-पिता व बेटियां दोनों के लिए ही अब एक बड़ी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। आज अधिकांश लोग अपनी पुत्रियों से विवाह पूर्व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उनसे नौकरी करवाकर अपने लिए एक समस्या तैयार कर रहे हैं। ऐसा करने के कारण ऐसी लड़कियों के विवाह में जो समस्याएं आती हैं, उसका हल निकालना उनके लिए अब दुष्कर होने जा रहा है। नौकरियों में उनका वेतन अधिक होने से उनसे कम वेतन वाले लड़के प्रायः उन्हें पसन्द नहीं आते हैं। अन्य शहर में नौकरी कर अकेले रहने के कारण, घर से दूर होने के कारण उन्हें लोक-लाज़ का भय भी नहीं रह जाता है।

एक बार नौकरी करने पर वे नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होती। वह जिस शहर में नौकरी करती हैं, उन्हें उसी शहर में ही कार्यरत उनसे अधिक पैकेज वाला सजातीय वर चाहिए जिसे ढूंढ़ पाना माता-पिता के लिए एक जटिल समस्या है। शादी से पहले पढ़-लिखकर, नौकरी पकड़ने की मानसिकता के कारण ऐसे ही विवाह में देरी हो जाती है, ऐसे वरों की तलाश में उनकी विवाह की उम्र ही निकल जाती है।

फिर होती है बेमेल शादियां जिस कारण गृहस्थी बसने से पहले उजड़ने की संभावना रहती है। अगर शादी टिक भी गई तो अधिक उम्र के कारण गर्भ धारण व संतानोत्पत्ति में भी समस्याएं आने लगती हैं और मातृत्व सुख से वंचित रहने के आसार बढ़ जाते हैं। उम्र का तकाजा कहें या शारीरिक बदलाव, बच्चियों में हुए हार्मोनल परिवर्तन और समय पर शादी नहीं होना उसे पुरुषों की ओर आकर्षित करते हैं। उसके साथ घर का कोई सदस्य नहीं होने से उन पर कोई रोक-टोक नहीं रहती जिससे वे अक्सर गलत मार्ग पर चल पड़ती हैं। ये उचित और अनुचित मार्ग का निर्णय नहीं ले पाती। आज के माता-पिता, जो यह सोचते हैं कि कन्या को कुछ वर्ष नौकरी करा लेते हैं, फिर उनकी शादी कर देंगे, उनकी यह सोच उन पर आगे चलकर भारी पड़ने लगती है। मेरा मानना है कि लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई बुराई नहीं है पर शादी से पहले उन्हें नौकरी करने से रोकना चाहिए। अगर लड़की को कोई सरकारी नौकरी मिल गई है तब तो उस पर जरूर विचार किया जा सकता है।

अतः लड़कियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें खूब स्किल फुल बनाएं पर शादी से पहले नौकरी को यथासंभव टालें। डिग्री के साथ ही अगर नॉलेज व स्किल भी होगा तो नौकरी तो जरूरत पड़ने पर शादी के बाद भी की जा सकती है। इसलिए बेटियों का विवाह स्वयं के विवेक से सही समय (21 से 25) पर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। विवाह के उपरांत जॉब करने व पढ़ाई जारी रखने में कोई समस्या नहीं आती।

# कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र: 10 में 10 जीतने का ब्लूप्रिंट तैयार

● महेश शर्मा, कानपुर

यूपी में मिशन 80 फतह के लिए भाजपा ने 2019 के चुनाव की तरह कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भगवा फहराने की तैयारी कर ली है। पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट भी है जहां से स्व.मुलायम सिंह यादव की बहू अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव 2014 में सांसद चुनी गयीं थी। पर उन्हें भी 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी। डिम्पल मैनपुरी सीट से प्रत्याशी हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा है। उनके आने का असर पड़ सकता है।

मिशन 80 को पूरा करने के लिए जहां एक तरफ भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन भी चुनावी रणनीति की धार पैनी कर रहा है। कानपुर सीट पर न भाजपा और न ही विपक्षी गठबंधन का प्रत्याशी अब तक घोषित किया गया है। जीत की रणनीति के तहत भाजपा ने छह महीने पहले ही 10 लोकसभा क्षेत्रों और इनमें आने वाले 52 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारकों की तैनाती कर दी है।

कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों को तीन क्लस्टर में बांटा गया है। कानपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठकों, कार्यशाला, संपर्क कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सघन दौरा कर रहे हैं। संगठन ने तीन क्लस्टर में क्षेत्र को बांटा है। बांदा क्लस्टर में हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर लोकसभा की सीट शामिल हैं। कानपुर क्लस्टर में कानपुर महानगर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है। झांसी क्लस्टर में झांसी व जालौन लोकसभा सीटें हैं। इनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय जनवरी में ही खोल दिए गए थे।

भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में है। यूपी का मिशन 80 पूरा करने में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों का योगदान होगा। यहां हर सीट 5 लाख के अंतर से जीतेंगे। माहौल राममय, मोदीमय है। सरकार के कार्य जीत का प्रमुख आधार होंगे।

**प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष**




कानपुर महानगर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशी वहीं हैं जो 2019 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन क्षेत्रों में विपक्ष के मुद्दे जैसे इलेक्टोरल बॉंड, सीएए, महंगाई, बेरोजगारी बहुत ज्यादा असर नहीं डालते हैं। लोगों के दिलो-दिमाग पर रामलला मंदिर बसा हुआ है। इसके अलावा लाभार्थी वोट बैंक बहुत ज्यादा इस चुनाव में भी प्रभावी है जो भाजपा को मजबूती दे सकता है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के ठाकुर, और गठबंधन के पिछड़ा प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय संघर्ष जैसी स्थिति बना दी है। हालांकि सपा-कांग्रेस गठबंधन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बसपा के भी विपक्षी फोल्ड में आने की उम्मीद पाले बैठा है। लेकिन इस क्षेत्र में राम मंदिर की काट आसानी से ढूंढ़ पाना विपक्ष के लिए थोड़ा मुश्किल दिखता है।

दूसरे भाजपा की तैयारियां जमीन पर हैं तो विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन में ही उलझा हुआ है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पांच लाख के अंतर से सभी 10 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था तो अबकी सपा-कांग्रेस का। मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि भाजपा के प्रति वोटरों के विश्वास के चलते समाजवादियों कन्नौज इटावा जैसे गढ़ में 2019 में भगवा फहरा दिया था। 10 में 10 जीत ली थी। अबकी भी यही रिजल्ट होगा। इनती तैनाती 2019 लोस और 2022 विस चुनाव में विस्तारकों की भूमिका कारगर साबित रही। यहां की 52 विधासभा सीटों में से भाजपा ने 41 जीत ली थी। जबकि 11 सपा ने जीती। विस्तारकों की तैनाती छह महीने पहले ही सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों व इनमें आने वाली 52 विधानसभा क्षेत्रों में की जा चुकी है। यानी 62 विस्तारक भेजे जा चुके हैं। यह कार्य लखनऊ से एमएलसी विजयबहादुर पाठक और उनकी टीम करती है। विधायक, सांसद, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का कामकाज कैसा है, विस्तारक फीडबैक लेकर इसकी रिपोर्ट बनाकर संगठन को भेजते हैं। क्षेत्र के नौ लोकसभा क्षेत्रों में सांसदों को ही टिकट देने का फैसला विस्तारकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया बताया जाता है। फिलहाल अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने की चर्चा भाजपा के लिए थोड़ा परेशानी का सबब है।

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2014**

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्तमत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत(भाजपा) | 4,06,195 | रामेश्वर यादव(सपा) | 2,55,693 |
| इटावा (सु) | अशोक दोहरे (भाजपा) | 4,31,646 | प्रेमदास कठेरिया(सपा) | 2,66,700 |
| कन्नौज | डिंपल यादव (सपा) | 4,89,164 | सुब्रत पाठक (भाजपा) | 4,69,258 |
| कानपुर | एमएम जोशी (भाजपा) | 4,74,712 | एसपी जायसवाल(कांग्रेस) | 2,51,766 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले(भाजपा) | 4,81,584 | अनिलशुक्ल वारसी(बसपा) | 2,02,587 |
| जालौन(सु) | भानुप्रताप वर्मा(भाजपा) | 5,48,631 | ब्रजलाल खाबरी (बसपा) | 2,61,429 |
| झांसी | उमा भारती (भाजपा) | 5,75,889 | चंद्रपाल यादव (सपा) | 3,85,422 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा) | 4,53,884 | विश्वंभर निषाद (सपा) | 1,87,095 |
| बांदा | भैरोप्रसाद मिश्र(भाजपा) | 3,42,066 | आरके पटेल (बसपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति (भाजपा) | 4,85,954 | अफजाल (बसपा) | 2,98,778 |
| मिश्रिख(आंशिक) | अंजूबाला(भाजपा) | 4,12,575 | अशोक रावत(बसपा) | 3,25,212 |

**कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2019**

| लोकसभात्र | विजयी प्रत्याशी | प्राप्त मत | पराजित प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|---|
| फर्रुखाबाद | मुकेश राजपूत(भाजपा) | 5,69,880 | मनोजअग्रवाल(बसपा) | 3,48,178 |
| इटावा (सु) | आरएसकठेरिया (भाजपा) | 5,22,119 | कमलेश कठेरिया(सपा) | 4,57,682 |
| कन्नौज | सुब्रतपाठक (भाजपा) | 5,63,087 | डिंपलयादव(सपा) | 5,50,734 |
| कानपुर | सत्यदेव पचौरी (भाजपा) | 4,68,937 | एसपी जायसवाल(कांग्रेस) | 3,13,003 |
| अकबरपुर | देवेंद्रसिंह भोले(भाजपा) | 5,81,282 | निशा सचान (बसपा) | 3,06,140 |
| जालौन(सु) | भानुप्रताप वर्मा(भाजपा) | 5,81,763 | अजयसिंह पंकज(बसपा) | 4,23,386 |
| झांसी | अनुराग शर्मा(भाजपा) | 8,09,272 | श्यामसुंदर यादव (सपा) | 4,43,589 |
| हमीरपुर | पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा) | 5,75,122 | दिलीप सिंह (बसपा) | 3,36,470 |
| बांदा | आरके सिंह पटेल भाजपा) | 4,77,996 | श्यामचरण गुप्ता (सपा) | 2,26,278 |
| फतेहपुर | निरंजनज्योति (भाजपा) | 5,66,040 | सुखदेव वर्मा (बसपा) | 3,67,835 |
| मिश्रिख(आंशिक) | अशोक रावत(भाजपा) | 5,34,429 | नीलू सत्यार्थी(बसपा) | 4,33,757 |

## चुनाव कमाल का...

- 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कोई भी पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर नहीं दे सकी थी।
- 1962 का आम चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के देहांत से लेकर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने का गवाह रहा। कांग्रेस ने 494 सीटों में से 361 सीटें जीतीं।
- 1984 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। इस चुनाव में 415 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी है।

## चुनावी तीर

यह विडंबना है कि वायनाड में राहुल गांधी की उम्मीदवारी के बारे में शिकायत करने वाली भाकपा तिरुवनंतपुरम में भाजपा की तरफ से खेल रही है। पिछले सप्ताह भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि राहुल गांधी को केरल के वायनाड से चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था, जहां वह सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे सकें।

**- शशि थरूर,** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता

भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को अशोक चौहान की फाइल भी निकालवानी चाहिए।

**-गोपाल राय,** प्रदेश संयोजक, आप



इस बार का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम संपूर्ण भारत होगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को केंद्र में सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा, कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा पर जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी 400 के पार जाने का दावा खोखला है।

**- भूपेश बघेल,** पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# मतदाताओं की बेरूखी बढ़ा रही सियासी दलों की बेचैनी

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** कुमाऊं मंडल के हिमालयी रीजन की अल्मोड़ा सीट पर पिछले 67 सालों के इतिहास में हुए 18 लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की मतदान को लेकर बेरूखी सियासी दलों के रणनीतिकारों की पेशानी पर हमेशा से बल डालती आई है। इस सीट पर सिर्फ एक बार के मिथक को छोड़ दें तो कभी भी सांसद चुनने के लिए कुल पंजीकृत मतदाताओं में से पचास प्रतिशत मतदाताओं तक ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। मतदाताओं की यह बेरूखी कई बार दोनों मुख्य दलों की उम्मीदों पर पानी भी फेर चुकी है।

आजादी के बाद की बात करें तो अल्मोड़ा सीट पर पहली बार 1952 में सांसद चुनने के लिए पहली बार चुनाव कराए गए और इस चुनाव में महज 27 फीसद मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए वर्ष 1957 में हुए स्वतंत्र मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए। लेकिन परिणाम बेहतर आने के बजाय निराशाजनक साबित हुए और इस बार मतदान का प्रतिशत केवल 19 फीसद रहा। उसके बाद 1962 में 27.30 प्रतिशत, 1967 में 28 प्रतिशत, 1971 में 29 प्रतिशत, 1977 में 44 प्रतिशत, 1980 में 38 प्रतिशत, 1984 में 45 प्रतिशत, 1989 में 44 प्रतिशत, 1996 में 43.38 प्रतिशत, 1998 में 46.45 प्रतिशत और 1999 में केवल 41.82 प्रतिशत लोगों ने लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वर्ष 2000 में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव हुए। राज्य के इस पहले चुनाव में 49.89 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों तक पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। फिर 2009 में हुए दूसरे चुनाव में यह आंकड़ा घटकर 46.75 प्रतिशत पर रह गया। आखिरकार वर्ष 2014 के चुनावों में आधे कम मतदान का मिथक टूट और इस बार रिकार्ड 53.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन नवोदित राज्य के चौथे चुनाव में यह आंकड़ा आगे बढ़ने के बजाय फिर पीछे खिसक गया और 2019 के चुनावों में फिर 48.78 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए अपने घरों से बाहर निकले। लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं की यह बेरूखी इस बार भी सियासी दलों के गले की हड्डी बनी हुई है।

**2014** में टूटा मिथक तो पहली बार 53.22 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट

### सांसदों की अनदेखी बनी खलल

लोकसभा चुनावों में मतदान कम होने का एक कारण मतदाताओं के प्रति सांसदों की बेरूखी भी है। चुनाव के वक्त भले ही प्रत्याशी सड़क मार्गों वाले गांव कस्बों तक पहुंच जाते हों। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह दोबारा वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझते। बात अल्मोड़ा लोकसभा के दुर्गम क्षेत्रों में बसे गांवों में रहने वाले मतदाताओं की करें तो आज भी अनेक ऐसे मतदाता होंगे। जिन्होंने अपने सांसद को सिर्फ तस्वीरों में ही देखा होगा।




**67** सालों में सिर्फ एक बार टूटा आधी से कम आबादी का मिथक

**1957** में सबसे कम 19 फीसद हुआ मतदान

### चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होगा 75 प्रतिशत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल ही नही बल्कि निर्वाचन आयोग भी पूरी मशक्कत में जुटा हुआ है। लेकिन निर्वाचन के पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो यह काम किसी चक्रव्यूह को भेदने से कम नहीं है। निर्वाचन विभाग ने इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। नए और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के प्रति संकल्पबद्ध करने के प्रयास भी हो रहे हैं। पूर्व में केंद्र और राज्य सरकार भी मतदाताओं के रिझाने के लिए कई मोहरे चल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना है कि इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए आधे से अधिक आबादी अपनी दहलीज से बाहर कदम रखती है या नहीं।

# बदायूं में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों के बराबर महिलाओं ने किया था मतदान
- हर विधानसभा में 57 से 58 फीसदी महिलाओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी डुगडुगी पिट सकती है। प्रशासन से लेकर राजनैतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव रोचक होने वाला है। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। पिछली बार महिलाओं ने पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर मतदान किया था। इस बार भी सभी दलों के प्रत्याशी जीत के लिए महिलाओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जो चुनावी राजनीति में महिलाओं के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे आयोजनों से साफ जाहिर है कि महिला मतदाताओं की तरफ राजनीतिक दलों का इतना ध्यान पहले कभी नहीं रहा। महिला मतदाताओं की संख्या और मतदान में उनकी हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का चुनाव खास होगा। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण के साथ-साथ महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी। लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के इस्तेमाल के मामले में महिला वोटरों में जागरूकता बढ़ी है। पहले मतदान को लेकर महिलाओं में बहुत उत्साह नहीं होता था। लेकिन अब महिलाएं खुलकर मतदान में भाग ले रही हैं।

### 8 लाख 64 हजार 244 महिलाएं पहुंची बूथ तक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 23 लाख 79 हजार 17 थी। उस समय कुल मतदान 57.15 प्रतिशत हुआ था। जिसमें 8 लाख 64 हजार 244 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

**24,01,020** कुल मतदाता

**12,87,880** पुरुष मतदाता

**11,12,024** महिला मतदाता

**116** थर्ड जेंडर हैं बदायूं लोकसभा में

### 2019 में 56 से 58 प्रतिशत महिलाओं ने किया था मतदान

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पुरुषों ने 55 से लेकर 58 फीसद तक मतदान किया था। वहीं महिलाओं का वोट प्रतिशत भी कम नहीं था। बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने 58.84 फीसद मतदान किया था। वहीं 58.71 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह सहसवान में 57.40 प्रतिशत पुरुष, 56.15 प्रतिशत महिलाओं, बिल्सी में 55.28 प्रतिशत पुरुष और 55.50 प्रतिशत महिलाएं तथा बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 57.77 फीसद पुरुष और 56.95 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

# हर दल के प्रत्याशी को भेजा संसद पर बसपा के हाथ खाली

● सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनाव में से 11 बार जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा के सामने पाने और सपा को सीट बचाने की चुनौती, बसपा ने उतारा है मुस्लिम प्रत्याशी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होनी है। इसे लेकर पार्टियां पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से आजादी के बाद से आज तक जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर संसद भेजा, लेकिन बसपा पर मेहरबानी नहीं की। बहुजन समाज पार्टी को आज भी जीत का इंतजार है। 2014 में जीत का खाता खोलने वाली भाजपा इस बार फिर से यह सीट वापस पाने में जुटी हैं। लेकिन बसपा को छोड़कर किसी पार्टी ने अपना प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किया है।

पीतल नगरी से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला जिगर का शहर चुनाव की सियासत में भी अपनी खास पहचान रखता है। यहां से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन भी 2009 में सांसद रह चुके है। लोकसभा चुनाव में पक्ष या हो विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण सुहाता है। यहां की जनता बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के चेहरों को चुनकर संसद भेज चुकी है। जनपद में अल्पसंख्यकों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। नतीजों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने यहां की नुमाइंदगी की है। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद हुए पहले दो चुनाव पर इसका रंग भी था।

कांग्रेस के रामसरन को लगातार दो बार जीत मिली। लेकिन 1962 में यहां पहला बदलाव हुआ और सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने निर्दलीय चुनकर संसद भेजा। जनता का फिर मन बदला और 67 और 71 में जनसंघ के प्रत्याशी को जीत दिलाकर सांसद बनाया। 77 में जनता पार्टी की आंधी में मुरादाबाद भी बहा और जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। अगले चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया।

### 1984 में कांग्रेस ने फिर जीती बाजी

13 अगस्त 1980 को ईद के दिन फैली एक अफवाह ने पीतल नगरी को दंगों की आग में झोंक दिया था। दंगे की वजह और जिम्मेदार जो भी रहे हों, लेकिन इसने यहां का मिजाज बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सुर सियासी फिजा में मुखर होने लगे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए चुनाव में जीत तो कांग्रेस के हाफिज मोहम्मद ने हासिल की, लेकिन चार साल पहले अस्तित्व में आई भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई और उसे 83 हजार से अधिक वोट मिले। 1989 और 91 में जनता दल के टिकट पर मुरादाबाद से गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला लेकिन 91 के बाद यहां भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई। अब भाजपा फिर से इस सीट पर कमल खिलाने की जुगत में है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। अगले तीन दशक की लड़ाई एकाध मौकों को छोड़कर इनकी नुमाइंदगी करने वाले पार्टियों के बीच ही सिमट गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की गणित माकूल थी। 96 में सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित कर दिया, लेकिन उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इसके पीछे बड़ी वजह बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिलना था। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार भी शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते थे। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर नया प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न कर अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। जिससे सपा के बर्क को 1.53 लाख वोट मिले और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट। बहुसंख्यक वोटों का एका चंद्रविजय के पक्ष में गया और 2.53 लाख वोट से वह चुनाव जीते।

### 2009 में क्रिकेटर अजहर ने की बैटिंग

बल्लेबाजी के लिए चर्चित भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा था। अजहरूद्दीन को यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला था और 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने फिर जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी महज दो प्रतिशत वोट हासिल जमानत भी गंवा बैठे।

### मोदी लहर से 2014 में खिला कमल

2014 में भाजपा की जीत का इंतजार मोदी लहर में खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों के जबरदस्त ध्रुवीकरण ने भाजपा के सर्वेश सिंह को लगभग 88 हजार वोटों से जीत दिलाकर पीतलनगरी में कमल खिला दिया। सपा के डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी हार गए।

### 2019 में सपा-बसपा गठबंधन को मिली जीत

2019 में 2014 में हुए बिखराव को रोकने के लिए सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था और डॉ. एसटी हसन को प्रत्या शी बनाकर मैदान में उतारा था। सपा को यहां चौथी बार जीत मिली और भाजपा 98 हजार वोटों से पिछड़ गई। जबकि कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी की जमानत जब्त हो गई थी। 96 से हर चुनाव में बसपा ने उम्मीदवार खड़े किए वह तीसरे नंबर पर रही, लेकिन पहला नंबर तय होने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही।

### इस बार सपा के लिए सीट बचाने की लड़ाई

सपा के सामने सीट बचाने और भाजपा के सामने दूसरी बार कमल खिलाने की लड़ाई है। मुरादाबाद से सपा ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन की मजबूत दावेदारी है। भाजपा से पिछली बार सर्वेश सिंह लड़े थे। सर्वेश सिंह इस बार भी मजबूती से टिकट की लाइन में लगे हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी चयन में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह हर हाल में इस सीट को अपनी झोली में डालना चाहती है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को उतार कर दूसरों के लिए चुनौती पेश की है।

# अमेठी के गांव में उठा नारा... 'रोड नहीं तो वोट नहीं' मतदान का किया बहिष्कार

**अमेठी (उप्र)।** अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ 'नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लिखा है।

सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा, राम अभिलाष ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने-आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। लगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है।

# दस पीठासीन और मतदान अधिकारी रहे गैर हाजिर

## लोकसभा चुनाव प्रशिक्षण के दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया प्रशिक्षण, निर्वाचन कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को सुचारू संपादन के लिए पीठासीन अधिकारियों को प्रथम प्रशिक्षण राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में दिया गया। जिन्हें मास्टर ट्रेनरों द्वारा सैद्धान्तिक एवं ईवीएम व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल कार्मिक संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी कार्मिक सौंपे गए कार्यों एवं दायित्वों का बखूबी निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि मतदान से पूर्व मॉक पोल अनिवार्य रूप से कराएंगे तथा नियत समय से मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेगें। मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन या ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में कुल 300 में 290 अधिकारी उपस्थित रहे। तथा 5 पीठासीन व 5 मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, मास्टर ट्रेनर डॉ. एमपी जोशी, जीवन कॉलोनी, पीसी उपाध्याय, नीरज पांडे रहे।

प्रशिक्षण में बोलतीं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल। ● अमृत विचार

### पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**बागेश्वर, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही प्रशिक्षण के प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। पहले दिन 510 पीठासीन अधिकारियों को मतदान एवं ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि लोकतंत्र की नींव रखने में पीठासीन व मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है, इस हेतु ईवीएम वीवीपैट के प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा रही है उनको भलीभांति सीख लें। उन्होंने कहा कि मतदान पार्टियां मतदेय स्थल तक पंहुचने की तत्काल सूचना सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को देंगे। मतदान पार्टियां किसी भी प्रकार का अतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे व मतदेय स्थल में ही अनिवार्य रूप से रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने कहा कि मॉक – पोल अनिवार्य रूप से कराना हैं व मॉक पोल कराकर निर्धारित समय पर मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेंगे।

### कार्मिकों का पहले चरण का प्रशिक्षण आज से

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनावों के सफल आयोजन के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां तेज कर ली है। बुधवार से लोकसभा निर्वाचन में तैनात मतदान कार्मिकों को प्रथम चरण में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सफल आयोजन के लिए मतदान कार्मिकों को 20 व 21 मार्च को प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान दिया जाएगा। जिसमें कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को सुबह नौ से पांच बजे तक एसएसजे परिसर अल्मोड़ा के ऑडिटोरियम में कुल 783 कार्मिकों तथा उदयशंकर नाट्य अकादमी फलसीमा में 641 कार्मिकों प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि 21 मार्च को एसएसजे परिसर अल्मोड़ा के ऑडिटोरियम में 780 कार्मिकों एवं उदयशंकर नाट्य अकादमी फलसीमा अल्मोड़ा में 636 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### डोली की मदद से बूथ तक पहुंचेंगे दिव्यांग मतदाता

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** इस बार के लोकसभा चुनावों में लक्ष्य के अनुरूप मतदान कराया जा सके। इसके लिए निर्वाचन विभाग हर संभव कोशिश कर रहा है। पर्वतीय जिलों में अल्मोड़ा में सबसे अधिक मतदाता हैं। जिनमें 5993 मतदाता दिव्यांग हैं। जिले में विभाग ने 193 ऐसे दिव्यांगों को चयनित किया है जो चलकर मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंच सकते। ऐसे में इन मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए डोली की व्यवस्था की गई है। जबकि 131 दिव्यांग मतदाताओं को एक एक सहायक मतदान केंद्र तक लेकर आएंगे। जिले में नौ दिव्यांग ऐसे हैं। जिन्हें वाहनों की मदद से उनके नजदीकी मतदान केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। जबकि अत्यधिक अक्षम 86 दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दिए जाने का निर्णय लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है।

**बागेश्वर में जनता दरबार स्थगित :** आचार संहिता के चलते माह के प्रथम व चतुर्थ सोमवार को लगने वाला जनता दरबार स्थगित रहेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि वर्तमान में लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लगी है जिस कारण जनता दरबार आयोजित नहीं किया जा सकता है।

### मोबाइल बंद नहीं मिलना चाहिए : पांडेय

**टनकपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नवनीत पांडेय द्वारा सभी अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन 24 घंटे खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सबसे महतवपूर्ण सूचनाओं का आदान प्रदान करना है। वर्तमान में सारी सूचनाएं मोबाइल फोन से ही दी जाती हैं। जिसे लेकर सभी अधिकारियों को 24 घंटे अपने मोबाइल फोन खुले रखने होंगे। इस मामले में कोताही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। किसी तरह की निर्वाचन प्रक्रिया में सूचनाओं का आदान प्रदान त्वरित गति से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी किसी भी सूरत में अपने मोबाइल फोन बंद नहीं रखें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों के फोन बंद होने की स्थिति में सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### कांग्रेस की बैठक में चुनाव रणनीति पर चर्चा

**रानीखेत, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। मुख्य पार्टिया भाजपा कांग्रेस चुनावी विसात बिछाने में लग गए हैं। जहां एक ओर भाजपा के कार्यकर्ता क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक के माध्यम से रणनीति तैयार कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस भी चुनावी मोड पर आ गई है। जिसके चलते मंगलवार को लोकसभा 2024 के मद्देनजर नगर कांग्रेस कमेटी ने एक कोर कमेटी की बैठक आहूत की। मंडलम और बूथ प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई व चुनाव की आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारी को प्रदेश के निर्देश के अनुसार जुट जाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रानीखेत उमेश भट्ट, ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, नगर अध्यक्ष चिलियानौला कमलेश बोरा, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्य, लोकसभा कोआर्डिनीटर कुलदीप कुमार, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष यतीश रौतेला, पूर्व यूथ विधानसभा अध्यक्ष नावेद अनीस, गोविंद राम, क्षेत्र पंचायत सदस्य विपिन कड़ाकोटी, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी आदि रहे।

### मतदान के लिए दिया प्रलोभन तो कार्रवाई: तोमर

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने कहा है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 के तहत यदि कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई पारितोष देता है या लेता है तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने दोनों से दंडित होगा। इसके अतिरिक्त किसी अभ्यर्थी, निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है। वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडित होगा।

## सार-संक्षेप

### पांच हजार का इनामी वारंटी दिल्ली से गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** पुलिस ने पांच हजार रुपये के एक ईनामी वारंटी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर वर्ष 2021 में गैरसैंण डाकघर से 32 लाख रुपये चुराने के मामले में मुकदमा चल रहा है। गैरसैंण में चोरी का यह मामला सामने आने के बाद तफ्तीश के दौरान पुलिस ने इस मामले में चुलेरा सीम, चौखुटिया निवासी 23 वर्षीय कैलाश नेगी को गिरफ्तार किया था। इस मामले का न्यायालय में विचारण के बाद दोषी को सजा दी गई थी। करीब डेढ़ साल पहले अभियुक्त जमानत पर रिहा हुआ। लेकिन जेल से बाहर निकलने के बाद से वह फरार हो गया और लगातार ठिकाने और नाम बदलकर रहने लगा। न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने उस पर पांच हजार रुपये की ईनाम भी घोषित किया था। बीते दिनों पुलिस की टीम ने ठोस सुरागरसी कर अभियुक्त को दिल्ली के लक्ष्मीनगर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया है।

### पुलिस टीम ने किए तीन दर्जन से अधिक चालान

**अल्मोड़ा :** पर्व के मौके पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस सतर्क है। मंगलवार को भी पुलिस कर्मियों ने अपना अभियान जारी रखा। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने व परोसने, हुड़दंग काटने और यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 179 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की, जबकि एक वाहन सीज किया। इस दौरान होटल ढाबों में शराब पीने व पिलाने पर 39 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई। यातायात नियमों के उल्लघंन में 139 लोगों का चालान काटे गए। जबकि,एक के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### बार सचिव के घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि बार एसोसिएशन के सचिव कमल गड़कोटी के मकान में मंगलवार अपराहन करीब 12 बजे अचानक आग लग गई। घटना के समय परिवार के लोग बाहर गए थे बाद में सूचना पर उन्हें बुलाया गया।फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। नगर के पंत मार्ग वार्ड नंबर दो में स्थित बार एसोसिएशन के सचिव कमल गड़कोटी पुत्र स्व. अम्बा दत्त गड़कोटी के पुराने आवास पर आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। पीड़ित परिजनों ने बताया कि इस घटना में 2.50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह फिलहाल शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

### अनुज का मल्टी नेशन ट्रेनिंग कैंप के लिए चयन

**टनकपुर :** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से 15 मार्च से 18 मार्च तक रोहतक में जूनियर वर्ग के बालक और बालिकाओं के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया गया। जिसमें यह चयन ट्रायल मल्टी नेशन ट्रेनिंग कैंप मुक्केबाजों का चयन करने के लिए आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में बॉक्सिंग छात्रावास टनकपुर, जनपद चम्पावत से 57 किलोग्राम भार में अनुज सिंह महर का चयन हुआ है। वह उत्तराखंड राज्य के एकमात्र जूनियर बॉक्सर खिलाड़ी है, जिनका इस कैंप के लिए चयन हुआ है। अनुज सिंह महर के बॉक्सिंग कोच ललित मोहन कुंवर ने बताया कि आरईसी मल्टी नेशन कैंप 19 मार्च से 2 अप्रैल 2024 तक साई एनसीओई रोहतक में आयोजित होने वाली है। इस आरईसी मल्टी नेशन में कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, थाईलैंड, श्रीलंका और फिलीपींस भाग ले रहे हैं। 16 वर्षीय अनुज सिंह महर टनकपुर स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉस्टल में रहकर रावत राधे हरि राइंका में इंटरमीडिएट के छात्र हैं।

# पेड़ में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता,टनकपुर / चम्पावत

**अमृत विचार :** दिल्ली से दो दिन पूर्व लौटा चम्पावत जिले के बजौन गांव के एक युवक का शव कफलांग में पेड़ के फंदे पर लटका मिला। 5 दिन के भीतर चम्पावत में संदिग्ध हुई मौत का यह दूसरा मामला सामने आया है।

प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बताया जाता है कि चम्पावत से 25 किलोमीटर दूर बजौन गांव का रहने वाला दीपक भट्ट (20) दिल्ली में एक निजी कंपनी में काम करता था। 17 मार्च को वह दिल्ली से चम्पावत आया। इस दौरान वह अपने गांव बजौन नहीं गया। 19 मार्च की सुबह उसका शव कफलांग में एक पेड़ में लटका मिला। मृतक दीपक चार भाई और बहनों में तीसरे नंबर का है। पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। चम्पावत के कोतवाल योगेश उपाध्याय का कहना है कि घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# एसएसजे में दो छात्र गुटों के बीच हुआ विवाद

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसजे परिसर में अस्थाई शौचालय स्थापित करने के मामले में मंगलवार को दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र गुटों को समझाया। जिसके बाद बमुश्किल मामला शांत हो सका।

दरअसल एसएसजे परिसर में मंगलवार को ट्रकों में अस्थाई शौचालय लाए जा रहे थे। ट्रक परिसर के पास पहुंचा तो किसी पुराने भुगतान को लेकर ट्रकों को परिसर के अंदर नहीं घुसने दिया। इसी बीच वहां टाइगर ग्रुप के छात्र भी पहुंच गए। उनका कहना था कि उनकी मांग पर विवि प्रशासन द्वारा अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था कर रहा है। लेकिन एनएसयूआई के छात्र इसका विरोध करते रहे। एनएसयूआई कार्यकर्ता कुलसचिव कार्यालय पहुंच गए और अस्थाई शौचालय लगाने का विरोध करने लगे। इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद मौके पर कोतवाली पुलिस की टीम पहुंची। बाद में पुलिस और एसएसजे के अधिकारियों ने छात्रों को समझाकर मामला शांत कराया।

अल्मोड़ा में कांग्रेस कार्यालय के शुभारंभ पर मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# महंगाई-बेरोजगारी से त्रस्त है जनता

संवाददाता, अल्मोड़ा

**आरोप**

▸▸ अल्मोड़ा में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**अमृत विचार :** प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता बेरोजगारी और महंगाई जैसे ज्वलंत मुद्दों से जूझ रही है। भाजपा की गलत नीतियों का ही परिणाम है कि आज उत्तराखंड जैसे हिमालयी प्रदेश में लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार तानाशाही से अपनी नीतियों को लागू कर अपने चहेतों को उनका लाभ दिला रहे हैं। जनता भाजपा की इन नीतियों को समझ चुकी है और इस लोकसभा में जनता भाजपा को उसकी इन जन विरोधी नीतियों का कड़ा जवाब भी देगी।

अल्मोड़ा में कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद ये महंगाई में लगातार इजाफा हुआ है। युवाओं से झूठे वायदे और उन्हें बहलाकर उनके भविष्य से खिलवाड़ करने का काम किया जा रहा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। सरकार अंकिता भंडारी के हत्यारों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने की साजिश कर रही है। जिसे जनता भली प्रकार समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। विधायक मनोज तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार से जनता त्रस्त है इसलिए अब वह परिवर्तन चाहती है। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करने का काम करेंगे।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, प्रकाश चंद्र जोशी, लता तिवारी, तारा चंद्र जोशी, पूरन रौतेला, राधा बिष्ट, महेश आर्या, एनडी पांडे, शरद साह, रोहन आर्य, हरेंद्र रावत, विपुल कार्की, दीपक, पारितोष जोशी, कार्तिक साह, दीपा, लीला, मंजू, तारू, गीता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. एक वजनी धातु जो मटमैले रंग की होती है, (लेड)।
3. 1. (पुराण) दुर्गा का एक रूप
6. काशी की परिक्रमा जिसमें पांच पड़ाव हैं– कंदवा
7. 1. मकड़ी द्वारा बनाया गया जाला 2. जाल, जंजाल 3. किसी के द्वारा किया गया षड्यंत्र, साजिश,फ़रेब।
9. 1. पंथ, संप्रदाय 2. जमात, समुदाय 3. वर्ग 4. गुट, दल, गिरोह, जत्था 5. जाति।
10. 1. शनि नामक ग्रह, शनैश्चर 2. (ज्योतिष) एक देवता 3. शनिवार 4. जिसके आने से कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. (काव्यशास्त्र) आर्या छंद का तेइसवां भेद जिसमें पांच गुरु और अड़तालीस लघु मात्राएं होती हैं 2. मादा सारस पक्षी।
4. 1. चमकीला, जिसमें ख़ूब चमक–दमक हो,भड़कीला 2. अलंकृत, शब्दाडंबरपूर्ण।
5. 1. जो चलायमान या गतिशील हो, चपल, जिसमें स्थायित्व न हो 2. जो किसी एक स्थिति या एक स्थान पर न रहता हो, जो स्थिर न हो
6. पंजाब राज्य की भाषा।
8. 1. पूछने वाला व्यक्ति 2. आदर करने वाला व्यक्ति 3. देखरेख या ख़ोज–ख़बर लेने वाला व्यक्ति।



### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 रो | 2 मि | 3 ल | | 4 ब | |
| 5 रू | | 6 स | ट | क | ना | |
| ह | | | के | | ना | |
| | 7 स | 8 ज़ी | दा | | | 9 घ |
| | | 10 न | र | मा | ह | ट |
| 11 पू | जि | त | | | | वा |
| | | | 12 ब | रा | ब | र |

### सुडोकू-94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 9 | | 2 | | 3 | |
| | 3 | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 4 | |
| 6 | | 2 | | 8 | | 3 | | |
| | | 1 | | | 3 | 9 | | |
| | | 4 | | 7 | | | | 2 |
| 5 | 8 | | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | 1 | |
| | 1 | | 3 | | 6 | 4 | | |

### सुडोकू-93 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मार्च, बुधवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–शुक्ल पक्ष,तिथि–एकादशी 21 मार्च 02.22 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–उत्तर। **ऋतु**–वसंत। चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–पुष्य 22.38 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाज़ी न करें। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। शरीर में कोई समस्या या कमजोरी महसूस हों तो चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

**वृष** – आज आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। अपने बुद्धि–विवेक और कौशल का परिचय देंगे। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पा लेंगे।

**मिथुन** – आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेन्स को लेकर स्थिति मजबूत होगी। घर–परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। लोग पीठ–पीछे आपकी आलोचना करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।

**कर्क** – आज कार्यशैली में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। ऑफिस में आपको सीनियर्स का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानी दूर होगी। आज समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** – आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। अपने काम पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। लवमेट्स से किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। अपने खानपान को लेकर सावधानी रखें।

**कन्या** – आज संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आपको शरीर को काफी आराम देने की आवश्यकता है। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है।

**तुला** – आज आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर सुधार करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनायेंगे। उच्च शिक्षा संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक** – आज धार्मिक यात्राओं की प्लानिंग कर सकते हैं। आज अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं। यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो यह दिन बहुत ही अच्छा है। बॉस से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**धनु** – आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने कि संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता जगह ले सकती है। सेहत में थोड़ी खराबी आने की आशंका है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

**मकर** – आज आप अपने कार्यों को तय समय पर पूरा कर लेंगे। जीवनसाथी आपसे काफी आकर्षित रहेगा। अविवाहित जातकों का विवाह तय हो सकता है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज पुराना कर्ज चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। रक्त विकार उत्पन्न हो सकते हैं। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें फिलहाल ज्यादा अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों और सुझाव की प्रशन्सा होगी। शाम के समय परिजनों की किसी बात पर आपको गुस्सा आ सकता है। किसी भी तरह के व्यसन व बुरी आदत से दूर रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- देवता – दोपहर : 12.00
- धड़कन – शाम : 06.59

**SONY MAX**
- बाटला हाउस – सुबह : 11.06
- फैंटम – रात : 09.23

**SONY PIX**
- जुमांजी : द नेक्स्ट लेवल – सुबह : 11.26
- जस्टिस लीग – शाम : 06.54

**ZEE CINEMA**
- अपहरण – सुबह : 10.30
- अनजाना अनजानी – रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
- चमत्कार – सुबह : 08.24
- आर राजकुमार – रात : 09.36

**आज की सुपरहिट फिल्म**

सोनी मैक्स पर रात : 09.23 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पति– आज ये रोटियां जली हुई कैसी हैं?

पत्नी– क्योंकि मैं आजकल खूबसूरत होती जा रही हूं।

पति– तुम्हारे खूबसूरत होने से रोटी जलने का क्या लेना–देना है?

पत्नी– रोटियां भी मेरी खूबसूरती को देखकर जलने लगी हैं।

पत्नी की बात सुनकर पति रह गया दंग।

अध्यापक ने एक छात्र से पूछा – बताओ, शाहजहां कौन था?

छात्र– जी, वह एक मजदूर था...

अध्यापक– कैसे?

छात्र– आपने ही तो कहा था कि शाहजहां ने कई इमारतों का निर्माण किया था...

# केन्द्र में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार: धामी

## देहरादून में भाजपा के प्रदेश चुनाव मीडिया सेंटर का उद्घाटन, सीएम बोले-उत्तराखंड की जनता को मोदी से लगाव

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** भाजपा ने मंगलवार को प्रदेश चुनाव मीडिया सेंटर शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश बंसल तथा महामंत्री संगठन अजय कुमार की मौजूदगी भाजपा ने चुनाव मीडिया सेंटर की शुरुआत हुई।

इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि चुनाव वातावरण से साफ है कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। आम लोगों में भाजपा के 400, 370, 375 पार की चर्चा है। पीएम मोदी और भाजपा के पक्ष में देश में शानदार माहौल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों के दिल में मोदी हैं। हम सब मोदी का परिवार हैं, इसलिए सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए पांचों सीट उनकी झोली में डालनी हैं। धामी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विकास एवं जन कल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि उत्तराखंड की जनता में उत्साह है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता बूथ और पन्ना स्तर तक चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जिक्र करते हुए धामी ने कहा कि हमने लक्ष्य से अधिक 3 लाख 54 हजार करोड़ रुपये के निवेश एमओयू साइन किए हैं। इसमें से 11 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की अब तक ग्राउंडिंग हो चुकी है। उधमसिंह नगर में अब तक 18 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा चुके हैं।

सीएम धामी ने कहा कि हम देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लेकर आए। हम यूसीसी को कानून बनाने वाले पहले राज्य बने हैं। बीते माह हल्द्वानी में हुए बवाल का जिक्र करते हुए धामी ने कहा सरकार ने तत्काल हालात पर नियंत्रण किया। हम कठोर दंगा रोधी कानून लेकर आए ताकि ऐसी घटनाओं में हुए नुकसान की पाई पाई दंगाइयों व उपद्रवियों से वसूली जाए। उन्होंने मीडिया की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उम्मीद जताई कि चुनाव में भी मीडिया का सहयोग हमें मिलेगा। मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, राजेंद्र बिष्ट, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, कौस्तुभानंद जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, विधायक विनोद चमोली, खजान दास दायित्व धारी डॉ. देवेंद्र भसीन, मधु भट्ट, कैलाश पंत, राजेंद्र नेगी, कमलेश उनियाल आदि रहे।

देहरादून में भाजपा के प्रदेश चुनाव मीडिया सेंटर का उद्घाटन करते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### गोरखा डेमोक्रेटिक फ्रंट ने दिया समर्थन

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि गोरखा डेमोक्रेटिक फ्रंट ने लोस चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन दिया है। फंट ने पत्र में में कहा है कि पीएम मोदी की विकास नीति एवं पार्टी की सांस्कृतिक व राष्ट्रवादी विचारों से प्रभावित होकर वह अपना समर्थन दे रहे हैं। प्रदेश में गोरखा समुदाय से जुड़े लोगों के 4 .5 लाख से 5 लाख के करीब मतदाता हैं। इस दौरान गोरखा फ्रंट के केंद्रीय अध्यक्ष सूर्य विक्रम शाही, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र गुरांग, संगठन सचिव देवी शाही, टीकू थापा, शुभवंती उपाध्याय, मधुसूदन शर्मा, बीपी शर्मा, सोना शाही आदि मौजूद रहे।

# लोहाघाट की बालिका ने गटका जहर, मौत

**चम्पावत/लोहाघाट, अमृत विचार :** लोहाघाट नगर की एक बालिका की जहर खाने से मौत हो गई। जहर खाने की वजह का पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस वारदात से परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस के मुताबिक बालिका बालिग है या नहीं, अभी यह साफ नहीं है। जानकारी के मुताबिक लोहाघाट के सब ट्रेजरी क्षेत्र की एक बालिका ने किसी वजह से जहर गटक लिया। जानकारी लगने पर परिजन आनन-फानन में बालिका को लोहाघाट अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद बालिका को चम्पावत जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व बालिका ने दम तोड़ दिया। चम्पावत के कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि बालिका की उम्र 18 साल के आसपास बताई गई है। बालिका बालिग है या नहीं, अभी यह साफ नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# भाजपा ने तय कीं प्रत्याशियों के नामांकन की तिथियां

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी 22 से 27 मार्च तक नामांकन करेंगे। सभी प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी मौजूद रहेंगे। पार्टी ने मंगलवार को नामांकन की तिथियां घोषित कर दी हैं। हरिद्वार सीट पर 23 मार्च को त्रिवेंद्र सिंह रावत ऑनलाइन नामांकन करेंगे।

भाजपा के सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट ने बताया कि सोमवार को पार्टी की लोकसभा चुनाव प्रबंधन कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें तय कार्यक्रम के मुताबिक अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट पर पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा 22 मार्च को नामांकन करेंगे। 23 मार्च को हरिद्वार सीट से पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत अपना नामांकन ऑनलाइन करेंगे। नैनीताल-उधमसिंह नगर सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट 27 मार्च को नामांकन कराएंगे। पौड़ी गढ़वाल सीट से पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी 26 मार्च को अपना नामांकन कराएंगे। टिहरी गढ़वाल सीट से माला राजलक्ष्मी शाह 27 मार्च को अपना नामांकन कराएंगी। सभी प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे।

### चुनाव-प्रचार में तेजी लाने के निर्देश

भाजपा के सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट ने बताया कि भाजपा की लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक में नामांकन के साथ ही चुनाव प्रचार और बड़े नेताओं की रैलियों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में चुनाव प्रचार में तेजी लाने के साथ ही सभी वर्गों के लोगों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए। बैठक में तय हुआ कि चुनाव प्रचार में प्रदेश संगठन के साथ ही बूथ और पन्ना स्तर तक समन्वय बनाने और बूथ स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में धामी सरकार के दो साल पूरे होने तथा 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस सहित कई कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

# तीन दिन में 60 लाख से अधिक की शराब व नगदी बरामद की

**सख्ती**

- आचार संहिता के बाद विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की जा रही कार्रवाई
- आबकारी, पुलिस, आयकर विभाग समेत 20 से अधिक एजेंसियां कर रहीं हैं मॉनीटरिंग

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** प्रदेश में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के निर्देशों के क्रम में सभी जिलों में निगरानी तंत्र को मजबूत करने के साथ ही विशेष चौकसी बरती जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद 16 से 18 मार्च तक तक तीन दिन के भीतर विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने 60 लाख से अधिक कीमत की अवैध शराब, मादक पदार्थ, नगदी व अन्य सामग्री सीज की है। स्टेट नोडल ऑफिसर (इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग) मनमोहन मैनाली ने बताया कि बीते 1 मार्च से 18 मार्च तक 7. 68 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध शराब, मादक पदार्थ, अनाधिकृत नगदी व अन्य सामग्री सीज की गई है। 11 मार्च को हरिद्वार जिजले में 3.34 करोड़ के मादक पदार्थ सीज किए गए थे।

### ईएसएमएस से जुड़े हैं 20 से अधिक विभाग

**देहरादून, अमृत विचार :** भारतीय चुनाव आयोग ने वर्तमान में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगी प्रवर्तन एजेंसियों के लिए इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) की व्यवस्था लागू की है। इस ईएसएमएस में आबकारी, पुलिस, आयकर विभाग समेत 20 से अधिक एजेंसियां जुड़ी हुई हैं। अधिकांश प्रवर्तन की कार्रवाई एवं सीजर रिपोर्ट को प्रतिदिन रात 12 बजे तक दर्ज किया जा रहा है। इसी ईएसएमएस साफ्टवेयर में सभी जिलों की प्रवर्तन एजेंसियां अपनी कार्रवाई दर्ज कर रही हैं। जिसकी सीधी मॉनीटरिंग भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड कार्यालय द्वारा की जा रही है।

# बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर प्रचार शुरू करेगी भाजपा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी बुजुर्ग मतदाताओं का आशीर्वाद लेकर लोकसभा चुनाव अभियान का श्रीगणेश करेगी। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी प्रत्याशियों, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों से 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं से प्रचार आरंभ करने का आग्रह किया है।

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट का कहना है कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देशभर के कार्यकर्ताओं को इस बार के लोकसभा चुनाव में 400 सीटें पार करने का लक्ष्य दिया है। इसी क्रम में हमें उत्तराखण्ड से पांचों सीटों को बड़े बहुमत से जिताकर पांच कमल के फूल प्रधानमंत्री को भेंट करने हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनका मानना है कि लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार अभियान का श्रीगणेश बजुर्गों के आशीर्वाद व सम्मान से किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि उत्तराखण्ड में 80 बसंत पार कर चुके मतदाताओं की संख्या 1,54,259 हैं, इसमें भी 1,411 (853 महिला, 558 पुरूष) मतदाताओं ने 100 बसंत पार कर लिए हैं। इन मतदाताओं ने आजादी से पहले, आजादी के बाद तथा 2014 के बाद का मोदी सरकार का विकास देखा है। भट्ट ने कहा कि सभी प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनाव अभियान की शुरुआत अपने क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्ग मतदाताओं के सम्मान व आर्शीवाद से करें।

# प्रदेश में आज से शुरू होगी लोस चुनाव की नामांकन प्रकिया

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर सभागार में चुनाव सम्बन्धी प्रेस ब्रीफिंग की। उन्होंने कहा कि 20 मार्च बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के आरओ मुख्यालय में नामांकन हेतु पब्लिक नोटिस चस्पा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 27 मार्च तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर, प्रत्येक दिन 11 बजे से लेकर 3 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया जारी रहेगी।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशियों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले डॉक्यूमेंट्स की एक चेक लिस्ट भी बनाई गई है, जिसमें फॉर्म ए, फॉर्म बी, एफिडेविट, सिक्योरिटी डिपोजिट के प्रूफ आदि शामिल हैं। नामांकन प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पोर्टल suvidha.eci.gov.in की भी व्यवस्था की गई है। इसमें प्रत्याशी मोबाइल नंबर द्वारा रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। इसका प्रिंट निकालकर हस्ताक्षर करने के उपरांत आरओ कार्यालय में नामांकन की अंतिम तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा। प्रत्याशी पोर्टल में ही डॉक्यूमेंट को मुख्यालय में जमा करने की समय और तिथि को अपनी सुविधानुसार चुन सकते हैं। इसके अलावा आरओ मुख्यालय के 100 मीटर की परिधि के दायरे में तीन से अधिक वाहनों की अनुमति नहीं होगी। इसी क्रम में प्रत्येक आरओ मुख्यालय में सुरक्षा की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लगभग 94 हजार भवनों से पोस्टर बैनर हटाए गए हैं। सी-विजिल एप के माध्यम से आदर्श आचार के लगभग 3066 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं, जिनमें से 2800 मामले सही पाए गए और तय समय सीमा में निस्तारित कर दिए गए। इसके साथ ही लगभग 10900 शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं, और यह कार्यवाही लगातार जारी है।

- सुविधा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी नामांकन करा सकते हैं प्रत्याशी

## उत्तर प्रदेश

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को गुन्नौर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने व्यक्ति को मृत घोषित कर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनपद बुलंदशहर के अनूपशहर निवासी डंबर सिंह (45) बाइक से गुन्नौर से अनूपशहर घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव इटुउआ के पास पहुंचा तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में डंबर सिंह, दूसरी बाइक सवार विष्णु और रमेश निवासी गांव अजीजपुर थाना जुनावई घायल हुए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने डंबर सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल रमेश व विष्णु को अलीगढ़ रेफर किया। डंबर के परिजन भी सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। डंबर सिंह का बेटा रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव डुप्टाकला में ठाकुर बाबू सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात है।

### नहीं पहना था हेलमेट

**संभल :** जागरूकता कार्यक्रम के बावजूद लोग बाइक से सफर के दौरान हेलमेट पहनने के नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। मंगलवार को हुए हादसे में भी यही बात सामने आई। दोनों बाइकों पर सवार तीनों में से एक ने भी हेलमेट नहीं लगाया था।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र में बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से युवक को बदायूं रेफर किया गया। जनपद बदायूं के गांव तेहरा निवासी विपिन कुमार सोमवार देर रात बाइक से गुन्नौर की तरफ से बबराला जा रहा था। बाइक का संतुलन बिगड़ गया और गांव हीरापुर इटौआ के पास डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी।

एंबुलेंस से विपिन को गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने विपिन का उपचार किया। डॉ. अजहर अली ने बताया कि युवक बेहोशी की हालत में है। युवक को बदायूं रेफर किया गया है।

# मधुमक्खियों के हमले में घास काट रही छात्रा की मौत, भाई घायल

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सीतापुरी में चारा लेने गए भाई-बहन पर जंगल में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे कक्षा तीन की छात्रा की मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही छात्रा का अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव सीतापुरी निवासी महीपाल की पुत्री मंशा (13) सोमवार शाम चार बजे अपने बड़े भाई मोहित के साथ आम के बाग में घास काट रही थी। तभी मधुमक्खियों ने दोनों पर हमला कर दिया। हमला होते ही मोहित चीखते चिल्लाते हुए गांव की ओर दौड़ा। लेकिन मधुमक्खियों ने मंशा को भागने का मौका नहीं दिया और उसे डंक मार-मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वह बाग में ही बेसुध होकर गिर गई। मधुमक्खियों ने घर पहुंचने तक भी मोहित का पीछा नहीं छोड़ा। परिजनों ने मोहित को आग जलाकर उसके पास बैठाया।

महीपाल की पत्नी ओमवती व उसका छोटा भाई सत्यभान मोहल्ले के लोगों के साथ आम के बाग में पहुंचे। मंशा को बचाने के लिए आग जलाकर धुएं से मधुमक्खियों को भगाने की कोशिश की। इसके बाद भी मधुमक्खियों ने पीछा नहीं छोड़ा। इसके बाद ओमवती व सत्यभान ने हाथ से मधुमक्खियों को मंशा के शरीर से हटाया। उपचार के लिए उसे लेकर सरायतरीन में निजी डॉक्टर के यहां पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मंशा को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

### पढ़ने में मेधावी थी मंशा

संभल। गांव सीतापुरी निवासी महीपाल ने मंगलवार को बताया कि मंशा ने कक्षा पांच तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल में की थी। लेकिन पढ़ने में होशियार मंशा के कहने पर उसका निजी स्कूल में दाखिला कराया था। इसमें मंशा अब कक्षा तीन में पढ़ाई कर रही थी। उसकी मौत से मां ओमवती का रो रोकर बुरा हाल है।

## सार-संक्षेप

### चुनाव की वजह से बदला परीक्षा कार्यक्रम

**बरेली :** लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होने के बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा में बदलाव किया है। अलग-अलग जिलों में वोटिंग की अलग-अलग तिथियां हैं। इन तिथियों के दौरान वोटिंग से पहले और बाद के दो-दो दिनों तक परीक्षा नहीं होगी। इन तिथियों पर जो पहले से परीक्षा निर्धारित थीं, उन्हें अब आगे बढ़ा दिया गया है। स्नातक की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हुई। इसके अलावा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 अप्रैल और परास्नातक की परीक्षा 10 अप्रैल से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक स्नातक की 16 से 21 तक और 25 से 28 अप्रैल, 5 से 8 और 12 से 14 मई को निर्धारित प्रश्नपत्रों की परीक्षा नहीं होगी। पहले परीक्षा 27 मई को समाप्त हो रही थी लेकिन अब 18 जून को समाप्त होंगी। इसी तरह से परास्नातक की परीक्षा 16 से 21 और 25 से 28 अप्रैल की परीक्षा नहीं होगी।

### महिला पर प्रेम जाल में फंसाने का आरोप

**बरेली :** सुभाषनगर क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने दूसरे समुदाय की महिला पर प्रेमजाल में फंसाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि महिला उसके जेवर भी लेकर फरार हो गई है। युवक की मां ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। मढ़ीनाथ निवासी महिला ने बताया कि उनका 21 साल का बेटा शादीशुदा हैऔर उसका एक बच्चा भी है। वह कोरियर का काम करता था। बेटा मठलक्ष्मीपुर की 45 साल की दूसरे समुदाय की महिला के घर कई बार पार्सल देने गया था। इस दौरान महिला से उसकी जान पहचान हो गई। महिला ने उनके बेटे को अपने वश में कर लिया। बेटे ने महिला को नकदी-जेवर भी दिए।

### उत्तर पुस्तिकाओं से निकल रहे 50-100 रुपये के नोट

**बरेली :** यूपी बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन के दौरान परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं से 50, 100 और 10 रुपये के नोट भी निकल रहे हैं। इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों की ओर से पास करने के लिए भावनात्मक निवेदन भी लिखे गए हैं। मूल्यांकन में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए उप प्रधान परीक्षक औचक 20 उत्तर पुस्तिकाओं का भी मूल्यांकन कर रहे हैं। जिले में चार दिनों में अब तक 3,31,386 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है। अब अगले चार दिनों में शेष 3,34,424 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम प्रयागराज भेजा जाएगा।

### महीने का बिजली बिल एक लाख देखकर लगा झटका

**बरेली :** हरुनगला के दो लोग एक लाख से अधिक का बिल आने से परेशान हैं और बिल सही कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं अधिकारियों का कहना है कि घरेलू बिल को कॉमर्शियल करने की वजह से बिल अधिक भेजा गया। एजाज नगर गौटिया निवासी नसीम बेगम ने बताया कि उनके मकान का बिजली बिल हर महीने 15 हजार रुपये के आसपास आता था लेकिन अब अचानक बिल करीब एक लाख रुपये आ गया। वहीं सिराज का भी घरेलू कनेक्शन पर एक महीने का बिल एक लाख से अधिक आ गया। ईई गौरव शुक्ला ने बताया कि किसी उपभोक्ता का गलत बिल नहीं आया है।

### बाइक पर युवक-युवती का स्टंट करते वीडियो वायरल

**बरेली :** रील बनाने के लिए युवा जानलेवा स्टंट कर रहे हैं। मंगलवार को एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें युवक-युवती बाइक से स्टंट कर रहे हैं। यह वीडियो बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रामगंगा आवासीय क्षेत्र का बताया जा रहा है। इस वीडियो को पुलिस अधिकारियों के एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की गई है। वायरल वीडियो 16 सेकेंड का है। इसमें एक युवती स्पोर्ट्स बाइक पर बैठी है और दूसरा युवक बाइक पर हेलमेट लगाकर आता दिख रहा है। युवक बाइक का पिछला पहिया उठा देता है और इसके बाद युवती अपनी बाइक को स्टार्ट करती है।

# दो पासपोर्ट के मामले में सुनवाई टली

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में मंगलवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब 28 मार्च को सुनवाई होगी।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें भाजपा विधायक ने अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि एक पासपोर्ट में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 है, जबकि दूसरे पासपोर्ट में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे।

# काशीपुर क्षेत्र की युवती ने दुष्कर्म का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की युवती ने पाकबड़ा निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि जब उसने युवक से शादी के लिए कहा तो आरोपी और उसके परिवार वाले धमकी देने लगे। परेशान पीड़िता ने मामले में एसएसपी से गुहार लगाई है।

पीड़िता मूलरूप से उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्र की निवासी है। मुरादाबाद में ही हरथला चौकी क्षेत्र में रहती है। पीड़िता ने एसएसपी के सामने पेश होकर बताया है कि वह चाइल्ड केयर टेकर के रूप में चार साल में काम कर रही है। सहेली के मध्यम से उसका संपर्क पाकबड़ा के गांव निवासी युवक से हुआ था। उसी दौरान युवक ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया था। कई माह फोन पर बातें करके आरोपी ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया था। पीड़िता के मुताबिक, साल भर पहले आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। एक साल तक आरोपी उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता के अनुसार उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी और उसके परिवार वालों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही शादी करने से साफ मना कर दिया।

# सेवानिवृत्त दरोगा ने होमगार्ड को पीटा

**संभल, अमृत विचार:** बहजोई रोड स्थित मौलागढ़ की पुलिया पर सोमवार शाम होमगार्ड चरत गिरि निवासी मझावली थाना बनियाठेर ड्यूटी कर रहा था। तभी पुलिया पर चालक ई-रिक्शा में सवारी बैठा रहा था।

होमगार्ड ने ई-रिक्शा चालक को हटाने का प्रयास किया तो एक सेवानिवृत्त दरोगा मौके पर पहुंचा और होमगार्ड को थप्पड़ मार दिया। इससे होमगार्ड का मोबाइल नीचे गिर गया। दरोगा ने उससे डंडा छीनकर मारपीट की। वहां मौजूद कुछ लोगों ने घटना का मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। होमगार्ड ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी सेवानिवृत्त दरोगा प्रेमपाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बहेड़ी में स्मैक तस्करी का वीडियो हुआ वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बहेड़ी में खुलेआम स्मैक की तस्करी की जा रही है। इसके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक व्यक्ति ने इन वीडियो को एक्स पर पोस्ट कर पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

वीडियो बहेड़ी के लाइन पार मोहम्मदपुर चौराहा का बताया जा रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति सफेद कागज की पुड़िया बनाता है और कुछ दूर चलने के बाद एक युवक उससे रुपये देकर पुड़िया ले लेता है। वीडियो में स्मैक लेने वाला कहता है कि काफी देर से तुम्हारा इंतजार कर रहा था। वहीं दूसरे वीडियो में दो युवक एक स्थान स्मैक पीने का जुगाड़ कर रहे हैं। इसके अलावा तीसरे वीडियो में एक युवक बता रहा है कि चार तस्कर स्मैक बेचते हैं। ये लोग तीन सौ रुपये की एक पुड़िया बेचते हैं। तस्करों के साथ घरों तक पुड़िया पहुंचाते हैं। इसके बदले में उसे एक पुड़िया बेचने पर 60 से 70 रुपये भी मिलते हैं। इस मामले में बहेड़ी इंस्पेक्टर प्रवीण सोलंकी ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। तस्करों का भी पता किया जा रहा है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। जांच के बाद वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,012 .052 | 21,817 .45 |
| नुकसान | 736 .37 | 238 .25 |
| प्रतिशत में | 1.01 | 1.08 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, बुधवार, 20 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# भारत की 8% की वृद्धि दर रहेगी कायम

## भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन लेख में कहा गया-इससे ऊपर भी जा सकती है जीडीपी

मुंबई, एजेंसी

भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को कायम रख सकता है या इससे भी आगे निकल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर मार्च के बुलेटिन में कहा गया है कि देश का अनुकूल वृद्धि आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाने का आधार बन सकता है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से अधिक रही है।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है, कुछ सबसे मजूबत अर्थव्यवस्थाओं और उच्च आवृत्ति संकेतकों में वृद्धि धीमी हो रही है। यह आने वाले समय में चीजों के और सुस्त पड़ने का इशारा कर रहे हैं।

भारत की 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर थी। मजबूत रफ्तार, बेहतर अप्रत्यक्ष कर संग्रह और सब्सिडी में कमी की वजह से यह वृद्धि हासिल हो सकी है। लेख में कहा गया है कि संरचनात्मक मांग और कंपनियों तथा बैंकों का मजबूत बही-खाता आगे चलकर वृद्धि को और गति देने में भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया-दुनिया ढांचे और धारणा में बड़े बदलावों का सामना कर रही है। ये या तो चल रहे हैं या आने वाले हैं। लेख में कहा गया है कि माहौल में अनिश्चितता फैली हुई है, जो भू-राजनीतिक और मौसम से संबंधित जोखिमों की वजह से और बढ़ गई है।

### मुद्रास्फीति को लक्ष्य तक लाने में खाद्य कीमतें बाधा

मुद्रास्फीति को तेजी से घटाकर चार प्रतिशत तक लाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्ष्य की दिशा में खाद्य कीमतें बाधा बन रही हैं। केंद्रीय बैंक के मार्च महीने के बुलेटिन 'स्टेट ऑफ इकनॉमी' में मंगलवार को यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर से घट रही है और फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में एक टीम ने अपने लेख में कहा-भले ही प्रमुख मुद्रास्फीति में व्यापक नरमी के साथ महंगाई लगातार घट रही है, लेकिन खाद्य कीमतों के दबाव के चलते इसे तेजी से चार प्रतिशत पर लाने में बाधा पैदा हो रही है। लेख में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है और कुछ सबसे जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी है। उच्च आवृत्ति संकेतक आने वाले समय में इसके और सुस्त होने की ओर इशारा कर रहे हैं। भारत में वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर छह तिमाही के उच्चस्तर पर थी।

# विदेशी निकासी से सेंसेक्स 736 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

- टीसीएस में हुई भारी बिकवाली निफ्टी 22,000 से नीचे आया

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली, अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत तक टूट गए। जापान के केंद्रीय बैंक के 17 साल में पहली बार ब्याज दरों को बढ़ाने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बना। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक फिसलकर 71,933.35 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत गिरकर 21,817.45 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर नुकसान में रहे। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से पहले निवेशक सतर्कता का रुख अपना रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की प्रवर्तक टाटा संस ने एक थोक सौदे में इसके लगभग 2.3 करोड़ शेयर यानी 0.65 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेची है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, विप्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई।

### गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डूबी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई। शेयर बाजार में गिरावट से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,86,777.98 करोड़ रुपये घटकर 3,73,92,545.45 करोड़ रुपये रह गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के 17 साल बाद ब्याज दरें बढ़ाने के फैसले के बाद एशियाई बाजारों की धारणा प्रभावित हुई।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,100-50,300 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,750 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,750 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 104 मसूरी 95 बासमती 140, **दाल दलहन**-काला चना 103 साबुत चना दाल 98 मूंग साबुत 97-120 राजमा- 155 दाल उड़द 120 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल-112 उड़द साबुत 115 काबुली चना 76-140 अरहर दाल 157 लोबिया/करमानी 85 सोयाबीन 46-60 मूंगफली 77 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपयेमलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

अग्रिम कर संग्रह बढ़ने से चालू वित्त वर्ष (2023-24) में 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.88 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा कि 17 मार्च तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18,90,259 करोड़ रुपये रहा है जिसमें 9,14,469 करोड़ रुपये कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर के अलावा 9,72,224 करोड़ रुपये का प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) भी शामिल है। अग्रिम कर संग्रह 17 मार्च, 2024 तक 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 22.31 प्रतिशत अधिक है। कंपनियों से अग्रिम कर के तौर पर 6.73 लाख करोड़ रुपये मिले हैं जबकि व्यक्तिगत आयकरदाताओं का योगदान 2.39 लाख करोड़ रुपये है। इस बीच, चालू वित्त वर्ष में 17 मार्च तक करीब 3.37 लाख करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया जा चुका है। सकल आधार पर रिफंड समायोजन से पहले कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.27 लाख करोड़ रुपये बैठता है। यह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 18.74 प्रतिशत अधिक है।

# बीओआई ने आवास ऋण पर ब्याज दर 0.15 प्रतिशत घटाई

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को नए आवास ऋण पर ब्याज दर को 8.45 प्रतिशत से 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.3 प्रतिशत करने की घोषणा की। सीमित अवधि की यह योजना इस महीने के अंत तक यानी 31 मार्च तक लागू रहेगी। इसमें किसी तरह का प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा। बैंक ने दावा किया कि 8.3 प्रतिशत की ब्याज दर उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच इस श्रेणी में सबसे कम दर है। बैंक ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक जैसे अग्रणी बैंकों में न्यूनतम दर 8.4 प्रतिशत है। यह पेशकश सिर्फ 31 मार्च तक है।

# चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 450 अरब डॉलर तक संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

- फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने जताई उम्मीद

लाल सागर संकट जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश का वस्तुओं का निर्यात 450 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के निर्वाचित अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है।

कुमार ने कहा कि देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले ऋण तथा विपणन समर्थन की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द अंतिम रूप देने से भी निर्यात को मदद मिलेगी।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### 1.83 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर जिले में मंगलवार को जिला पुलिस की विशेष टीम और भीनमाल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पाली रेंज) ओम प्रकाश ने बताया-गुप्त सूचना पर एक टीम ने भीनमाल थाने क्षेत्र के निंबावास गांव में एक घर पर छापा मारा और एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की 45,960 गोलियां बरामद करके आरोपी छगन राम चौधरी को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

### नागपुर में बीबीए की छात्रा ने आत्महत्या की

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में 'बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए)' की 19 वर्षीय छात्रा ने 'जंक फूड' खाने के लिए पिता द्वारा डांटे जाने के बाद घर में फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की पहचान भूमिका विनोद धनवानी के तौर पर की गयी है, वह शहर के सिंधी कॉलोनी इलाके में रहती थी। प्रताप नगर पुलिस अधिकारी ने बताया-भूमिका बीबीए की छात्रा थी और उसे 'थायराइड' की समस्या थी। उसके पिता ने उसे 'जंक फूड' खाने के लिए डांटा था, जिससे परेशान होकर उसने रसोई में एक लंबे कपड़े का इस्तेमाल कर फांसी लगा ली।

## तमिलनाडु में आयोजित रैली में इंडिया गठबंधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमला

# जो शक्ति का विनाश चाहते, वे खुद बर्बाद हो जाएंगे

सलेम, (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सलेम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान महिलाओं से मुलाकात की। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सलेम जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर एक बार फिर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत उसके सहयोगी दल इसका (शक्ति का) 'विनाश' करना चाहते हैं लेकिन वे खुद ही 'बर्बाद' हो जाएंगे।

कांग्रेस और उसकी दक्षिणी सहयोगी, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोलते हुए उन्होंने दोनों दलों को 'सिक्के के दो पहलू' करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार तथा वंशवाद की राजनीति करने के आरोप लगाए।

राहुल गांधी के 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाले बयान पर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया था और मोदी ने उस पर कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि हर मां और बेटी उनके लिए शक्ति का रूप हैं और वह उनकी सुरक्षा के लिए अपना जीवन खपा देंगे। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन के लोग वाले बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में किया रोड शो

**पलक्कड़ (केरल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान के तहत पलक्कड़ लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. कृष्णकुमार के समर्थन में मंगलवार सुबह रोड शो किया। श्री मोदी सुबह 10:25 बजे कोयंबटूर से हेलिकॉप्टर से मर्सी कॉलेज मैदान में उतरे। भाजपा के केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर, प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन और पलक्कड़ नगरपालिका अध्यक्ष ई. कृष्णकुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मर्सी कॉलेज मैदान में उनका जोरदार स्वागत किया।

# दो अलग-अलग मुठभेड़ में 6 माओवादी मारे गए

गढ़चिरौली (महाराष्ट्र), एजेंसी

- गढ़चिरौली में 36 लाख के 4 इनामी और दंतेवाड़ा में महिला सहित 2 नक्सली ढेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में मंगलवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि पुलिस को सोमवार दोपहर को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के मकसद से प्राणहिता नदी पार कर पड़ोसी तेलंगाना से गढ़चिरौली में आए हैं। गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई 'सी-60' के कई दलों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के त्वरित कार्रवाई दल को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब 'सी-60' इकाई का एक दल रेपनपल्ली के समीप कोलामार्का पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार सुबह तलाशी अभियान चला रहा था तो नक्सलियों ने उस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद इलाके की तलाशी ली गयी और चार नक्सलियों के शव बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इन चारों नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारी ने बताया कि उनके पास से एक एके-47 बंदूक, एक कार्बाइन, दो देसी पिस्तौल, नक्सली साहित्य तथा अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गमपुर गांव के जंगल में यह मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान जब सुरक्षाबलों के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए, बाद में जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तो वहां एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों के शव, दो हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है।

# शेफाली होंगी केंद्र सरकार की प्रवक्ता

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 1990 बैच की भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी शेफाली शरण को केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनाया है। वे एक अप्रैल को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महा निदेशक पद का कार्यभार संभालेंगी। इस पद पर तैनात मनीष देसाई 31 मार्च को अवकाश ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले शेफाली, भारतीय निर्वाचन आयोग में सूचना महानिदेशक रह चुकी हैं। केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनने वाली शेफाली पांचवीं महिला अधिकारी होंगी। अब तक इस पद पर जे कृष्णा, शकुंतला महावल, नीलम कपूर एवं दीपक संधू काम कर चुकी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान शेफाली, निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता थीं। आयोग, सरकार एवं मीडिया के बीच उनके समन्वित कामकाज की अभी तक सराहना की जाती है।

# केरल में एनआईए ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

**आरएसएस नेता की हत्या का मामला**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल में 2022 में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता श्रीनिवासन की हत्या के मुख्य आरोपी शफीक को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के मुताबिक, 16 अप्रैल, 2022 को पलक्कड़ में श्रीनिवासन की हत्या के बाद से शफीक फरार था, जिसे एनआईए की एक टीम ने राज्य के कोल्लम जिले से ढूंढ निकाला। एनआईए ने बयान में बताया कि मामले में आरोपी की संलिप्तता के लिए सोमवार को आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने उसे हिरासत में लिया। बयान के मुताबिक, शफीक प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का एक प्रमुख सदस्य था, जो पिछले काफी समय से फरार था। हत्या की साजिश रचने के हिस्से के रूप में कुल 71 लोगों की पहचान की गई है और एनआईए पहले ही दो आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। एनआईए ने पिछले साल 17 मार्च और छह नवंबर को आरोपपत्र दाखिल किया था। केरल के मलप्पुरम जिले का रहने वाला शफीक पीएफआई का एक प्रमुख सदस्य था।

# राकांपा-शरदचंद्र पवार नाम से चुनाव लड़ेगा शरद गुट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने उसके चिह्न तुरही बजाता आदमी को भी दी मान्यता
- अजित गुट को झटका, पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर फैसला नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस नाम का उपयोग करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार की अगुवाई वाले राकांपा के धड़े को 'तुरही बजाता आदमी' को उसके चुनाव चिह्न के रूप में इस्तेमाल करने की भी अनुमति दे दी। पीठ ने शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित ''घड़ी'' चुनाव चिह्न का उपयोग करने से इस आधार पर रोकने की मांग की गई थी कि यह समान अवसर को बाधित कर रहा है। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा के विभाजन से पहले इसका चुनाव चिह्न 'घड़ी' था। अब यह चिह्न अजित पवार की अगुवाई वाली पार्टी के पास है।

पीठ ने निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और उसके चुनाव चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया। उसने आयोग को यह निर्देश भी दिया कि किसी अन्य पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार को यह चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया जाए। न्यायालय ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के धड़े से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न अदालत में विचाराधीन है और इसका उपयोग फैसले के आधार पर होगा। पीठ ने अजित पवार के धड़े से चुनाव से संबंधित सभी दृश्य-श्रव्य विज्ञापनों और बैनर तथा पोस्टर आदि में भी इसी तरह की घोषणा करने को कहा। उसने अजित पवार की पार्टी को वास्तविक राकांपा मानने के निर्वाचन आयोग के छह फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार खेमे से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया

चंडीगढ़, एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल में आठ मंत्री शामिल किए

हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार ने मंगलवार को आठ विधायकों को मंत्री बनाकर पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया। सैनी और पांच मंत्रियों ने पिछले सप्ताह शपथ ली थी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यहां राजभवन में नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हिसार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक कमल गुप्ता ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गुप्ता ने संस्कृत में शपथ ली। वह पूर्ववर्ती मनोहर लाल मंत्रिमंडल में भी मंत्री थे। इसके बाद फरीदाबाद के बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा, अंबाला शहर से विधायक असीम गोयल, महेंद्रगढ़ के नांगल चौधरी से विधायक अभय सिंह यादव, कुरुक्षेत्र के थानेसर से विधायक सुभाष सुधा, भिवानी के बवानी खेड़ा से विधायक बिशंबर सिंह वाल्मीकि और गुरुग्राम के सोहना से विधायक संजय सिंह ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ ली। मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे।

# केजरीवाल कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते : पात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई समन की तामील नहीं करने पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि जब तक कथित आबकारी नीति घोटाले में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं, तब तक वह कानून के 'लंबे हाथों' से बच नहीं सकते।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का बचाव करने के लिए भी आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की और कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई सबूतों पर आधारित है।

पात्रा ने कहा-राजनीतिक दल जांच एजेंसियों का गठन नहीं करते हैं। भाजपा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा ईडी को भाजपा की राजनीतिक शाखा बताए जाने और इसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी के आरोपों को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आई है। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सोमवार को ईडी के समन की अनदेखी की थी। आप ने ईडी के समन को 'अवैध' करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार केजरीवाल को निशाना बनाने और लोकसभा चुनाव में उनको प्रचार करने से रोकने के लिए जांच एजेंसी का 'इस्तेमाल' कर रही है।

### राजनीतिक हथियार बन गई है ईडी: आतिशी

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर 'राजनीतिक हथियार' बनने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उच्चतम न्यायालय ने एजेंसी के इस आरोप को खारिज कर दिया था कि बीआरएस नेता के. कविता अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति में लाभ के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में शामिल थीं। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी का मकसद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है।

# एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल के जरिए एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी के लिए तैयार पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। कमेंट्री बॉक्स में वापसी से तीन दिन पहले हमेशा की तरह उत्साहित सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट मेरा पहला प्यार है। अगर आपका शौक आपका पेशा बन जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं। एक बत्तख का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में उसी तरह उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

सिद्धू ने कमेंट्री में खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने को तैयार हैं।

● इस लीग से भारत ही नहीं अन्य देशों को भी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद

आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं।

सिद्धू ने भारतीय टीम के पिछले वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में वे बहुत अच्छा खेले। केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा। एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं हो सकता है। भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है। हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में रखा जाता था क्योंकि कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था। अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### रोहित और विराट के टी-20 भारतीय टीम में चुने जाने की पैरवी की

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी-20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी। वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है, लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है। मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने की उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।

# कोहली ने भारत के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है: मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम डब्ल्यूपीएल में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि उसकी पुरुष टीम 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे।

मंधाना ने कहा कि खिताब अलग चीज है, लेकिन कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है। मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है। वह प्रेरणादायी हैं। एक खिताब कई चीजों को परिभाषित नहीं करता है। हम सभी उनका सम्मान करते हैं। मंधाना और कोहली दोनों 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि इस आधार पर दोनों के बीच तुलना करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं इसे 18 नंबर की जर्सी की तुलना नहीं कहूंगी। जर्सी नंबर केवल व्यक्तिगत पसंद होती है। मेरे जन्मदिन की तारीख 18 है और मेरा जर्सी नंबर 18 है। इससे इस बात का पता नहीं चलता है कि वह कैसे खेलते हैं और मैं कैसे खेलती हूं।

## खेल डायरी

### काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स से खेलेंगे उनादकट

**होव, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी का खिताब जीता था। पिछले सत्र में उनादकट ने लीस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर टीम को 15 रन से जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी और वह फिर से यह प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अंतिम क्वालीफाइंग के लिए चुनी 12 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और विश्व कप विजेता गनेमत सेखों को ओलंपिक के लिए दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जुलाई अगस्त में होने वाले कई अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम की घोषणा की। इसमें चार कोटा दाव पर लगे होंगे, जिसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा होगे। तीन टीम में पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर तथा मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले निशानेबाज हैं।

### चोट से अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव से अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजेलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है। अर्जेंटीना के स्ट्राइकर पाउलो डायबाला और मिडफील्डर एक्सक्विल पलासियोस भी चोटिल होने के कारण इन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला की रद

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान में महिलाओं की खराब स्थिति का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान की पुरुष टीम के खिलाफ होने वाली तीन टी-20 मैच की घरेलू श्रृंखला रद कर दी है। तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता में लौटने के बाद लड़कियों के स्कूल और कॉलेज जाने पर रोक लगा दी। यही नहीं उसने महिला सहायता कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया का आगामी श्रृंखला स्थगित करने का मतलब है कि उसने अफगानिस्तान को लेकर अपना कड़ा रवैया जारी रखा है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले नवंबर 2021 में होबार्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच को भी रद कर दिया था। इसके बाद उसने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली तीन मैच की वनडे श्रृंखला भी स्थगित कर दी थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि पिछले 12 महीनों में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर ऑस्ट्रेलिया की सरकार के साथ परामर्श जारी रखा था। सरकार ने सलाह दी है कि अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति बदतर होती जा रही है। इस कारण हमने अपनी पूर्व की स्थिति को बरकरार रखा है और अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला स्थगित कर देंगे। अफगानिस्तान आईसीसी का एकमात्र पूर्णकालिक सदस्य देश है, जिसने दक्षिण अफ्रीका में खेले गए अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपनी टीम नहीं भेजी थी क्योंकि देश ने महिलाओं पर क्रिकेट खेलने से रोक लगा दी है।

# रोहित ने हार्दिक और बुमराह का समर्थन किया: पटेल

## पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की

मुंबई, एजेंसी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने मंगलवार को कहा की हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई इंडियंस की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका पूरा समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की और कहा कि मुंबई के क्रिकेटर ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने आईपीएल में अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की।

पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहित ने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ। वह 2015 में आया और लोकप्रिय बन गया। 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा। इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की।

उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं तो कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की। यहां तक की धोनी ने भी गलतियां की, लेकिन आपने रोहित शर्मा को कभी गलती करते हुए नहीं देखा होगा।

### हैदराबाद के पहले तीन आईपीएल मैच नहीं खेलेंगे हसारंगा

**कोलंबो, एजेंसी।** आल राउंडर वानिंदु हसारंगा को 22 मार्च से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया है, जिससे वह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल के कम से कम पहले तीन मैच नहीं खेल पाएंगे। हसारंगा श्रीलंका के लिए चार टेस्ट मैच खेल चुके हैं और उन्होंने पिछले साल अगस्त में सफेद गेंद के क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन मंगलवार को इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को श्रीलंका की 17 सदस्यीय टीम में चुना गया। पहला टेस्ट 22 से 26 मार्च तक सिलहट में और दूसरा टेस्ट 30 मार्च से तीन अप्रैल तक चटगांव में खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने हसारंगा को 1.5 करोड़ रुपये में उनके आधार मूल्य में खरीदा था। आईपीएल का अभी दो हफ्तों का ही कार्यक्रम घोषित हुआ है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद का सामना 23 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा जबकि 27 मार्च को उसे हैदाराबाद में मुंबई इंडियंस से खेलना है। फिर 31 मार्च को उसका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। देखना होगा कि यह स्पिनर पांच अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उपलब्ध होगा या नहीं।

# दिल्ली के लिए पंत के साथ मैच में जीत पाना कुशाग्र का लक्ष्य

विशाखापत्तनम, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना ही सपना साकार होना था और अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं। झारखंड के बोकारो के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं और इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ में खरीदा था। कुशाग्र के साथ आल राउंडर सुमित कुमार और रिकी भुई टीम के नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि मैं पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा। मेरा उद्देश्य टीम के लिए मैच जीतना होगा। मैंने पहली बार ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी की और उन्होंने मेरे खेल के लिए काफी कुछ गुर दिए। वह एक हाथ से शॉट लगा रहे थे और छक्के जड़ रहे थे। वह गेंद अच्छी तरह हिट कर रहे थे, उम्मीद है कि हम दोनों मिलकर दिल्ली के लिए मैच जीतेंगे। सुमित को तीन साल के इंतजार के बाद आईपीएल अनुबंध मिला और इस खिलाड़ी ने 2019 में हरियाणा में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। वहीं भुई को लगता है कि वह सही समय पर लय में आ रहे हैं जो पहले हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि घरेलू मैदान में मुझे आईपीएल खेलने को मिलेगा। मैं यहां की परिस्थितियों से वाकिफ हूं। अपने परिवार और दोस्तों के सामने खेलना शानदार होगा। मैं टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहूंगा। दिल्ली कैपिटल्स अपना पहला मैच 23 मार्च को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी।

# मियामी ओपन में जीते नागल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर शानदार शुरुआत की। इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया।

पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के हटने से अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

# विनेश-साक्षी का पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की निंदा की।

इन दोनों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस हस्तक्षेप की अपील की है। ये दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में थीं जिन्होंने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्वंदियों के भाषणों का जवाब देने के लिए 'महिला शक्ति' का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं। नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए। महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए कुछ करेंगे। साक्षी मलिक ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं। इतिहास गवाह है कि इस देश के ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किया है, लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है। सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह ये बयान देते रहे कि यह निलंबन सिर्फ़ दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जाएंगे और हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा। साक्षी ने कहा कि ये बात सच साबित हुई और संघ के पत्र ने इस पर मुहर लगाया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी। इन पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।

नई दिल्ली, एजेंसी

# बॉलीवुड हलचल

## कुणाल ने लिखा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं...

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। कुणाल मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है।गाना के साथ कुणाल ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाना हम यहीं दोस्तों के अनमोल यादों को याद दिलाता है, जिसमें साझेदारी और खुशी का एहसास है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

## फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा

**मुंबई, एजेंसी।** जी बायोस्कोप प्रस्तुत फिल्म बड़की माई में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में नजर आएगी। फिल्म के निर्माता दीपक शाह जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। निर्माता दीपक शाह ने कहा कि बड़की माई शानदार फिल्म है और इसमें जय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण है। जय यादव इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से है और उनकी फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिलती है। उम्मीद हैं कि वे फिल्म में भी अपनी अदाकारी से सबों का दिल जीत लेंगे। निर्देशक सुजीत वर्मा ने कहा कि फिल्म की पटकथा दर्शकों को लुभाने वाली है। जय जैसे कलाकार के होने से फिल्म बेहद अच्छी बन रही है। जय का अभिनय इन दिनों दर्शकों में बेहद लोकप्रिय है और उनके साथ सेट पर काम करने वाले लोग भी बेहद सहज हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सब मिलकर बेहतरीन फिल्म लेकर आने वाले हैं जो भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। वहीं, जय ने बताया कि बड़की माई की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है और यह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हर किरदार जरूरी है और जिसका एक दूसरे के साथ सामान्य से भी बेजोड़ देखने को मिलेगा। निर्देशक सुजीत वर्मा के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है। वह इससे पहले कई हिट फिल्में दे चुके हैं और अब हम लोग एक बड़े प्रोजेक्ट पर पूरे की जान से लगे हैं। उम्मीद करते हैं कि जब यह फिल्म सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म बड़की माई में विमल पांडे, माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे की भी अहम भूमिका है।

### सुमन राज और काजल त्रिपाठी का नया गीत रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सुमन राज और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' रिलीज हो गया है। होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को सुमन राज ने गाया है जबकि काजल त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा एवं कृष्णा संगम ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है।

## हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में 29 को रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72, उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इस बार पुन: गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है, वह अवर्णनीय है। पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म के लेखक साई नारायण हैं, फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। महादेव का गोरखपुर के निर्माता प्रितेश शाह और सलिल शंकरन, वहीं फिल्म के सह निर्माता अरविंद सिंह, अमरजीत दहिया ,एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शंकर नारायण, सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह हैं। संगीत निर्देशन अगम अग्रवाल और रंजिम राज ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# एनकाउंटर विशेषज्ञ प्रदीप शर्मा को उम्रकैद

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 में गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी सहयोगी रामनारायण गुप्ता की फर्जी मुठभेड़ में मौत के मामले में मंगलवार को एनकाउंटर विशेषज्ञ व पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने शर्मा को बरी करने के सत्र न्यायालय के 2013 के फैसले को गलत और अस्थिर करार देते हुए रद कर दिया। दो दशक बाद अदालत ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने शर्मा के खिलाफ उपलब्ध भारी सबूतों को नजरअंदाज कर दिया था। सबूतों की सामान्य श्रृंखला मामले में उनकी संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित करती है। पीठ ने शर्मा को तीन सप्ताह में संबंधित सत्र अदालत के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों सहित 13 व्यक्तियों को निचली अदालत द्वारा दी गई दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को भी बरकरार रखा और छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को रद कर दिया और उन्हें बरी कर दिया है। हत्या के लिए 13 पुलिसकर्मियों सहित बाईस लोगों पर आरोप लगाया गया था। 2013 में सत्र न्यायालय ने सबूतों के अभाव में प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया और 21 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 21 आरोपियों में से दो की हिरासत में मौत हो गई। जहां अभियुक्तों ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की, वहीं अभियोजन पक्ष और मृतक के भाई रामप्रसाद गुप्ता ने प्रदीप शर्मा को बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। विशेष लोक अभियोजक राजीव चव्हाण ने कहा था कि वर्तमान मामले में, जो अधिकारी कानून और व्यवस्था के संरक्षक थे, वे स्वयं एक चरणबद्ध निर्मम हत्या में शामिल थे। मामले में शर्मा को दोषी ठहराने की मांग करने वाले अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि पूर्व पुलिसकर्मी अपहरण और हत्या के पूरे ऑपरेशन का मुख्य साजिशकर्ता और प्रमुख था।

**फर्जी मुठभेड़ मामला**

- **बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला, 13 पुलिसकर्मी समेत 22 पर था आरोप**

### क्या है मामला

11 नवंबर, 2006 को रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया का फर्जी एनकाउंटर हुआ था। 33 साल के वसई मुंबई के रहने वाले लखन भैया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था, उसे 11 नवंबर, 2006 को पुलिस टीम ने छोटा राजन गैंग के संदिग्ध सदस्य के रूप में हिरासत में लिया था उसी दिन शाम को मुंबई में लखन भैया का एनकाउंटर हो गया था।

## प्रशासनिक बैठक में शामिल होने पर विवादों में घिरे नवाज

**इस्लामाबाद।** आम चुनाव के बाद से गायब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पंजाब सरकार की तीन प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में उनकी उपस्थिति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। दरअसल, नवाज के पास मौजूदा समय में कोई आधिकारिक पद नहीं है।

तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ ने सोमवार को अपनी बेटी मरियम शरीफ के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता की। इस बैठक के बाद एक हैंडआउट जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि नवाज ने अधिकारियों को परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी किए। ऐसे में उनका बैठक की अध्यक्षता करना कई सवाल खड़े करता है।

# निष्क्रिय डीमैट अकाउंट क्लोज कराएं नहीं तो देनी होगी फीस

*अगर आप अपने डीमैट खाते का लगातार इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में आपका अकाउंट इनएक्टिव हो सकता है या फिर आपको अकाउंट के लिए मेंटेनेंस फीस चुकानी पड़ सकती है। इस तरह के अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए बेहतर है कि इसे बंद करा दें।*

### कब निष्क्रिय होता है खाता

एनएसई के नियम के मुताबिक, यदि किसी ट्रेडिंग अकाउंट में 12 महीने से कोई लेनदेन नहीं होता तो स्टॉक ब्रोकर को उस ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट को निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत करना होगा। एनएसई द्वारा जारी सर्कुलर अन्य स्टॉक एक्सचेंजों पर भी लागू होता है।

### कैसे बंद करें डीमैट खाता

पहले अपने सभी शेयर बेचें या दूसरे डीमैट खाते में ट्रांसफर करें। कोई चार्ज या फीस बकाया है तो उसका सेटलमेंट करें। इसके बाद अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) डीपी से क्लोजर फॉर्म लेकर भरें। पैन कार्ड की कॉपी, एड्रेस प्रूफ और आइडेंटिटी प्रूफ जैसे डॉक्यूमेंट अटैच करें। वेरिफिकेशन के बाद क्लोजिंग प्रोसेस शुरू हो जाएगी

### खाता फिर से कैसे करें सक्रिय

डीमैट खाता फिर चालू करना यदि ट्रेडिंग/डीमैट अकाउंट 12 से 24 महीने तक निष्क्रिय रहा है तो अपने स्टॉक ब्रोकर को कॉल करके या ईमेल के जरिए अनुरोध करके उसे फिर से शुरू करवाया जा सकता है। इसमें ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होती है। यदि निष्क्रियता 24 महीने से ज्यादा है तो री-केवाईसी और इन-पर्सन वेरिफिकेशन प्रोसेस की जरूरत पड़ सकती है। यह प्रक्रिया लगभग नए अकाउंट खोलने जितनी ही जटिल और लंबी हो सकती है। बता दें, डीमैट खाता को बंद करने की रिक्वेस्ट करने के बाद आपका खाता कुल 10 दिन के भीतर बंद कर दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस खाते को बंद करने में आपको किसी तरह का चार्ज नहीं देना होगा। वहीं अगर आपके खाते में कुछ पैसे बकाया है तो उस शुल्क को देने के बाद ही आप अकाउंट को बंद कर सकते हैं।

## एक नजर

### अल-शिफा अस्पताल पर हमले में आईडीएफ सैनिक की मौत

**गाजा।** गाजा शहर में अल-शिफा अस्पताल परिसर पर सोमवार तड़के इजराइली सेना की। छापेमारी के दौरान एक इजराईली सैनिक की मौत हो गई, जबकि हमले में कई गाजावासी भी मारे गए हैं। आईडीएफ के अनुसार, इजराइली लोगों की मौतों की कुल संख्या 593 हो गई है। वहीं हमास ने कहा- अल-शिफा अस्पताल में घुसपैठ कर रहे इजराइली बलों के साथ झड़पों में कई लड़ाकों की मौत हुई है। हमास ने कहा- सैन्य वाहनों को निशाना बनाया जिससे मौतें हुईं। बता दें, आईडीएफ सैनिक गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में ऑपरेशन कर रहे हैं। सेना ने 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### बलूचिस्तान प्रांत में आया 5.4 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को 5.4 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया। इस दौरान और किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना की सूचना अधिकारियों ने दी। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, भूकंप का केंद्र क्वेटा से 150 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 35 किलोमीटर की गहराई में था। विवरण के अनुसार, भूकंप के झटके राजधानी क्वेटा, नोशकी, चागी, चमन, किला अब्दुल्ला, दलबादीन, पिशिन और प्रांत के कुछ अन्य इलाकों में महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम कार्यालय ने कहा कि भूकंप के झटके पाकिस्तान-ईरान सीमा क्षेत्रों में भी महसूस किए गए।

### भारतीय-अमेरिकी पेशेवरों ने मोदी की जीत के लिए किया हवन

**वाशिंगटन।** सिलिकॉन वैली के भारतीय-अमेरिकी तकनीकी पेशेवरों ने भारत में लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत के लिए एक मंदिर में हवन-पूजन कराया। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) और यूएसए सैन फ्रांसिस्को बे एरिया चैप्टर द्वारा आयोजित हवन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मीडिया के अनुसार, यह केवल एक अनुष्ठान नहीं था बल्कि अधिकांश भारतीयों और प्रवासी भारतीयों की इच्छाओं की पूर्ति के लिए एक सामूहिक आह्वान था।

### सर्जरी के बाद पहली बार केट व प्रिंस विलियम सार्वजनिक रूप से दिखे

**लंदन।** प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी कैथरीन का उनके विंडसर स्थित घर के पास एक दुकान का वीडियो सामने आया है, जो दो महीने पहले केट की पेट की सर्जरी के बाद उनका यह पहला फुटेज है। मीडिया की खबर के मुताबिक बताया गया है कि लंदन के पश्चिम में विंडसर में यह वीडियो शनिवार को बनाया गया। सोमवार को एक छोटा क्लिप जारी किया जिसमें विलियम और केट को मुस्कराते हुए, हाथ में खरीदे गए सामान के थैले लेकर चलते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में केट खुश दिख रही हैं। हालांकि, दोनों के केनसिंगटन पैलेस स्थित कार्यालय ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।

# अरुणाचल पर निराधार तर्क दोहराने से दावों पर वैधता नहीं मिलती: भारत

## विरोध के बावजूद नहीं रुका चीन, रणधीर बोले-भारत का अविभाज्य हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश पर चीन के 'बेतुके दावों' को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'बार-बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा।

जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे 'कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता। बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि राज्य देश का अभिन्न अंग है। नई दिल्ली ने क्षेत्र को 'मनगढ़ंत' नाम देने के बीजिंग के कदम को भी खारिज कर दिया है और कहा है कि इससे वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद चीन नहीं सोया चैन की नींद

9 मार्च को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। यहां तक की बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

### क्या है विवाद

- दोनों देशों में 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि, चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है।
- अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है।
- चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है।
- 1962 के युद्ध में चीन ने अक्साई चिन वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

### चीन ने अरुणाचल के स्थानों के नाम बदले

इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारत चीन की इस हरकत पर पलटवार करता रहा है।

## मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकारा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

अब उनकी जगह झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना के गवर्नर और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी रिलीज के मुताबिक, राधाकृष्णन तेलंगाना-पुडुचेरी में नियमित नियुक्तियां होने तक प्रभार संभालेंगे। गौरतलब है कि तमिलिसाई ने राज्यपाल और उपराज्यपाल पद से इस्तीफे के बाद कहा था कि उनके ऊपर ऐसा करने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का आनंद लिया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि उनका अगला कदम क्या होगा और क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि वह अपनी योजनाओं के बारे में बाद में बताएंगी।

# हनुमान चालीसा बजाने पर दुकानदार को पीटा, हंगामा

बेंगलुरु, एजेंसी

- **बेंगलुरु में व्यापारी पर हमले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन सांसद समेत पांच लोग गिरफ्तार**

बेंगलुरु के नगरथपेटे में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, रविवार को अजान के दौरान अपनी दुकान में हनुमान चालीसा बजाने को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यापारी को बेहरमी से पीटा था, इसको लेकर भाजपा ने विरोध में प्रदर्शन किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का आह्वान किया था, जिसमें लोगों ने 'हनुमान चालीसा' का जाप किया गया था। दरअसल, कुछ युवाओं ने रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में 'अजान' के दौरान लाउडस्पीकर पर मुकेश द्वारा 'हनुमान चालीसा' बजाने पर आपत्ति जताई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया, "हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

बेंगलुरु में मंगलवार को सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता।

दरअसल, बेंगलुरु में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया।

**वायुसेना बनी दूत...**

**लेह:** खराब मौसम के कारण लेह में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अब भारतीय वायु सेना आगे आई है। भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान से हताहतों को एयरलिफ्ट किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस विमान की मदद से घायलों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। बता दें, बर्फ और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से भारतीय वायु सेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है।

## पिता की छोड़ी सीट से आसिफा ने भरा नामांकन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी आसिफा अली जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में कदम रखा है। उन्होंने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल की।

उन्होंने अपनी पिता की छोड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया है। 31 वर्षीय आसिफा पिछले कुछ समय से राजनीति में काफी सक्रिय है, लेकिन उनके पिता और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें अबतक संसदीय राजनीति से दूर रखा था। आसिफा ने रविवार को सिंध प्रांत के शहीद बेंजीराबाद जिले के एनए 207 निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। बता दें कि आसिफ अली जरदारी ने यहां से चुनाव जीता था, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी।

# अवैध निर्माण ढहाने के आदेश में हाईकोर्ट का दखल देने से इनकार

कोलकाता, एजेंसी

- **कोर्ट ने कहा-अनाधिकृत ढांचों पर रोक वाली याचिका पर सामान्य प्रक्रिया से ही होगी सुनवाई**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अवैध इमारतों ढहाने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। अदालत ने कहा कि वह याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं करेगी। याचिका में अनाधिकृत ढांचों को ढहाने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। बता दें कि एक दिन पहले कोलकाता में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढहने से नौ लोगों की मौत हो गई।

जबकि कई लोग घायल हो गए। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने विभिन्न नगर निकायों में कथित अवैध इमारतों को गिराने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से तीन वकील अदालत में पेश हुए। उन्होंने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह ऐसे मामलों की सुनवाई सामान्य प्रक्रिया से ही करेगा। जब एक वकील ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की तो अदालत ने कहा कि वह अभी विध्वंस के किसी भी मामले में सुनवाई की अनुमति नहीं दे रही है। वकील ने दावा किया कि विध्वंस की तारीख 20 मार्च है और अगर मामला बाद में सुनवाई के लिए आता है तो यह पूरी तरह कवायद व्यर्थ हो जाएगी। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा, इसे व्यर्थ ही रहने दें, पहले इंसानों का जीवन बचाया जाए। अदालत दखल नहीं दे रही है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने इसी तरह की परिस्थितियों का दावा करने वाली एक अन्य याचिका पर कहा, विध्वंस जारी रहने दिया जाए। अदालत दखल देने नहीं जा रही है।

# ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : उप राष्ट्रपति हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होना है। इस चुनावी दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टक्कर होती दिख रही है। ऐसे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब ट्रंप पर अमेरिकी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने निशाना साधा है।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए 'खतरा' बताया और रो बनाम वेड को बहाल करने, मतदान के अधिकारों की रक्षा करने और बंदूक हिंसा के मुद्दों को हल करने का संकल्प लिया। एक्स पर हैरिस ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन और मैं फिर से रो को बहाल करेंगे, मतदान अधिकारों की रक्षा करेंगे और अंत में बंदूक हिंसा मुद्दे पर बात करेंगे। इस पर आखिर विरोध क्यों हो रहा है यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के अभियान प्रवक्ता जेम्स सिंगर ने कहा था कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता हूं तो यहां खून-खराबा होगा। कम से कम यह होगा ही। खून-खराबा देश के लिए होने जा रहा है। साल 2021 में जब ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल में जबरन घुस आई थी।

**विज्ञान** लाल ग्रह की धरती पर पैदल चलने को लेकर नासा के वैज्ञानिकों ने शुरू की तैयारी

# मंगल पर 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा इंसान

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लाल ग्रह मंगल की धरती पर पैदल चलने को लेकर वैज्ञानिकों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगल की धरती पर इंसान कितने किमी चल पाएगा। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मंगल पर इंसान शुरुआत में 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा। मंगल बियावान रेत का जंगल है।

जहां पृथ्वी की तरह ऊंचे पर्वत और मैदान हैं। विशाल रेगिस्तान हैं और गड्ढे भी हमारी धरती की तरह ही हैं, लेकिन नही है तो हरियाली है। साथ ही नीले महासागरों का नितांत अभाव है। इसी क्रम में वहा का वातावरण भी हमसे कुछ हद तक जुदा है। जिस कारण मंगल का शुरुवाती चरण बेहद चुनौतीभरा रहने वाला है। मगर शुरुआत तो करनी ही होगी। इस मार्ग पर आने वाली कठिनाइयों को लेकर पूर्व में जानकारी जरूरी होने के कारण वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया है।

इस कड़ी में वैज्ञानिकों का पहला सर्वे मंगल ग्रह के चारों ओर पैदल घूमने में समय का पता लगाना है। जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय के खगोल वैज्ञानिक प्रो एर्डल यिगिट के अनुसार इस दिशा में अनिवार्य रूप से दो मापदंडों पर ध्यान देने की सर्वाधिक जरूरत होगी। जिसमें अंतरिक्ष यात्री की गति और दिशा के साथ और दूरी को शामिल किया गया है। मंगल ग्रह के भूमध्य रेखा के चारों ओर घूमने के लिए लगभग 21400 किलोमीटर चलना होगा। इतनी लंबी यात्रा के लिए कितनी गति से मानव को चलना होगा। किस गति से चलना होगा। वहा की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। ऐसे पड़ाव भी आएंगे, जहां ठंड से गुजरना होगा। पहले अनुमान में यह तय किया गया कि सिर्फ लगभग 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा।



मंगल ग्रह पर इंसान का प्रतिकात्मक चित्र।

### मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन साथ लेकर ही जा सकते हैं

मंगल पर न कोई सड़क होगी न पानी भोजन या वाहन की कोई व्यवस्था होगी। साथ ही ऑक्सीजन की अलग समस्या होगी। लिहाजा इंसान को पर्याप्त ऑक्सीजन, पानी और भोजन साथ लेकर चलना होगा। यह चुनौती उसी प्रकार की होगी, जैसा कि आदि काल में मानव को झेलनी पड़ी थी। लिहाजा उन परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा, जो पृथ्वी पर आदिकाल मे रही थी।

# एच-1बी वीजा पंजीकरण की घोषणा, जारी की गाइडलाइन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय आइटी पेशेवरों में लोकप्रिय अमेरिकी एच-1बी वीजा की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रारंभिक पंजीकरण की तिथि 22 मार्च को खत्म हो रही है। अमेरिकी संघीय एजेंसी ने बताया कि यह सुविधा यूएससीआईएस की साइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों के हजारों एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने सोमवार को बताया कि तय तिथि तक संभावित आवेदकों और कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए हर लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क भुगतान करने के लिए दिए गए ऑनलाइन अकाउंट का उपयोग करना होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति करने की अनुमति देता है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गैर-आप्रवासी कर्मचारियों के लिए फार्म आइ-129 और प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा के लिए आइ-907 फार्म यूएससीआईएस पर आनलाइन उपलब्ध है। यूएससीआईएस ने बताया कि एक अप्रैल से एच-1बी कैप आवेदनों के लिए फार्म की ऑनलाइन आवेदन स्वीकार शुरू कर दिया जाएगा।